# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 29 दिसंबर 2023


## परिवहन विभाग के और भी जिम्मेदार अधिकारी नपेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुना जिले में हुए हादसे को हृदय विदारक बताते हुए दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी है। यादव ने कहा कि मुख्य सचिव को गुना हादसे में अन्य दोषी अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही परिवहन विभाग को दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को कहा गया है। राज्य स्तर से सभी कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश भेजे जा रहे हैं कि यदि बगैर परमिट के वाहन चलते हैं तो सतर्कता बरतें और दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं। परिवहन विभाग के उच्च स्तर के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्यवाही की जाए।

### इन अफसरों को हटाया


गुना कलेक्टर तरुण राठी (मंत्रालय अटैच)


एसपी विजय कुमार खत्री (पीएचक्यू अटैच)


परिवहन आयुक्त संजय कुमार झा (पीएचक्यू अटैच)


प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह (परिवहन)

### इनको मिला प्रभार

- जिला पंचायत सीईओ और कलेक्टर प्रथम कौशिक
- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
- प्रमुख सचिव परिवहन का अतिरिक्त प्रभार एसीएस डॉ. राजेश राजौरा को दिया गया

## मोहन ने चला डाला 'सुदर्शन चक्र': प्रदेश में पहली बार इतना बड़ा और ताबड़तोड़ एक्शन, उच्चस्तरीय जांच के भी आदेश

# हादसे के लिए 'जिम्मेदार' सारे अफसर ही धराशाई

**परिवहन आयुक्त, प्रमुख सचिव परिवहन, कलेक्टर व एसपी को हटाया, आरटीओ व सीएमओ निलंबित**

*सीएम ने सभी कलेक्टर-एसपी को दिए निर्देश- यदि बगैर परमिट के वाहन चलते हैं तो सतर्कता बरतें और दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं*

फायर ब्रिगेड देर से पहुंचने के कारण सीएमओ (चीफ म्युनिसिपल ऑफिसर) बीडी कतरोलिया को नापा गया

इस हादसे से लोगों में इतना आक्रोश था कि जिला अस्पताल में मृतकों एवं लापता लोगों के परिजनों ने हंगामा कर दिया

सीएम डॉ. मोहन यादव घायलों से अस्पताल में मिले मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना, फिर लिया एक्शन





### ये 13 लोग लापता

- सक्षम सिंह पुत्र संजीव सिंह (16) निवासी अंबिका पेट्रोल पंप, आरोन
- मुश्तकीम पुत्र अजीज खान (35) निवासी आरोन
- गणेश पुत्र प्रकाश गिरी (23) निवासी बरबटपुरा, आरोन
- संगीता पुत्री रामकृष्ण ओझा (21) निवासी वकील का बाड़ा, आरोन
- अलीसा पुत्री अजीज खान (9) निवासी राघौगढ़
- अर्जुन पुत्र प्रहलाद गिरी (46) निवासी बरबटपुरा, आरोन
- मनोहर लाल शर्मा निवासी आरोन
- पप्पू उर्फ फूल सिंह पुत्र मानसिंह चंदेल (38) निवासी बमूरिया
- पवन पुत्र हटे सिंह बंजारा (23) निवासी रिजौदा, आरोन
- बलवंत सिंह पुत्र मोहन सिंह ओझा (35) निवासी बारोद
- महेश पुत्र हुकुमचंद निवासी सिलावट
- महेंद्र उर्फ पप्पू पुत्र जमुनालाल यादव (40) निवासी बारोद
- वीरेंद्र सिंह यादव पुत्र सीताराम यादव निवासी कोल्हूपुरा रोड सिसोदिया कालोनी, गुना

### शिनाख्तहीन शवों की पहचान के लिए होगी डीएनए जांच

1 अब राख व हड्डियों के कोयलों से तलाशी जाएगी शवों की पहचान। ऐसे शवों की डीएनए जांच होगी ताकि परिजनों को शवों के अवशेष सौंपे जा सकें।

2 हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी बस हादसे पर दुख जताया

## चार सदस्यीय जांच समिति गठित, तीन दिन में सौंपेगी रिपोर्ट

मुख्यमंत्री यादव के आदेश पर अपर जिला दंडाधिकारी मुकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी गई है। इसमें एडीएम मुकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश सांवले, परिवहन विभाग के अधिकारी और एक सहायक यंत्री को शामिल किया था। समिति तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।



### इनके खिलाफ इन धाराओं में केस

बजरंगगढ़ पुलिस ने बस ऑपरेटर भानुप्रताप सिकरवार, लापता डंपर चालक, लापता बस चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 304, 308, 279, मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66, 192क, 56 और 192 के तहत एफआईआर दर्ज की। यह धाराएं आपराधिक मानव वध की होने के साथ ही आजीवन कारावास से दंडनीय हैं। बिना परमिट और फिटनेस की चल रही यह बस भाजपा के उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह सिकरवार (छुन्ना) के भाई भानु प्रताप सिंह सिकरवार के नाम पर है।


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/गुना


गुना बस हादसे मामले में डॉ. मोहन यादव की सरकार ने ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुना कलेक्टर तरुण राठी और एसपी विजय कुमार खत्री को हटा दिया है। वहीं, परिवहन आयुक्त संजय कुमार झा को हटा दिया गया है।

दोनों की अधिकारियों को पीएचक्यू में अटैच किया गया है। साथ ही प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह से परिवहन विभाग छीन लिया है। पीएस सिंह के पास सिर्फ पीडब्ल्यूडी की ही जिम्मेदारी है। एसीएस डॉ. राजेश राजौरा को परिवहन का प्रभार सौंप दिया है।

## सेमरी घाटी पर हुआ था यह दर्दनाक हादसा बस से 16 यात्री ही सुरक्षित निकल सके

गुना से लगभग 20 किमी दूर गुना आरोन रोड पर सेमरी घाटी पर यह दर्दनाक हादसा हुआ था। गुना से आरोन जा रही सिकरवार बस (एमपी08पी0199) को सामने आए डंपर (एमपी08एचए0443) ने टक्कर मार दी। इसके बाद बस पलट गई और विस्फोट के साथ बस में आग लग गई।

### बस का रजिस्ट्रेशन और बीमा नहीं था

हादसा बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे हुआ। बस गुना से आरोन की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रहे एक डंपर से बस की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस पलट गई और उसमें आग लग गई। दो-ढाई घंटे की मशक्कत के बाद बस में लगी आग पर काबू पाया जा सका। बस का रजिस्ट्रेशन और बीमानहीं था।

## पेट्रोल-डीजल के रेट में बड़ी कटौती की तैयारी

**नई दिल्ली।** चुनावी सीजन में मोदी सरकार एक बार फिर से जनता के लिए तिजोरी खोलने की तैयारी कर रही है। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले देश की जनता को एक बार फिर से सस्ते-पेट्रोल डीजल की सौगात मिल सकती है। बीते दिनों प्रधानमंत्री कार्यालय और वित्त मंत्रालय व पेटोलियम मंत्रालय के उच्च अधिकारियो के बीच इस मुद्दे को लेकर बड़ी बैठक आयोजित की गई है। माना जा रहा है कि सरकार की ओर से जल्द ही इसे लेकर कोई बड़ा ऐलान हो सकता है। सरकार की ओर से पेट्रोल-डीजल के रेट में कटौती कर के जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है।

## 'एक व्यक्ति एक पद सिद्धांत' के तहत कैलाश ने दिया भाजपा महा सचिव पद से इस्तीफा


विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल


प्रदेश की मोहन सरकार में केबिनेट मंत्री बने कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर पार्टी के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। अपने ट्वीट में इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने लिखा कि 'पार्टी के सिद्धांत एक व्यक्ति एक पद' का पालन करते हुए इस्तीफा सौंपा है। कैलाश ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य रहा कि मैंने 9 वर्ष तक पहले अमित शाह और जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में संगठन को गढ़ने के लिए प्राण प्रण से कार्य किया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि खाली महासचिव पद पर पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की नियुक्ति की जा सकती है।










प्राण प्रतिष्ठा से पहले योगी का बड़ा फैसला

# अब अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में नहीं बिकेगी शराब

## आबकारी मंत्री का ऐलान- परिक्रमा मार्ग में लगी दुकानें जल्द हटाई जाएंगी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या से बड़ी खबर आई है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री



नितिन अग्रवाल ने ऐलान किया कि अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब नहीं मिलेगी। इस इलाके में शराब बिक्री को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाएगा। 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र से सभी शराब की दुकानें हटाई जाएंगी। नितिन अग्रवाल राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मुलाकात करने अयोध्या आए हैं। उन्होंने बताया कि श्रीराम मंदिर क्षेत्र में पहले ही शराबबंदी लागू हो चुकी है। अब 84 कोस क्षेत्र में भी शराब नहीं बिक पाएगी। इसके लिए जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं।

### पीएम के दौरे के संबंध में लिया जायजा

हाल ही में अयोध्या आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शराब बिक्री पर रोक लगाने के संकेत दिए थे। पीएम नरेंद्र मोदी के 30 दिसंबर के दौरे पर उनके भव्य स्वागत की तैयारी चल रही है। देशी-विदेशी फूलों और तोरणद्वारों से अयोध्या को सजाया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या व आसपास के जिलों के अलावा पश्चिम बंगाल, मथुरा व सीतापुर के 700-800 कारीगर जुटे हैं। वे दिन-रात काम कर रहे हैं।



### इन जिलों से होकर गुजरता है परिक्रमा मार्ग

84 कोसी परिक्रमा पांच जिलों बस्ती, गोंडा, अयोध्या, बाराबंकी और अंबेडकरनगर से होकर गुजरती है। परिक्रमा पथ पर चार नैशनल हाइवे हैं। यह मार्ग एनएच 28, एनएच 27, एनएच 135 , एनएच 330 बीकापुर, इनायतनगर से जुड़ता है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में 500 से ज्यादा शराब की दुकानें हैं जिन्हें अब हटाया जाएगा। नितिन अग्रवाल ने स्पष्ट किया है कि ये बंदी सिर्फ 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर रहेगी न कि पूरे अयोध्या महानगर में नहीं।

### 9 किमी की दूरी में बनाए जा रहे 12 प्रवेश द्वार

पीएम मोदी दौरे को लेकर एयरपोर्ट बाईपास से फोरलेन धर्मपथ, साकेत पेट्रोल पंप हनुमानगढ़ी के रास्ते 9 किमी से अधिक दूरी तय करने में दो दर्जन से अधिक तोरणद्वार बनाए जा रहे हैं। यहां रेलिंग व डिवाइडर को फूलों व बुके से सजाया जाएगा। अयोध्या के बालकृष्ण सैनी टीम के साथ काम में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 1,44,000 क्विंटल फूल लगाए जाएंगे। इनमें कोलकाता से गेंदा की लड़ी, कानपुर व दिल्ली से अशोक की पत्ती, दिल्ली व बेंगलुरु से विदेशी फूल आएंगे। इनमें आर्केड, कार्नेसन, टाटा रोज, स्टार, डेली, जरबेरा के साथ ही विक्टोरिया, सन ऑफ इंडिया, पैराग्रास, मनोकोमली, चाइना पत्ती, घोड़ापाम, एरिका पान आदि से सजावट की जाएगी। गेंदा, गुलाब, रजनीगंधा, कनेर, डहेलिया आदि फूल से भी रास्तों को सजाया जाएगा।

**700-800 कारीगर दिन रात कर रहे काम**

सैनी ने बताया कि उनकी टीम के 700-800 कारीगर रात दिन काम में लगे हुए हैं। इसमें मथुरा-वृंदावन के 250, सीतापुर के 250, बंगाल के 150 कारीगर और 75 स्थानीय कारीगर हैं।

---

## नागपुर की रैली से सियासी संदेश देना चाह रही कांग्रेस, राज्य की 48 सीटों पर नजर

# आरएसएस के गढ़ से कांग्रेस ने भरी हुंकार विचारधारा की लड़ाई को बनाया आधार

कांग्रेस लगातार दो लोकसभा चुनाव हार चुकी है और हाल ही में पांच राज्यों के चुनाव में उसे दो राज्यों में अपनी सरकार भी गंवानी पड़ी है। कांग्रेस अपने इतिहास में सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। अपना आधार जमाने के लिए महाराष्ट्र को चुना है...

एजेंसी ▶▶ नागपुर

कांग्रेस लोकसभा चुनाव का अभियान नागपुर से गुरुवार को शंखनाद कर दिया है। कांग्रेस का गुरुवार को 139वां स्थापना दिवस है। इस दौरान पार्टी नागपुर में होने वाली विशाल रैली को ऐतिहासिक बनाने में जुटी हुई है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दुर्ग नागपुर में कांग्रेस चुनावी अभियान का आगाज कर आगामी लोकसभा चुनाव का एजेंडा सेट करने का प्लान बनाया है। इस महारैली को राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संबोधित किया जबकि प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी का दौरा रद्द हो गया है। लोकसभा चुनाव में महज 3 से 4 महीने का ही वक्त बाकी है। कांग्रेस लगातार दो लोकसभा चुनाव हार चुकी है और हाल ही में पांच राज्यों के चुनाव में उसे दो राज्यों में अपनी सरकार भी गंवानी पड़ी है। कांग्रेस अपने इतिहास में सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। पार्टी के तमाम बड़े नेता साथ छोड़कर जा चुके हैं और सियासी आधार भी खिसक गया है।

**139** वां स्थापना दिवस पर आगामी लोकसभा चुनाव का प्लान बनाया

सोनिया गांधी और प्रियंका नहीं पहुंचीं

### कांग्रेस के लिए यह चुनाव करो या मरो... हैं हम तैयार



कांग्रेस के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव करो या मरो स्थिति वाला बन गया है। यही वजह है कि भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस ने तमाम विपक्षी दलों के साथ मिलकर इंडिया गठबंधन का गठन किया है। कांग्रेस ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सत्ता को गंवाने के बाद भाजपा के वैचारिक संगठन आरएसएस के गढ़ से रैली करके 2024 के चुनावी अभियान की शुरुआत करने की स्ट्रेटेजी बनाई है।कांग्रेस यह बताने की कोशिश में है कि वह वैचारिक स्तर पर भाजपा से लड़ने के लिए 'हैं हम तैयार' नारा दिया।

**कांग्रेस का यहां खास फोकस**

उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा लोकसभा सीटें महाराष्ट्र में आती हैं। यूपी में 80 और उसके बाद महाराष्ट्र में 48 लोकसभा सीटें हैं। कांग्रेस ने महाराष्ट्र में शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे के शिवसेना के साथ हाथ मिला रखा है। राज्य में मराठा आरक्षण की चुनौती से भाजपा पहले ही जूझ रही है और अब ओबीसी भी जातिगत जनगणना की डिमांड कर रहे हैं।

### कुर्सियों के पीछे लगाया बारकोड

रैली में कुर्सियों के पीछे एक बारकोड लगाया गया है। इस बारकोड के जरिए कांग्रेस समर्थक दान दे सकते हैं। यह जानकारी खुद कांग्रेस पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी है। उस बारकोड को स्कैन कर आप 138 , 1380 , 13800 र, 138000 रुपए या उससे अधिक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को दान स्वरूप दे सकते हैं।

### पित्रोदा ने ईवीएम पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने ईवीएम पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि



लोकसभा चुनावों से पहले अगर ईवीएम को ठीक नहीं किया गया तो भाजपा 400 से ज्यादा सीटें जीत सकती है। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव भारत के भाग्य का फैसला करने वाला होगा। पित्रोदा ने राम मंदिर को लेकर कहा कि उनकी टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया।

### पार्टी अपनी विचारधारा से नहीं झुकेगी: खरगे

राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि स्थापना दिवस पर हम सब मिलकर देश को एक संदेश देना चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी अपने विचारधारा से कभी भी नहीं झुकने वाली है और अपने विचारधारा से आगे बढ़ेगी। यही संदेश हम नागपुर से देना चाहते हैं। पवन खेड़ा ने भी कहा कि नागपुर एक ऐतिहासिक जगह है। कांग्रेस की जड़ें यहीं से मजबूत हुईं, यहीं से उत्पन्न हुई और यहीं से आगे बढ़ी।

### कांग्रेस लगा रही भाजपा पर आरोप

महाराष्ट्र पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का कहना है कि वह संघ की जमीन पर रैली करके भाजपा को कड़ा जवाब देंगे। रैली में 247 प्रमुख नेता, अधिकांश सांसदों और 600 में से लगभग 300 विधायकों के शामिल होना बताया है। लाखों लोगों के भी आने की बात कही है। चव्हाण का कहना है कि भाजपा सरकार बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की आत्महत्या सहित तमाम समस्याओं को हल करने और लोगों को राहत देने में विफल रही है। कांग्रेस इस रैली के जरिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को कड़ा मैसेज देना चाहती है। यही वजह है कि रैली के लिए नागपुर को चुना गया है।

### आम चुनाव की थीम और मुद्दों का ऐलान भी किया

कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने कहा, एक संगठन जो नफरत पैदा करता है और फैलाता है, वह नागपुर में स्थित है। कांग्रेस पार्टी यह दिखाएगी कि भारत में नफरत खत्म होनी चाहिए और हमें प्रत्येक भारतीय के लिए प्यार और स्नेह फैलाना चाहिए, यही संदेश है। कांग्रेस ने नागपुर महारैली के लिए तैयार हैं हम स्लोगन भी दिया है।

कांग्रेस की रैली पर भाजपा का पलटवार

### संविधान से खिलवाड़...'कांग्रेस बचाओ-राहुल लाओ'



**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस की आहूत 'संविधान बचाओ-देश बचाओ' रैली को लेकर पलटवार किया है। भाजपा ने इसे 'कांग्रेस बचाओ-राहुल लाओ' करार देते हुए कहा कि संविधान के साथ बार-बार खिलवाड़ करने वाली कांग्रेस जब संविधान बचाओ का नारा देती है। प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ.देवेंद्र भसीन ने कहा कि कांग्रेस ने विभाजन से लेकर 70 साल तक देश का जो नुकसान किया है।कांग्रेस ने संविधान के साथ खिलवाड़ किया है। आपातकाल और निर्वाचित पूर्ण बहुमत की विपक्षी सरकारों को गिराया।

---

पार्किंग को लेकर टकराव दिखा



# सरेआम भिड़े टीएमसी नेता और मंत्री, तिवारी की पिटाई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बेनर्जी के मंत्री और पार्टी के नेता सरेआम आपस में भिड़ गए और एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। पार्किंग को लेकरटीएमसी के भीतर टकराव के बाद हावड़ा का क्रिसमस कार्निवल बुधवार को बंद कर दिया गया था, फिर सीएम ममता के आदेश पर कार्निवल शुरू हुआ था।

उस निर्देश के बाद खेल राज्य मंत्री मनोज तिवारी कार्निवल के दौरान सूबे के कद्दावर मंत्री अरुप विश्वास के सामने ही उलझ पड़े। गुरुवार को मंत्री अरुप विश्वास कार्निवल में गए थे। तिवारी ने कहा, मैं सीएम को सब कुछ बताऊंगा। यह कार्निवल मेरे कहने से बंद नहीं हुआ है। पार्किंग का मामला इसलिए सामने आया, क्योंकि मैंने पैसे ले रहे शख्स को रंगे हाथ पकड़ लिय था। लोग कार्निवल में प्रवेश के लिए 5 रुपए का भुगतान करेंगे और पार्किंग के लिए प्रति घंटे 10 रुपए का भुगतान करेंगे, यह भी देखा जाना चाहिए।

### दोनों के बीच शीतयुद्ध चल रहा

कथित तौर पर मनोजने हावड़ा नगर परिषद के अध्यक्ष सुजय चक्रवर्ती को धक्का दे दिया। इसे लेकर दोनों के बीच तन गई और कथित तौर पर दोनों के समर्थकों के बीच मारपीट भी हुई। हालांकि बाद में अरुप विश्वास ने हस्तक्षेप किया और मामला को शांत करने की कोशिश की। अब तक दोनों के बीच शीतयुद्ध चल रहा था, लेकिन गुरुवार को शीतयुद्ध सरेआम युद्ध में बदल गया। सुजय चक्रवर्ती, मनोज तिवारी कार्निवल परिसर में तब पहुंचे जब ममता कार्निवल शुरू करने का आदेश दिया था। मंत्री विश्वास भी आये और उसके बाद दोनों के समर्थक आपस में भिड़ गए।

### हर परिवार में समस्याएं होती हैं.....

तिवारी बंगाल के पूर्व क्रिकेटर हैं और फिलहाल खेल राज्य मंत्री हैं, जबकि विश्वास राज्य के मंत्री हैं। विश्वास के सामने ही मंत्री और पार्टी के नेता आपस में भिड़ गए हैं।इस घटना के बाद अरुप विश्वास, मनोज तिवारी और सुजय चक्रवर्ती के बीच बैठक हु। बैठक के बाद अरुव विश्वास कहा ने कहा कि हर परिवार में समस्या होती है। उनके शब्दों में मनोज और सुजय को साथ मिलकर काम करना चाहिए। हर परिवार में समस्याएं होती हैं।

---

## खबर संक्षेप

### चोर एटीएम समेत 24 लाख रु. लेकर भागे


**जयपुर।** राजस्थान के नागौर जिले में नकाबपोश चोरों ने एक एटीएम



को चुरा लिया। इसमें 24 लाख रुपए थे, जिसे उखाड़ ले गए। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। बदमाशों ने श्रीबालाजी थाना क्षेत्र के जोधियासी गांव के एसबीआई के एटीएम को उखाड़ा।

### संसद सुरक्षा चूक: मांगी पॉलीग्राफ की इजाजत

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक मामले में दिल्ली पुलिस



आरोपियों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है। पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी दाखिल की टेस्ट की इजाजत मांगी गई है। 2 जनवरी को कोर्ट सुनवाई करेगा। सभी आरोपी पुलिस की हिरासत में हैं।

### मंडी में 2 बसों में भिड़ंत चालक की मौत

**मंडी।** किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर पडगल के पास गलत दिशा से



आ रही कार और एचआरटीसी बस में टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई। एचआरटीसी बस सरकाघाट से दिल्ली की ओर जा रही थी। पडगल के पास पहुंची तो वहां पर मंडी भराड़ी पुल पर एक कार गलत दिशा में आ रही थी।

---

मुर्मू ने अपनी सहमति दी

# कार्बी युवा महोत्सव:स्वर्ण जयंती में राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कार्बी युवा महोत्सव के स्वर्ण जयंती पर समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समारोह असम के कार्बी आंगलोंग जिले के तारालांगसो में 12-19 जनवरी तक कार्बी पीपुल्स हॉल, तारालांगसो दीफू में आयोजित किया जाएगा।कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद (केएएसी) के मुख्य कार्यकारी सदस्य तुलीराम रोंगहांग ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 17 जनवरी 2024 को कार्बी युवा महोत्सव के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी सहमति जताई है।



### शामिल होंगे कई गणमान्य

कार्बी युवा महोत्सव के अवसर पर विभिन्न राज्यों के गणमान्य की उपस्थित जिनमें असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया,मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान,नगालैंड के राज्यपाल ला गणेशन,असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा, नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

---

देश के कई राज्यों में ठंड और कोहरे के संबंध में अलर्ट

# भीषण सर्दी से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सभी स्कूल बंद

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में भीषण ठंड का प्रकोप है। गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। स्कूलों में हर साल 1 जनवरी से 14 जनवरी तक छुट्टियां रहती हैं।

इस बार इसमें 3दिन का इजाफा हो गया है। दोनों ही जिलों में 29 और 30 दिसंबर को स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है, जबकि 31 को रविवार है। परिषदीय स्कूलों में 31 से 14 जनवरी तक शीत कालीन अवकाश रहेगा। 15 जनवरी से स्कूल अपने निर्धारित समय पर खुलेंगे।



### 22 ट्रेनें ,134 फ्लाइट्स लेट

कोहरे का असर ट्रेनों और विमान के परिचालन पर भी पड़ा है। दिल्ली एयरपोर्ट पर करीब 134 फ्लाइट्स के परिचालन में देरी हुई है। इनमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही विमान शामिल हैं। घने कोहरे का असर इसी तरह ट्रेनों पर भी पड़ा है। दिल्ली में करीब 22 ट्रेनें देर से चल रही हैं।

---

मद्रास हाईकोर्ट का फैसला

# मुस्लिमों को चार बीवी रखने की छूट, समान व्यवहार रखें

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि भले ही इस्लामिक कानूनों में मुस्लिम शख्स को 4 शादियां करने की अनुमति हो, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वे अपनी पत्नियों से गैर-बराबरी का व्यवहार करे। उसे समान अधिकार देने होंगे और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। अगर पति ऐसा नहीं करता है तो उसे क्रूरता समझा जाएगा।

जस्टिस आरएमटी टीका रमन और पीबी बालाजी की पीठ ने फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि पति और उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने पहली पत्नी के साथ गलत व्यवहार रखा और उसका उत्पीड़न किया। कोर्ट ने शादी खत्म करने का आदेश दिया है।



### कोर्ट ने उत्पीड़न की बात स्वीकारी

महिला ने बताया था कि उसके पति ने अन्य महिला से शादी कर ली और उसके साथ ही रह रहा है। उसके साथ पति का व्यवहार गलत है और प्रेगनेंसी के दौरान उसका उत्पीड़न हुआ था। महिला ने पति, सास और ननद पर आरोप लगाए थे।

---

सरकार और उल्फा संगठन के बीच आज होगा शांति समझौता

# उल्फा के हजारों काडर आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ेंगे

## गृह मंत्री अमित शाह की ऐतिहासिक पहल, पूर्वोत्तर में शांति की पहल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार और उल्फा संगठन के बीच शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। यह भारत सरकार के पूर्वोत्तर में शांति प्रयास की दिशा में यह एक बहुत बड़ा कदम है।

उल्फा कई सालों से उत्तर पूर्व में सशस्त्र सुरक्षा बलों के खिलाफ हिंसात्मक संघर्ष कर रहा था। इस शांति समझौते पर हस्ताक्ष के बाद उल्फा के हजारों काडर आत्मसमर्पण करेंगे और मुख्य धारा में शामिल होंगे।

**खास बातें**

- गृहमंत्री शाह के इस कदम से लौटेगी यहां पर शांति
- उल्फा संगठन कई वर्षों से हिंसा में रहा था शामिल

### समझौता ज्ञापन पर आज हस्ताक्षर होंगे



यह समझौता शुक्रवार को नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में शाह की मौजूदगी में होगा। इस मौके पर भारत सरकार, असम सरकार और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के प्रतिनिधियों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। पिछले 1 साल से भारत सरकार इस शांति समझौते पर कार्यरत थी और उल्फा के शीर्ष नेता जिसमें अनूप चेतिया भी शामिल है उसे भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी वार्ता कर रहे थे। शाह की पहल पर यह अहम समझौता हो रहा है।

### सरकार के लिए यह काफी महत्वपूर्ण मामला

यह समझौता भारत सरकार के लिए बहुत अधिक मायने रखता है और इसका उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्य में दीर्घकालिक शांति बहाली का लक्ष्य है।

समझौते के समय असम के मसीएम हिमंत बिस्वा सरमा और उल्फा के वार्ता समर्थक गुट के एक दर्जन से अधिक शीर्ष नेता मौजूद रहेंगे। इस समझौते में लंबे समय से चले आ रहे सभी मुद्दों का ध्यान रखा जाएगा। देश के पूर्वोत्तर राज्यों सक्रिय उग्रवादी संगठन उल्फा का गठन 1979 में हुआ था और इसकी सबसे प्रमुख मांग संप्रभु असम की थी। यह लगातार हिंसक और तोड़फोड़ की गतिविधियों में शामिल रहा। इसे 1990 में प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया गया था।

### दोनों पक्षों के बीच कई दौर की चर्चा पूरी

शांति समझौते का माहौल बनाने और उसके लिए संगठन को राजी करने के लिए लंबे समय से प्रयास हो रहे थे। इधर, बीते एक हफ्ते से इसको लेकर दिल्ली में संगठन और सरकार के बीच बातचीत हो रही थी। राजखोवा गुट के दो लीडर अनूप चेतिया और शशधर चौधरी नई दिल्ली में सरकारी वार्ताकारों के संपर्क में थे।

---

कोरोना के जेएन1. वैरिएंट में बढ़ोतरी

# एक दिन में छह मरीजों की मौत, 702 नए मामले मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कोरोना एक बार फिर से दहशत फैलाने लगा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी है कि देश में एक दिन में कोविड 19 के 702 मामले सामने आए हैं। इस आंकड़े को मिलाकर देश भर में संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 4,097 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों को विशेष सतर्क रहने को कहा है। मंत्रालय ने सुबह 8 बजे तक के जो



आंकड़े जारी किये हैं उसके मुताबिक पिछले 24 घंटे की अवधि में 6 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें दो महाराष्ट्र से वहीं कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में एक-एक मरीज की मौत हो गई है।

### बढ़ती सर्दी के साथ संक्रमितों के मामले बढ़े

इससे पहले 22 दिसंबर को देश में कोविड के सबसे ज्यादा 752 नए मामले दर्ज किए गए थे। हालांकि 5 दिसंबर तक कोविड के रोजाना मामलों की संख्या घटकर घटने लगी थी लेकिन बढ़ती सर्दी के चलते नए वैरिएंट के संक्रमण के मामले फिर से बढ़ गए हैं। लोगों को सतर्क किया गया है।

जबलपुर, शुक्रवार 29 दिसंबर 2023 ■ पौष मास कृष्ण पक्ष-03 ■ वर्ष : 18, अंक : 237 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 24, न्यून. 08 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## घने कोहरे ने रोक दी सेमी हाईस्पीड ट्रेन की रफ्तार

# 15 घंटे से ज्यादा लेट हुई वंदे भारत ट्रेन



*नई दिल्ली।* *पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में भीषण ठंड के साथ घना कोहरा देखने को मिल रहा है। कोहरे की वजह से सड़कों पर दुर्घटनाए बढ़ गईं हैं, तो वहीं उड़ान सेवाओं पर भी असर देखने को मिला है। दिल्ली से वाराणसी (बनारस) जाने वाली नई वंदे भारत ट्रेन अपने निर्धारित समय से 15 घंटे की ज्यादा की देरी चल रही है। बुधवार को रात 11 बजकर 05 मिनट पर वाराणसी पहुंचने वाली वंदे भारत ट्रेन (22416) गुरुवार को दिन में 03:30 तक बजे तक नहीं पहुंच सकी है, जबकि वाराणसी से सुबह छह बजे चलने वाली वंदे भारत ट्रेन (22415) बुधवार को रात में 09 बजे के बाद नई दिल्ली पहुंची।*

## उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं के असर और दिन में बादल छाने से सर्दी बढ़ने लगी

**आज से डब्ल्यूडी दिखाएगा असर, कहीं अति घना कोहरा, कहीं बादल, बारिश**

**भोपाल में भी बादलों का असर बढ़ेगा, सोमवार से मंगलवार के बीच बारिश की उम्मीद**



### प्रदेश में सबसे अधिक दिन का पारा ग्वालियर में 10 डिग्री गिरकर 15.7 डिग्री पर रहा, जो सामान्य से 7.6 डिग्री कम

# अब दिन 'ठिठुरने' लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अब दिन के तापमान में गिरावट और रात के पारे में उछाल शुरू हो गया है। प्रदेश में सबसे अधिक दिन का पारा ग्वालियर में 10 डिग्री गिरकर 15.7 डिग्री पर रहा, जो सामान्य से 7.6 डिग्री कम है। उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं के असर और दिन में बादल छाने से ग्वालियर सहित आसपास के इलाकों में सर्दी का असर बढ़ गया है। शुक्रवार से कई जिलों में बादल, अधिकतम तापमान में और गिरावट होगी।

**प्रदेश में सबसे कम रात का पारा आंवरी में 5.8 डिग्री रहा, जबकि सबसे अधिक दिन का पारा खरगोन और मंडला में 29.2 डिग्री रहा है।**

**दिन में कहां बढ़ी सर्दी?**

ग्वालियर के बाद खजुराहो में दिन का पारा सबसे ज्यादा 6 डिग्री गिरा। इसके अलावा नौगांव 4, सतना, सिवनी डेढ़ डिग्री, छिंदवाड़ा, टीकमगढ़, नरसिंहपुर एक डिग्री तक गिरकर पूर्वी मप्र में औसत तापमान 26 डिग्री तक रहा। रात के तापमान में सबसे अधिक बढ़त दतिया और रीवा में 3 डिग्री तक रही। पूरे प्रदेश में दिन का औसत तापमान 26.6 डिग्री रहा, जबकि रात का औसत पारा 11. 3 डिग्री रहा। आज से दिन के तापमान में और कमी आएगी।

**अब प्रदेश में बादल घना कोहरा**

आज से ग्वालियर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दतिया, भिंड, मुरैना आदि जिलों में अति घना कोहरा रहेगा। यहां विजिबिलिटी 50 मीटर से कम यानि शून्य रहेगी। रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, दमोह में मध्यम से घना कोहरा, दृश्यता 500 मीटर तक रहेगी। वहीं शिवपुरी, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, सागर में हल्के से मध्यम कोहरा रह सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेशी युवक जबलपुर से गिरफ्तार

**भोपाल।**- ग्वारीघाट थाना क्षेत्र के पोलीपाथर में एक 30 साल का युवक बीते 11 साल से छिपकर रह



रहा था। युवक बांग्लादेश का रहने वाला है और 2009 में वीजा लेकर आया पर लौटकर वापस नहीं गया। युवक का नाम रपन विश्वास है, जिसने आधार और पेन कार्ड भी बनवा लिया था। पासपोर्ट के लिए अप्लाई किया। जिसके बाद खुलासा हुआ।

### मोबाइल मांगा तो पति की आंख में कैंची घोंपी

**बागपत।** यूट्यूब पर गाना सुनने के लिए पत्नी से उसका मोबाइल मांगना पति को महंगा पड़ गया।



पत्नी से मोबाइल मांगने पर उसने अपने पति की आंख में कैंची घोंप दी। दोनों में पहले मोबाइल को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद महिला ने कैंची से अपने पति की आंख पर हमला कर दिया। पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

### सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** गुरुवार को बाजार नए रिकॉर्ड पर पहुंचा। माना जा रहा है कि अमेरिका का सेंट्रल बैंक



अगले साल मार्च से ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। इससे दुनिया के बाजारों में तेजी आई है। भारतीय बाजार में भी इसका असर दिखा। सुबह 9.50 बजे बीएसई सेंसेक्स 337 अंक यानी 0.46 परसेंट की तेजी के साथ 72,370 अंक पर पहुंच गया।

**फैसले के 63 दिन बाद राहत :** भारत सरकार के प्रयास रंग लाए, इन पूर्व नौसैनिकों को कानूनी मदद मिलती रहेगी

# कतर में अब 8 भारतीयों को नहीं होगी फांसी, सजा उम्रकैद में बदली



*मामला पहली बार 30 अगस्त 2022 को सामने आया जब कतर की खुफिया एजेंसी 'राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो' ने आठ पूर्व नौसेना अधिकारियों को गिरफ्तार किया। 26 अक्तूबर 2023 को कतर के कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टांस द्वारा सभी आठ पूर्व नौसैनिकों को सजा की मौत सुनाई थी।*

**भारत ने पिछले महीने इस सजा के खिलाफ कतर में अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कतर की एक अदालत ने जासूसी के एक कथित मामले में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को बड़ी राहत दी है।



विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को दी गई मौत की सजा को रोक दिया गया है।जासूसी के एक कथित मामले में गिरफ्तार किए गए भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर की अदालत ने अक्तूबर में मौत की सजा दी थी।

**परिजनों ने दोहा में की थी मुलाकात**

नवंबर 2022 को आठ पूर्व अधिकारियों के परिवारों वालों ने दोहा में भारतीय दूतावास के अधिकारियों से मुलाकात की। इसके बाद भारतीय दूतावास ने कहा था कि वे कतर में भारतीय नागरिकों के किसी भी जरूरी कांसुलर मुद्दे या शिकायतों का निवारण करने के लिए तैयार हैं। जनवरी 2023 में कतर में भारतीय राजदूत दीपक मित्तल ने आठ पूर्व भारतीय नौसैनिक अधिकारियों से मुलाकात की थी।

**जनवरी 2023 में भारतीय राजदूत दीपक मित्तल ने इन अधिकारियों से मुलाकात की थी।**



पीएम की कतर शासक शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात हुई थी

**अब आगे क्या करेगा भारत ?...कानून टीम से होगा विचार-विमर्श**

विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनकी टीम डिटेल्ड फैसले की प्रतीक्षा है और वह अगले कदम के बारे में फैसला करने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में है। इस मामले की कार्यवाही की प्रकृति गोपनीय और संवेदनशील होने की वजह से इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

**पनडुब्बी कार्यक्रम पर कथित रूप से जासूसी करने का शक**

*26 अक्तूबर को कतर की राजधानी दोहा में अल दहरा कंपनी के आठ सेवानिवृत्त भारतीय कर्मचारियों को मौत की सजा सुनाई गई थी। यह फैसला कतर के कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टांस द्वारा सुनाया गया था। इन सभी पर पनडुब्बी कार्यक्रम पर कथित रूप से जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। सेवानिवृत होने के बाद ये सभी नौसैनिक कतर की निजी कंपनी दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजी एवं कंसल्टेंसीज सर्विसेज में काम कर रहे थे। यह कंपनी कतरी एमिरी नौसेना को ट्रेनिंग और अन्य सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी खुद को कतर रक्षा, सुरक्षा एवं अन्य सरकारी एजेंसी की स्थानीय भागीदार बताती है।*

### विदेश मंत्रालय ने कहा- कतर के अधिकारियों के समक्ष मामला उठाते रहेंगे



इसके लिए विदेश मंत्रालय विस्तृत फैसले का इंतजार कर रहा है। एमईए ने इस विषय में एक बयान जारी कर कहा कि हमने दहरा ग्लोबल मामले में कतर की अपील अदालत के फैसले पर गौर किया है, जिसमें सजाएं कम कर दी गई हैं। एमईए ने कहा कि अदालत ने जब फैसला सुनाया, तब कतर में हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी अदालत में मौजूद थे। हम मामले की शुरुआत से ही उनके साथ खड़े हैं और हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम इस मामले को कतर के अधिकारियों के समक्ष भी उठाना जारी रखेंगे।

**जमीन खरीद-फरोख्त का मामला**



# ईडी के 'आरोप पत्र' में प्रियंका गांधी का नाम

**हरियाणा में पांच एकड़ जमीन की कथित खरीद फरोख्त का मामला**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में पांच एकड़ जमीन की कथित खरीद फरोख्त को लेकर पहली बार कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम ईडी के आरोपपत्र में शामिल किया गया है। प्रियंका के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा का भी इस चार्जशीट में शामिल है। हालांकि, उनमें से किसी को भी आरोपी के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया है। ईडी की चार्जशीट एक एनआरआई बिजनेसमैन सीसी थंपी और भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक सुमित चड्ढा के खिलाफ दायर की गई थी। ईडी का मानना है कि उन्होंने भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी की मदद की, जिस पर कानूनों के साथ ही आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप है।

**चार्जशीट में रियल एस्टेट एजेंट संग प्रियंका के लेन-देन का जिक्र**

*केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रियंका वाड्रा के दिल्ली स्थित रियल एस्टेट एजेंट एचएल पाहवा के साथ लेन-देन का जिक्र चार्जशीट में किया है। अप्रैल 2006 में फरीदाबाद के अमीपुर गांव में प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम पर एक घर कथित तौर पर खरीदा गया था। उसी समय यह जमीन पाहवा को वापस बेच दी गई थी। पाहवा वही एजेंट हैं, जिनसे प्रियंका वाड्रा ने कथित तौर पर 2005 और 2006 के बीच अमीपुर में 40.8 एकड़ जमीन खरीदी थी और दिसंबर 2010 में उसे वापस बेच दी थी। इसी तरह की डील थंपी के साथ भी की गई थी। उनको जनवरी 2020 में गिरफ्तार किया गया था। थंपी ने 2005 और 2008 के बीच एचएल पाहवा से उसी गांव में 486 एकड़ जमीन खरीदी थी। दावा है कि उनके थंपी के साथ गहरे संबंध थे।*

**कार्यों को पूरा करने लगे 4,000 से अधिक लोग**

# गर्भगृह में पीएम मोदी सहित मौजूद रहेंगे सिर्फ पांच लोग

◆ **प्रधानमंत्री मोदी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की अध्यक्षता करेंगे**

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। दुनिया भर के राम भक्त राम मंदिर उद्घाटन को लेकर उत्साह से भरे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, प्राण प्रतिष्ठा के समय पांच लोग गर्भगृह में मौजूद रहेंगे।



पीएम मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ गर्भगृह में मौजूद रहेंगे। इनके अलावा संघ प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्य आचार्य गर्भगृह में मौजूद रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पर्दा बंद रहेगा।

**नागपुर रैली में राहुल गांधी ने कहा**

# भाजपा सांसद मुझसे कहते हैं अब यहां 'सहा' नहीं जाता

एजेंसी ▶▶ नागपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में एक रैली को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में आज दो विचारधारा की लड़ाई है, विचार और सत्ता की लड़ाई है, लड़ाई की बुनियाद विचारधारा है। उन्होंने एक भाजपा सांसद का जिक्र करते हुए कहा कि वह कुछ दिन पहले मुझसे लोकसभा में मिले थे। कई सांसद कांग्रेस में हुआ करते थे। वह छिपकर मुझसे मिलते थे और कहते थे कि राहुलजी आपसे बात करनी चाहिए। जब मैंने उनसे पूछा कि तुम तो भाजपा में हो, सब कुछ ठीक है, तो इसके जवाब में




उन्होंने कहा कि अब यहां सहा नहीं जाता। हमारी कोई नहीं सुनता। राहुल ने कहा भाजपा में राजाओं की विचारधारा है, यहां ऊपर से आए आदेश का पालन होता है। लेकिन कांग्रेस में सभी को बोलने की आजादी है। आजादी की लड़ाई देश की जनता ने लड़ी थी। राजा-महाराजाओं ने नहीं लड़ी थी। लोगों को लगता है कि आजादी की लड़ाई अंग्रेजों और राजा-महाराजाओं के खिलाफ थी। कांग्रेस ने गरीब जनता के लिए लड़ाई लड़ी। हिंदुस्तान की जनता के कोई अधिकार नहीं थे, महिलाओं के कोई अधिकार नहीं थे। ये आरएसएस की विचारधारा है। हमने ये बदला है। उन्होंने आरोप लगया कि ये लोग फिर से देश को उसी दौर में ले जाना चाहते हैं।

***2021 की घटना अब सामने आई: इसकी रिपोर्ट ट्रैविस काउंटी की हेल्थ अथॉरिटीज के साथ-साथ संघीय अधिकारियों को पेश की गई थी***

**फैक्ट्री में खराबी के बाद एक रोबोट ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर पर हमला कर दिया**

# आफत में एलन मस्क! टेस्ला की फैक्ट्री में इंसान पर रोबोट ने किया हमला, हर तरफ दिखा 'खून ही खून'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अरबपति कारोबारी एलन मस्क एक बार फिर आफत में पड़ते दिखाई दे रहे हैं।

कार कंपनी टेस्ला के मालिक सवालों के घेरे में हैं और इसकी वजह है उनकी फैक्ट्री में एक रोबोट द्वारा इंजीनियर पर किया गया हमला। अमेरिका के टेक्सास स्थित टेस्ला की फैक्ट्री में खराबी के बाद एक रोबोट ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर पर हमला कर दिया। इस इंजीनियर को काफी चोट आईं और फैक्ट्री में फर्श पर खून ही खून बिखरा दिया। जिस रोबोटिक मशीन ने इंजीनियर पर हमला किया, उसे एल्युमिनियम कार के हिस्सों को पकड़ने के लिए डिजाइन किया गया था। लेकिन इस रोबोट में कुछ खामी आई और इसने पास खड़े व्यक्ति को पकड़ लिया। यह सॉफ्टवेयर इंजीनियर उस समय दो अन्य रोबोट के लिए सॉफ्टेवयर प्रोग्रामिंग सेट कर रहा था।



**रोबोट से होने वाले खतरों में इजाफा**

*इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली कंपनी टेस्ला ने हालांकि इस मामले पर कोई बयान देने से इनकार कर दिया। टेस्ला बिक्री के मामले में दुनिया में सबसे आगे है। मस्क की इस ईवी कंपनी ने 2023 में दुनियाभर में 18.2 लाख वाहन बेचे जो 2022 की तुलना में 37 फीसदी ज्यादा है। गौर करने वाली बात है कि पिछले कुछ समय में रोबोट से होने वाले खतरों में इजाफा हुआ है। कई कंपनियों में रोबोट के कारण लगने वाली चोट और शतरंज खिलाड़ी की अंगुली तोड़ने से जुड़ी घटनाएं 2023 में पता चलीं।*

**मुरैना में दो मोटरसाइकिलों की भयंकर भिड़ंत**

# टक्कर के बाद हवा में उछले और दूर जा गिरे 6 लोग, 3 की मौत, ग्वालियर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया है। भिंड जिले के 6 युवक गुरुवार की सुबह दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिहोनियां से गुजर रहे थे। इस दौरान दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त हुई कि सभी छह लोग दूर-दूर जाकर गिरे। इस भीषण दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई और तीसरे युवक को ग्वालियर



रेफर किया तो रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना सिहोनियाँ थाना क्षेत्र स्थित खड़ियाहर के पास की है। इस दुर्घटना में घायल हुए दो अन्य लोगों को उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**राहगीरों ने दी पुलिस को सूचना**

दो बाइकों के टकराने के बाद सभी छह लोग उछल कर दूर जा गिरे थे। राहगीरों ने सिहोनियां थाना पुलिस को फोन किया। पुलिस ने मौके पर देखा तो मजबूत सिंह की मौत हो चुकी थी। वहीं अन्य घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां अभिषेक सिंह की मौत हो गई। रिंकू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य लोगों को ग्वालियर रेफर किया गया।

# बस के ब्रेक फेल होते ही 22 यात्रियों की थमी सांसें, चालक ने बचा ली जान

एजेंसी ▶▶ चंपावत

समझदारी हर एक मोर्चे पर काम आती है। समझदारी ही थी जिसके कारण उत्तराखंड के एक बस चालक ने 22 यात्रियों की जान बचा ली। अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता।उत्तराखंड के पिथौरागढ़-टनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में स्वांला के पास एक बड़ा हादसा होने से बच गया। रोडवेज बस के ड्राइवर की समझदारी से बस में सवार 22 यात्रियों की जान बच गई। दरअसल, बुधवार को टनकपुर डिपो की बस पिथौरागढ़ से टनकपुर की ओर जा रही थी। दोपहर एक बजे बस चंपावत से टनकपुर की ओर निकली तो स्वांला के पास अनियंत्रित हो गई। बस में बैठे यात्रियों को ब्रेक फेल होने का पता चलते ही चीख-पुकार मच गई। हालांकि, ड्राइवर ने बस को पहाड़ी से टकरा दिया, जिसके बाद बस रुक गई। बस में सवार सभी यात्रियों ने राहत की सांस ली।



**खास बातें**

- पहले भी कई चालकों ने बचाई है जान
- अंतिम सांस तक यात्रियों को बचाने की कोशिश

*बुधवार को टनकपुर डिपो की बस पिथौरागढ़ से टनकपुर की ओर जा रही थी। दोपहर एक बजे बस चंपावत से टनकपुर की ओर निकली तो स्वांला के पास अनियंत्रित हो गई। जैसे ही बस में बैठे यात्रियों को इसका पता चला तो चीख-पुकार मच गई। इससे पहले भी ऐसी कई घटनाएं हैं जिसमें यात्रियों की जान सिर्फ चालक या परिचालक की सूझबूझ के कारण बच पाई है*

### बस के ब्रेक-स्टीयरिंग दोनों एक साथ हुए फेल, फिर भी बचा ली जान



उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में जिला मुख्यालय से गुरुवार को वाराणसी के लिए सवारी लेकर जा रही एक प्राइवेट बस बड़े हादसे का शिकार होते-होते बची। कुछ मशीनरी से जुड़ी गड़बड़ी के कारण बस का स्टीयरिंग और ब्रेक दोनों फेल हो गया। इस दौरान चालक ने अपनी सूझबूझ से बड़े हादसे को टाल दिया। हाल ही इस घटना में ड्राइवर की सूझबूझ से बस में सवार 30 यात्रियों की जान बच गई। गाजीपुर प्राइवेट बस स्टैंड से बहादुर बस सर्विस की बस बनारस के लिए यात्रियों को लेकर जा रही थी। सैदपुर नई सड़क त्रिमुहानी के पास बस का गियर बॉक्स का क्रॉस टूट गया। ऐसा होने की वजह से स्टेरिंग और ब्रेक काम करना बंद कर दिया।

### फिर भी नहीं छोड़ा स्टीयरिंग

इसी साल अक्टूबर में ओड़िशा के एक बस ड्राइवर की सूझबूझ की चर्चा पूरे देश में हुई। भुवनेश्वर जा रही बस कंधमाल जिले के पबुरिया गांव के पास चालक सना प्रधान को गाड़ी चलाते समय सीने में दर्द होने लगा तो उन्होंने तुरंत बस को दीवार से टकरा दिया। इससे बस में सवार 48 यात्रियों की जान बच गई। बस चालक प्रधान को जब अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में एक चलती रोडवेज बस के ड्राइवर को हार्ट अटैक आ गया।




### दर्दनाक बस हादसे में एक दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत

*वहीं, आपको बता दें कि मध्य प्रदेश के गुना में बुधवार रात दर्दनाक बस हादसा हुआ है। आरोन जा रही बस तेज रफ्तार डंपर से टकरा गई और इस बस में आग लग गई। बस में करीब 30 से 40 यात्री सवार थे जिसमें 13 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं 17 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में बस चालक की भी मौत हो गई। यात्रियों के मुताबिक ड्राइवर और कंडक्टर शराब के नशे में थे।बताया जा रहा है कि बुधवार रात सिकरवार बस सर्विस की खटारा बस गुना से आरोन जा रही थी।*

## खबर संक्षेप

### मस्जिद गिराने के प्रस्ताव पर ओवेसी का विरोध



**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नई दिल्ली नगर पालिका परिषद कार्यालय को एक पत्र लिखकर सुनहरी मस्जिद को हटाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि मस्जिद हटाने के प्रस्ताव को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

### जम्मू कश्मीर में ओबीसी आरक्षण शामिल



**जम्मू।** लोकतांत्रिक संस्थानों में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए इसमें ओबीसी की परिभाषा को शामिल किया गया है। इसके लिए संशोधन को मंजूरी दे दी गई है। पंचायती राज अधिनियम में एससी और एसटी के अलावा अब ओबीसी को भी आरक्षण दिया।

### जापान में 6.3 तीव्रता का आया भूकंप, हानि नहीं



**टॉक्यो।** जापान में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। कुरिल द्वीप में आए भूकंप की तीव्रता 6.3 तीव्रता मापी गई। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 3 दिन में तीसरी बार भूकंप आया है।

## मुंबई हमले का मास्टरमाइंड

# भारत ने की आतंकी हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग

*पुलवामा हमले का भी आरोपी है आतंकी सईद*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

भारत ने पाकिस्तान से लश्कर ए तैयबा के संस्थापक और खूंखार आतंकी हाफिज सईदी को सौंपने की मांग की है। पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से ये खबर आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत ने हाफिज सईद के प्रत्यर्पण के लिए पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय से औपचारिक मांग की है। बता दें कि हाफिज सईद पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड है।



भारत सरकार ने पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय से हाफिज सईद को भारत प्रत्यर्पित करने की कानूनी कार्रवाई शुरू करने की अपील की है। हालांकि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई एक्शन नहीं लिया है।

### भारत का मोस्ट वॉन्टेड आतंकी

बता दें कि हाफिज सईद एक पाकिस्तानी आतंकी और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा का संस्थापक है और जम्मू कश्मीर में कई आतंकी घटनाओं में हाफिज सईद शामिल रहा है। भारत में वह मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल है। साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले और पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड भी हाफिज सईद ही है। कुछ साल पहले तक हाफिज सईद पाकिस्तान में खुला घूम रहा था और अपने संगठन के लिए चंदा जुटा रहा था लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद साल 2019 में हाफिज सईद को पाकिस्तान में गिरफ्तार किया गया और आतंक के वित्त पोषण के आरोप में उसे 15 साल की सजा सुनाई। बीते साल भी पाकिस्तान की अदालत ने हाफिज को आतंक के लिए पैसे जुटाने के आरोप में 31 साल जेल की सजा सुनाई थी।

### चुनाव लड़ रही हाफिज सईद की पार्टी

अमेरिका ने भी हाफिज सईद को आतंकी घोषित किया हुआ है और उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम घोषित किया हुआ है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हाफिज सईद भले ही कथित तौर पर जेल में बंद है लेकिन पाकिस्तान में अगले साल होने वाले आम चुनाव में उसकी पार्टी पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रही है। हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद भी लाहौर सीट से पार्टी का उम्मीदवार है। पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग प्रतिबंधित संगठन जमात उद दावा की राजनीतिक शाखा है।

## भारत की ताकत! जयशंकर से मिलने के लिए पुतिन ने तोड़ा प्रोटोकॉल

# पुतिन का मोदी को रूस आने का न्यौता कहा- रूस-भारत के बीच मजबूत रिश्ते

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस की पांच दिनों की यात्रा पर पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। राष्ट्रपति व्लादिमीर के साथ बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार में 50 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित किया। जयशंकर ने आगे विकास की संभावना और अधिक टिकाऊ रिश्ते की आवश्यकता पर जोर दिया। पुतिन ने गर्मजोशी के साथ जयशंकर से मुलाकात की और भारतीय पीएम मोदी को अगले साल रूस आने का न्यौता दिया। इस दौरान पुतिन ने कहा कि अगला साल चुनाव के लिहाज से भारत के लिए बहुत व्यस्त रहने वाला है। चुनाव के लिए उन्होंने मोदी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चुनावी जीत किसी की भी हो, भारत-रूस के रिश्ते मजबूत और स्थिर बने रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सहयोग के प्रमुख पहलुओं को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री ने कुडनकुलम परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर करने पर प्रकाश डालते हुए परमाणु क्षेत्र पर चर्चा की। उन्होंने परमाणु ईंधन आपूर्ति पर एक महत्वपूर्ण समझौते को अंतिम रूप दिए जाने का खुलासा किया, जो परमाणु क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग में प्रगति का संकेत देता है।

*जयशंकर ने आगे विकास की संभावना और अधिक टिकाऊ रिश्ते की आवश्यकता पर जोर दिया। पुतिन ने गर्मजोशी के साथ जयशंकर से मुलाकात की और भारतीय पीएम मोदी को अगले साल रूस आने का न्यौता दिया।*



### भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार में 50 अरब अमेरिकी डॉलर प्रगति



### पुतिन ने ऐसे तोड़ दिया प्रोटोकॉल

*रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कुछ ऐसा किया जिसकी उम्मीद कम ही की जाती है। दरअसल, पुतिन सभी प्रोटोकॉल तोड़ते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिले और उन्होंने पीएम मोदी को रूस आने का न्योता भी दिया। आमतौर पर पुतिन केवल अपने समकक्ष से ही इस तरह वन टू वन मुलाकात करते हैं। इससे पहले वो इसी तर्ज पर भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मिलकर परंपरा तोड़ चुके हैं।*

### विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा

*एस जयशंकर ने राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इसकी जानकारी जयशंकर ने एक्स पोस्ट में दी, उन्होंने कहा, `आज शाम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं दीं और एक निजी संदेश सौंपा। इस बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि पीएम मोदी शांतिपूर्ण तरीके से रूस-यूक्रेन विवाद को हल करने की कोशिश कर रहे हैं। हमने कई मौकों पर इसका बार-बार उल्लेख किया। उन्होंने भारत-रूस संबंधों पर बात करते हुए कहा कि हम उर्जा से लेकर प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में एक साथ हैं। हम पेट्रोल के साथ-साथ उच्च तकनीकी क्षेत्र में भी साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में काफी उथल-पुथल के बावजूद रूस और भारत के रिश्ते मजबूत हो रहे हैं।*

### रूस के विदेश मंत्री मर्गेई लावरोव से की मुलाकात

*इससे पहले भारतीय विदेश मंत्री ने रूस के विदेश मंत्री मर्गेई लावरोव से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने रणनीतिक साझेदार के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्थिति और समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही इंडो-पैसिफिक, यूक्रेन संघर्ष, गाजा स्थिति, अफगानिस्तान और मध्य एशिया, ब्रिक्स, एससीओ, जी20 और संयुक्त राष्ट्र पर विचारों का आदान-प्रदान किया।दोनों के बीच द्विपक्षीय बैठक में लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने जी 20 की अध्यक्षता कर अपनी विदेश नीति की ताकत को साबित कर दिया।*

# चालोंस वाट्री हवाई अड्डे पर 4 दिन रुकने के बाद 25 भारतीय यात्रियों को किया मुक्त

नाबालिगों को बाल कल्याण सेवा केंद्र में रखा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस में राजनीतिक आधार पर शरण के लिए आवेदन करने वाले 25 यात्रियों को मंगलवार को कथित तौर पर मुक्त कर दिया गया और उनमें से पांच को नाबालिग होने के कारण बाल कल्याण सेवा केंद्र में रखा गया। ये यात्री शरण के लिए फ्रांस में रूक गए थे।

फ्रांसिसी मीडिया ने जानकारी दी, पेरिस के पास चालोंस-वाट्री हवाई अड्डे पर चार दिन रुकने के बाद ये 25 यात्री उस उड़ान में शामिल नहीं थे, जो सोमवार दोपहर को मुंबई के लिए रवाना हुआ था। फ्रांस से भारत रवाना हुई उड़ान के 276 यात्रियों में से अधिकतर भारतीय थे।अभियोजकों के हवाले से कहा गया कि स्थानीय न्यायाधीश ने इस आधार पर ''औपचारिक'' रूप से उन्हें मुक्त करने आदेश दिया कि फ्रांस के चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर सीमा पुलिस के प्रमुख ने कानून द्वारा निर्धारित समय-सीमा में मामले को उनके पास नहीं भेजा था। फ्रांस में राजनीतिक आधार पर शरण के लिए आवेदन करने वाले 25 यात्रियों को 26 दिसंबर को कथित तौर पर मुक्त कर दिया गया और उनमें से पांच को नाबालिग होने के कारण बाल कल्याण सेवा केंद्र में रखा गया।



ये 25 लोग उन करीब 300 यात्रियों में से थे जो पिछले सप्ताह दुबई में रोमानियाई कंपनी लीजेंड एयरलाइंस द्वारा संचालित विमान में सवार हुए थे। वे निकारागुआ जाने वाले थे, लेकिन 21 दिसंबर को पूर्वोत्तर फ्रांस के वेट्री हवाई अड्डे पर ईंधन भरने के दौरान गुप्त सूचना के बाद विमान को चार दिनों के लिए रोक दिया गया।

### दो लोगों से तस्करी के संबंध

*फ्रांस में रुके लोगों में से दो लोगों से पुलिस ने संदिग्ध लोगों की तस्करी के संबंध में पूछताछ की। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ मानव तस्करी का आरोप हटा दिया गया क्योंकि यह स्थापित हो गया था कि यात्री अपनी मर्जी से विमान में सवार हुए थे।*

## स्वीकार किया नामांकन

# नवाज शरीफ दो सीटों से लड़ रहे हैं आम चुनाव

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ क्या आठ फरवरी को होने वाला आम चुनाव लड़ सकेंगे? इस सवाल से गुरुवार को पर्दा उठ गया। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने नवाज शरीफ के नामांकन पत्र को स्वीकार कर लिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन लगे प्रतिबंध के बाद सवाल खड़े होने लगे थे।

### मानसहरा से उतरे

दबता दें कि चुनाव आयोग को 73 वर्षीय नवाज शरीफ की उम्मीदवारी पर कोई आपत्ति नहीं है और उनका नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया गया है। ऐसे में नवाज शरीफ लाहौर और खैबर पख्तूनख्वा के मानसहरा शहर से चुनावी मैदान में नजर आएंगे। मानसहरा को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का गढ़ माना जाता है, यहां पर अन्य पार्टियों को एएड़ी से चोटी तक का जोर लगाना पड़ेगा।



## कांग्रेस को दिखाई आंखें

# पं. बंगाल में हम ही करेंगे 'लड़ाई' का नेतृत्वः ममता



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

लोकसभा चुनाव 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी के सामने विपक्षी इंडिया गठबंधन का फेस कौन होगा, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों के नेता चाहते हैं कि उनकी पार्टी के चीफ को पीएम उम्मीदवार घोषित किया जाए।

इस सबके बीच पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कांग्रेस को आंखे दिखा दी हैं। बेनर्जी ने बड़ा बयान दिया है, जो सीट शेयरिंग की तरफ इशारा कर रहा है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने उत्तरी 24 परगना में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन देशभर में भाजपा से मुकाबला करेगा।

### कांग्रेस और भाजपा पर साधा निशाना

ममता बेनर्जी ने कहा कि माकपा, भाजपा और कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में गठबंधन बनाया है और सक्रिय रूप से हमारे खिलाफ प्रचार कर रहे हैं। विपक्षी इंडिया गठबंधन नेशनल स्तर पर भाजपा का मुकाबला करेगा जबकि पश्चिम बंगाल में भाजपा के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व टीएमसी करेगी। ममता बेनर्जी ने उत्तर 24 परगना जिले में बांग्लादेश मूल के लोगों की बड़ी आबादी तक पहुंच बनाने के उद्देश्य से भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए नागरिकता के मुद्दे में हेरफेर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले जिलाधिकारी नागरिकता से जुड़े मामलों का फैसला करते थे, लेकिन अब उनसे ये शक्तियां छीन ली गई हैं। यदि लोगों के पास नागरिकता नहीं होगी, तो वे सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ कैसे उठा पाएंगे?

### नागरिकता के नाम पर गुमराह करने का आरोप

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में इस लड़ाई का नेतृत्व उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस करेगी। इस दौरान ममता बनर्जी ने भाजपा पर नागरिकता के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सियासी फायदे के लिए नागरिकता के मुद्दे का इस्तेमाल कर रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि भारत अब एक ऐसा लोकतंत्र है जो केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संचालित हो रहा है।

## अरुणाचल में दुनिया की सबसे ऊंचाई पर स्थित है यह सबसे लंबी सुरंग

# सेला टनल बनकर तैयार, नए साल में मिलेगा तोहफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए वर्ष में देशवासी एक बार फिर से ऐतिहासिक क्षण के गवाह बनने जा रहे हैं। बहुप्रतीक्षित और दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बन रही सबसे लंबी सुरंग (13000 फीट) का काम लगभग पूरा हो गया है। डबल लेन वाली यह ऑल वेदर टनल अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामिंग और तवांग जिले को जोड़ेगा। एलएसी तक पहुंचने वाला यह एकमात्र रास्ता है। माइनस 20 डिग्री के तापमान में रात-दिन इसका काम जारी है। बॉर्डर रोड आर्गेनाजेशन (बीआरओ) की देखरेख में बन रही यह सुरंग पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उदाहरण है।

### रणनीतिक महत्व

- सेला दर्रा (पास) 317 किलोमीटर लंबी बालीपारा-चाहरद्वार-तवांग सड़क पर है।

  यह अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग को तवांग को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला एकमात्र सड़क है।
- तवांग सेक्टर में एलएसी तक पहुंचने का एक मात्र रास्ता।
- हर मौसम में रहेगा खुला। भारतीय सेना और आमजन को होगी सहूलियत
- सेना तीव्र गति से पहुंचेगी


संजौली-ढल्ली टनल



*शिमला। हिमाचल प्रदेश स्थित संजौली-ढल्ली टनल का सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने इसका उद्घाटन किया। 154.22 मीटर लंबी यह सुरंग 47.36 करोड़ की लागत से बनी है।*

### बीआरओ की देखरेख में बन रही यह सुरंग पूरी

#### पश्चिम कामिंग और तवांग जिले को जोड़ेगी यह ऑल वेदर टनल




*कुल टनल प्रोजेक्ट की लंबाई है 11.84 किलोमीटर : टनल प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 11.84 किलोमीटर है। इसमें टनल और सड़कें शामिल हैं। पश्चिम कमिंग जिले (बैसाखी) की तरफ 7.2 किलोमीटर चलने के बाद हम टनल-1 में प्रवेश करते हैं। इसकी लंबाई करीब 1 किलोमीटर है। इसके बाद एक सड़क आती है, जिसकी लंबाई 1.2 किलोमटर है। इसके बाद आती है टनल-2 की जिसकी लंबाई 1.591 किलोमीटर है। टनल से निकलने के बाद तीसरी सड़क है, जो नूरानंग की तरफ निकलती है।*

## मार्च तक पूरा हो जाएगा काम

# आईटी पार्क की नई बिल्डिंग देगी ढाई हजार रोजगार

जबलपुर।

आईटी पार्क के लिये बन रही दूसरी बिल्डिंग का काम अंतिम चरण में है। सबकुछ ठीक रहा तो इसका लोकार्पण मार्च के पहले कर दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक एक लाख 20 हजार वर्गफीट क्षेत्रफल की दूसरी टेक्नोपार्क बिल्डिंग का निर्माण पूरा हो गया है, फिनिशिंग वर्प जारी है। इसमें एक साथ 25 छोटी और बड़ी कंपनियां काम करेंगी, जिससे हजारों स्थानीय युवाओं को काम मिलेगा। जो कंपनियां यहां काम करेंगी, उनके हिसाब से फिनिशिंग वर्प होगा।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कारपोरेशन (एमपीएसईडीसी) ने हाउसिंग बोर्ड से दूसरी टेक्नोपार्क बिल्डिंग का निर्माण कराया है। इस इमारत को बनकर छह माह पहले ही तैयार हो जाना था लेकिन तकनीकी बाधाओं के चलते काम में देरी हो गई थी। अब अंतिम दौर का काम बचा है। जिम्मेदारों का कहना है कि मार्च के पहले काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद कंपनियां अपना काम शुरू कर सकती हैं। इनके आवंटन के लिए अभी से बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं। अनुमान के मुताबिक नये फेज के लोकार्पण के बाद करीब ढाई हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।



### सभी छह मंजिलों के स्लैब पूरे

बरगी हिल्स आईटी पार्क की दूसरी टेप्ननोपार्क इमारत को निर्माण एजेंसी मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड मार्च तक एमपीएसईडीसी को हेंडओवर करेगा। जानकारी के मुताबिक सभी छह मंजिलों पर स्लैब पड़ चुका है। अभी फिनिशिंग वर्क हो रहा है। इसमें फर्श बनाना, टाइल्स लगाना, लिफ्ट का काम और रंगाई-पुताई के साथ ही बिजली और पानी के लिए अंडरग्राउंड लाइन पर काम होगा। इस काम को पूरा करने के लिए 31 मार्च तक का समय दिया गया है।

### आईटी कंपनियां जबलपुर हो रही आकर्षित

आईटी कंपनियां ऐसे स्थान को प्राथमिकता देती हैं, जहां सेटअप कास्ट कम हो और दक्ष युवाओं की टीम आसानी से उपलब्ध हो। इसी उद्देश्य के साथ जबलपुर में आईटी पार्क की शुरुआत की गई थी। जबलपुर के आईटी पार्क की पहचान पूरे देश बढ़ी है। माना जा रहा है नई बिल्डिंग में कई राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय कंपनिया अपना काम शुरु कर सकती है। जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को काम मिलेगा, साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा होगा।




# शहर में दो स्थानों पर लगे शिविर

**जबलपुर**। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गुरुवार को भी शहर में दो स्थानों जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में तिलक भूमि तलैया तथा जबलपुर केंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मुखर्जी चौक में शिविरों का आयोजन किया गया । दोनों शिविरों में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक शामिल हुये तथा केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ लेने अपना पंजीयन कराया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को आयोजित शिविरों में से तिलक भूमि तलैया में लगे शिविर में विधायक अभिलाष पांडे भी शामिल हुये। उन्होंने शिविरों को सम्बोधित किया तथा शिविरों में शामिल हुये नागरिकों से चर्चा की और मौके पर ही योजनाओं के हितलाभों का वितरण भी किया। इस अवसर पर देश को वर्ष-2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार करने की शपथ नागरिकों को दिलाई गई । शिविरों में प्रचार रथ के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को केन्द्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं नवाचारी योजनाओं से देश में हुये विकास से अवगत कराया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को आयोजित शिविरों में पार्षद श्रीमति रजनी कैलाश साहू, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर, दामोदर सोनी, श्रीमती सावित्री शाह गोड आदि मौजूद रहे । आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजना के अलग-अलग स्टॉल इन शिविरों में लगाये गये।शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने, आधार लिंकिंग, आधार अपडेशन एवं आधार रजिस्ट्रेशन के लिये भी स्टॉल लगाये गये थे। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शुक्रवार 29 दिसम्बर को शहर में दो स्थानों आईटीआई चुंगी नाका में तथा गोकलपुर सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया है। नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखड़े ने क्षेत्र के नागरिकों से इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

**आज आईटीआई चुंगी नाका व गोकलपुर सामुदायिक भवन में लगेंगे शिविर**

# नर्मदा पूजन के बाद नये कुलपति ने संभाला कार्यभार

जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय के नव नियुक्त कुलपति डॉ. राजेश वर्मा ने गुरुवार सुबह सपरिवार ग्वारीघाट में नर्मदा पूजन किया। जिसके बाद रादुविवि पहुंचकर उन्होंने पदभाग ग्रहण किया और कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र से चार्ज लिया। इस दौरान कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा भी मौजूद थे। नवनियुक्त कुलपति डॉ. राजेश वर्मा ने कहा कि मेरा फोकस युवाओं को बेहतर भविष्य देना होगा। डॉ. राजेश वर्मा ने कहा कि, पाठ्य़क्रम ऐसा हो जो युवाओं को बेहतर भविष्य के लिए आगे बढ़ाए। हमें युवाओं को शासकीय नौकरी वाली मानसिकता से बाहर निकालकर नौकरी देने वाला बनाना है। यही मंशा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी है। गौरतलब है कि अलग अलग कारणों से लम्बा टलने के बाद 18 दिसम्बर को नये कुलपति के नाम की घोषणा हुई थी।



डॉ. राजेश वर्मा वर्तमान में इंदौर के अलट बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य विभाग में प्रोफेसर हैं।

# नई उम्मीद, नए संकल्प के साथ मनाया कांग्रेस स्थापना दिवस

## सनातन सबको जोड़ने की संस्कृति : महापौर जगतबहादुर सिंह

जबलपुर।

कांग्रेस के 139 वें स्थापना दिवस पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किये गये। जहां कांग्रेस जनों ने नई उर्जा और उम्मीद के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम में शहीद स्मारक में हुआ। जहां सुबह 11 झंडावंदन से शुरु हुआ कार्यक्रम दोपहर 2 बजे तक जारी रहा। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस की यात्रा, वर्तमान हालात में उसके भविष्य पर विचार व्यक्त किये। यहां कांग्रेस जनों ने नई उर्जा के साथ लोकसभा चुनाव में उतरने का संकल्प लिया और कांग्रेस की विचार धार के प्रति समर्पित रहने का का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में महापौर एवं नगर अध्यक्ष ने कहा कि हम कांग्रेस के लोग इस बात पर गर्वित हैं कि भारतीय सनातन संस्कृति सबको जोड़ने की संस्कृति है। कांग्रेस की विचारधारा भी सबको साथ लेकर चलने की है। आज इस समारोह में जो कांग्रेसी एकत्रित हैं वे सभी समाज में सबको साथ मिला कर चलने वाले लोग हैं। आज 138 वर्ष पूरे होने और 139 वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर सभी कांग्रेसजन अपने-अपने स्तर पर कोई 138 रुपए तो कोई 1380 तो कोई 13 हजार 800 तो कोई एक लाख आठ हजार आठ सौ रुपए जमा कर रहा है जो कि पार्टी के फंड में जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, हाजी मोहम्मद कदीर सोनी, दिनेश यादव सहित कांग्रेस के मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभागों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम शहरवासी उपस्थित रहे।




## डुमना नेचर पार्क में तेंदुआ सफारी बनाना हाईकोर्ट के स्थगन आदेश का होगा उल्लंघन

**जबलपुर**। डुमना नेचर पार्क में टाईगर सफारी बनाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका में मप्र हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश जारी किया है। वन्य प्राणी अधिनियम के शेडुल्ड 1 में टाईगर के साथ तेंदुआ को भी शामिल किया गया है। अतः यह स्थगन आदेश तेंदुआ सफारी पर भी लागू होगा। अतः डुमना नेचर पार्क में तेंदुआ सफारी नहीं बनाए क्योंकि इससे हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन होगा। यह पत्र याचिकाकर्ता डॉ.पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने गुरुवार को महापौर को भेजा है। पत्र में बताया कि ऐसी सफारी बनाने हेतु राष्ट्रीय टाईगर संरक्षण प्राधिकरण तथा वन्य प्राणी बोर्ड की अनुमति लेना अनिवार्य है, लेकिन इन दोनों संस्थाओं ने अनुमति नहीं प्रदान की है। डुमना हवाई अड्डा इस नेचर पार्क से सटा हुआ है। इस कारण एयरपोर्ट एथॉरिटी ने टाईगर सफारी को अनुमति प्रदान नहीं की है। हाईकोर्ट ने खंदारी तालाब के केचमेंट क्षेत्र में निर्माण पर स्थगन आदेश जारी किया है। तेंदुआ सफारी निर्माण इस केचमेंट क्षेत्र में ही आता है। इस कारण से भी हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन होगा।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने नौ शिक्षकों को जारी किये कारण बताओ नोटिस

जबलपुर।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बिना सूचना दिये शाला से अनुपस्थित पाये जाने पर तथा अध्यापन कार्य के प्रति लापरवाही बरतने की प्राप्त शिकायतों पर नौ शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किये हैं तथा जवाब नहीं मिलने पर असंचयी प्रभाव से दो-दो वेतन वृद्धि रोकने की चेतावनी दी है। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने गत दिवस शहपुरा विकासखंड के ग्राम भमकी स्थित शासकीय एकीकृत शाला का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये, विलंब से आये तथा अध्यापन कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले इस शाला के सात शिक्षकों माध्यमिक शिक्षक ब्रजेश पटेल, प्राथमिक शिक्षक शकुन्तला सिंगौरे, प्राथमिक शिक्षक प्रफुल्ल कुमार पाण्डेय, प्राथमिक शिक्षक मीना आम्रवंशी, सहायक शिक्षक उमा रजक, माध्यमिक शिक्षक गगन दुबे एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक मनीषा विश्वकर्मा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये तथा सात दिन के भीतर इसका जवाब देने के निर्देश दिये गये है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि तय समय सीमा के भीतर तथा संतोषजनक उत्तर न मिलने पर इन शिक्षकों की असंचयी प्रभाव से दो-दो वेतन वृद्धि रोकी जायेगी।इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मंझौली विकासखंड के ग्राम गौरा नेगई स्थित शासकीय हाई स्कूल के दो शिक्षकों को भी दो-दो वेतन वृद्धि रोकने कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये हैं तथा सात दिन के भीतर जवाब तलब किया गया है। इन शिक्षकों में सहायक शिक्षक विज्ञान की ऋषि परोहा एवं विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती आशा वर्मा शामिल है। सहायक शिक्षक ऋषि परोहा को विद्यालय का शैक्षिक कार्य नहीं करने, असहयोग करने एवं विद्यालय की छवि खराब करने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जबकि विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य को वर्ष 2023-24 में वार्षिक परीक्षा परिणाम 27 प्रतिशत रहने, शैक्षणिक कार्य में लापरवाही बरतने तथा छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति के लिये कोई प्रयास नहीं करने की वजह से कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

## गरीब रथ में तीन दिन और लगेगा एक अतिरिक्त थ्री-टायर वातानुकूलित कोच

**जबलपुर**। रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 12187/12188 जबलपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-जबलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस में दोनों दिशाओं में तीन दिन और थ्री-टायर वातानुकूलित कोच लगाने का निर्णय लिया गया है। अब यह कोच 12187 में आगामी 03 जनवरी 2024 तक तथा 12188 में 04 जनवरी 2024 तक लगाया जाएगा। गाड़ी संख्या 12187 जबलपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस गरीब रथ एक्सप्रेस में प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर स्टेशन से दिनांक 30 दिसम्बर 2023, 01 एवं 03 जनवरी 2024 को तीन दिन और लगेगा ६ इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 12188 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - जबलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस में प्रारंभिक स्टेशन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से दिनांक 31 दिसम्बर 2023, 02 एवं 04 जनवरी 2024 को गन्तव्य के लिए तीन और लगाया जाएगा।

# जबलपुर के विकास की गति को और तेजी से आगे बढ़ाएंगे: राकेश सिंह

जबलपुर।

मप्र के कैबिनेट मंत्री के रूप में जो जिम्मेदारी मुझे नेतृत्व ने दी है उसमे निश्चित तौर पर मप्र के समूचे भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार मुझे अपने दायित्व का निर्वहन करना ही होगा किंतु मैं इस बात का विश्वास दिलाता हूं कि जबलपुर के हितों की चिंता करते हुए जिस द्रुत गति से जबलपुर का विकास हो रहा है उसमे किसी तरह की कमी नहीं होगी और जबलपुर और महाकौशल तेजी के साथ विकास के रास्ते पर दौड़ेगा, यह बात मप्र के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री एवं पश्चिम क्षेत्र से विधायक श्री राकेश सिंह ने मंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। श्री सिंह का सड़क मार्ग से शहर आगमन हुआ इसके पश्चात उन्होंने सिद्धघाट ग्वारीघाट में जीवनदायिनी माँ नर्मदा जी के दर्शन पूजन कर अपने उपास्य प्रातस्मरणीय परम्‍ पूज्य श्री श्रीबाबाश्री जी के श्रीचरणों में पूजन अर्चन कर नमन किया।



इसके बाद श्री सिंह ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर महापुरुषों को नमन किया और वहां से श्री सिंह सिविल लाइन स्थित निज निवास पहुंचे जहां कार्यकर्ताओ, शुभचिंतकों एवं जनता से भेंट की। श्री सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में जबलपुर के सभी जनप्रतिनिधि कंधे से कंधा मिलाकर जबलपुर को तेजी से विकास के रास्ते पर आगे ले जायेंगे। श्री सिंह ने कहा कार्यकर्ता होने के नाते हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम सभी अपने अपने क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का झंडा लहराए और पिछली बार तो मप्र में भाजपा की सरकार नहीं थी तब भी हम 29 में से 28 लोकसभा की सीट जीते थे और इस बार हम लोकसभा के चुनाव में 29 में से 29 सीटे जीतेंगे और पुन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार 2024 में बनेगी।

### महापुरुषों को दी पुष्पांजलि

श्री सिंह ने जबलपुर आगमन पर मां नर्मदा पूजन के उपरांत भाजपा संभागीय कार्यालय पहुंचकर महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया साथ ही भाजपा के पितृ पुरुष श्रद्धेय श्री कुशाभाऊ ठाकरे जी एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय श्री सुंदरलाल पटवा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर संगठन निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया।

बिजनेस साइट

## एग्रेसिव हाइब्रिड फंड तेजी वाले बाजारों में इक्विटी और डेट का सबसे अच्छा मिक्स क्यों प्रदान करते हैं?

जबलपुर। पिछले कई महीनों से भारतीय शेयरों में लगातार तेजी आ रही है। ऐसे ऊंचे स्तरों पर, बाजार आरामदायक एंट्री प्वाइंट प्रदान नहीं करते हैं। ब्याज दरें चरम पर पहुंचने के करीब हैं और बांड यील्ड्स भी शिखर की तरफ बढ़ रहे हैं। इसलिए, औसत से अधिक जोखिम उठाने की क्षमता वाले निवेशकों के लिए, जो विभिन्न प्रकार के उपकरणों के मिश्रण के साथ व्यवस्थित रूप से अपनी संपत्ति बढ़ाना चाहते हैं, इक्विटी से मिलने वाले लाभ और उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली निश्चित आय की स्थिरता को देखते हुए, आक्रामक हाइब्रिड फंड एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं।



अमित बशानी
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, जबलपुर

**इक्विटी और डेट का अनुकूल मिश्रण**

बाजार नियामक के पास आक्रामक हाइब्रिड फंडों के लिए एक जनादेश है जिसके तहत इन योजनाओं को अपने पोर्टफोलियो का 65-80 प्रतिशत इक्विटी में और शेष 20-35 प्रतिशत बांड या डेट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करना पड़ता है।

एग्रेसिव हाइब्रिड फंड मार्ग के माध्यम से इक्विटी और डेट के मिश्रण में निवेश करने पर कई लाभ होते हैं।

सिंगल फंड के माध्यम से विविधीकरणः एग्रेसिव हाइब्रिड फंड में निवेश करने से यह सुनिश्चित होगा कि आपको एक ही फंड के माध्यम से इक्विटी और डेट- दो एसेट वर्गों - में निवेश करने को मिलेगा। एसेट आवंटन आसान बना दिया गयाः उन निवेशकों के लिए जो अधिक इक्विटी चाहते हैं, लेकिन डेट के मिक्स के साथ, एग्रेसिव हाइब्रिड फंड में निवेश करना एक उपयुक्त विकल्प है।

फ्लेक्सिबल मेंडेटः उन स्टॉक और बॉन्ड पर कोई प्रतिबंधात्मक नियम-शर्त नहीं हैं जिनमें फंड निवेश कर सकता है। इसलिए, एग्रेसिव हाइब्रिड फंड मल्टी-कैप या फ्लेक्सी-कैप रणनीतियों को अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं जैसा कि उनके फंड मैनेजर उचित मानते हैं। इसके अलावा, डेट पक्ष पर, फंड ब्याज दरों, मुद्रास्फीति, व्यापक आर्थिक संकेतों आदि के आधार पर एक्रुअल या अवधि कॉल जैसी बांड रणनीतियों का पता लगा सकता है।

जोखिम में कमीः जब इक्विटी और ऋण को एक साथ मिक्स किया जाता है, तो पोर्टफोलियो में समग्र जोखिम कम हो जाता है क्योंकि वे असंबद्ध संपत्ति हैं। वे विविधीकरण सुनिश्चित करते हैं और आपको बाजार चक्रों में निवेशित रहने में भी मदद करते हैं। यह मिश्रण सुनिश्चित करता है कि निवेशकों को लंबी अवधि में अधिकतम रिस्क-एडजेस्टेबल रिटर्न मिले।

आम तौर पर हाइब्रिड फंडों का एक और प्रमुख लाभ यह है कि वे खुद को एकमुश्त और एसआईपी (सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) दोनों निवेशों के लिए उधार देते हैं। इस श्रेणी में, समय-सीमा में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इक्विटी और डेट फंड रहा है।

# नए साल 2024 में 30 दिन विवाह मुहूर्त, मई-जून में नहीं है मुहूर्त


**ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक आगामी वर्ष में 21 अप्रैल के बाद व मई-जून में विवाह के लिए कोई भी शुभ मुहूर्त नहीं हैं।**

हरिभूमि, जबलपुर

16 जुलाई देवशयनी एकादशी से चातुर्मास लगने के चलते फिर नवम्बर तक विवाहों पर विराम लग जाएगा। नए साल में कुल 72 दिन विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। शुक्र अस्त होने के चलते दो माह नहीं हैं विवाह मुहूर्त 16 जुलाई से लग जाएगा चातुर्मास गुरु, शुक्र रहेंगे अस्त, इनकी स्थिति महत्वपूर्ण।

## 15 मार्च से खरमास भी

16 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। चातुर्मास के चलते 16 जुलाई से 12 नवंबर तक भी विवाह नहीं होंगे। इसके अलावा 15 मार्च से 16 अप्रेल के बीच मीन राशि की संक्रांति होने के कारण खरमास रहेगा और विवाह इस दौरान नहीं हो सकेंगे।




## नए साल में विवाह मुहूर्त जनवरी में दस दिन

16, 17, 20, 21, 22, 27, 28, 29, 30 और 31 को विवाह के मुहूर्त हैं। फरवरी में बीस दिन- 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 12, 13, 14, 17, 18, 19, 23, 24, 25, 26, 27 और 29 को। मार्च में नौ दिन- 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 11 और 12 को। अप्रैल में पांच दिन- 18, 19, 20, 21 और 22 को। जुलाई में आठ दिन- 3, 9, 10, 11, 12, 13, 14 और 15 को। नवंबर में नौ दिन- 16, 17, 18, 22, 23, 24, 25, 26 और 28 को विवाह के मुहूर्त हैं। दिसंबर में ग्यारह दिन- 2, 3, 4, 5, 9, 10, 11,12, 13, 14 और 15 को विवाह के मुहूर्त हैं।

## गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार विवाह के लग्न मुहूर्त देखते समय गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी होता है। इनमें से एक भी ग्रह अस्त होने या खराब स्थिति में होने पर उस तिथि में विवाह का मुहूर्त नहीं बनता। देवगुरु बृहस्पति और शुक्रदेव को विवाह के लिए कारक माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु और शुक्रग्रह मजबूत स्थिति में होते हैं तो जल्द शादी के योग बनते हैं। इन दोनों ग्रहों के कमजोर होने पर विवाह में बाधा आने लगती है। यह भी माना जाता है कि गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर विवाह नहीं किया जाता। हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2024 में 23 अप्रैल से 30 जून के बीच शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण विवाह नहीं होंगे।




# धूमधाम से श्रीराम के जयकारों के साथ निकली श्रीराम रथ यात्रा

जबलपुर। श्रीराम रथ यात्रा का शुभारंभ जबलपुर राइट टाउन मानस भवन से पूज्य गुरुजी जगद्गुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य जी, पूज्य दंडी स्वामी कालीकानंद जी ,पूज्य दीदी ज्ञानेश्वरी ,पूज्य दिगम्बर स्वामी मदन मोहन गिरी महाराज, एवं पूज्य संत गणों, प्रबुद्ध जनों मध्यप्रदेश शासन कैबिनेट मंत्री रविकरण साहू ,पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन हरजीत सिंह बब्बू ,परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ के वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर अरुण मिश्रा, पंडित राम मूर्ति मिश्रा, पश्चिम विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक अभिलाष पांडे , नगर निगम अध्यक्ष रिंकू बिज, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, राजेश स्थापक, श्रीराम सेवा संस्थान के अध्यक्ष पंडित उत्तम कुमार पांडे, पंडित शिव गणेश गौतम, पंडित निखिल तिवारी, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा से अवधेश यादव, अनेकों संस्थाओं के सदस्यगण एवम महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के 51 आचार्य वाटुकों के मार्गदर्शन में आज से प्रारंभ हुआ, इस अवसर पर उपस्थित होकर पूज्य संत गणों का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# ओम साई विज़न की टीम ने किया श्रमदान




**जबलपुर।** नगर पालिक निगम जबलपुर की सहयोगी संस्था ओम साई विज़न की आई. ई. सी. टीम एवं वार्ड मै विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम में पार्षद श्री विमल राय जी नगर निगम उप आयुक्त अधिकारी मनोज श्रीवास्तव जी डि ओ सुरेंद्र मिश्रा जी एवं अन्य गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में श्रमदान कार्यक्रम कराया गया एवम यहां उपस्थित सभी आम नागरिकों को समझाइश दी गई अपने आस पास ज्यादा से ज्यादा साफ सफाई का ध्यान रखें और लोगों को स्वच्छता के बारे में प्रेरित किया गया एव स्वच्छता की सपथ दिलवाई गई।

# बेसहारा का अंतिम संस्कार किया गरीब नवाज कमेटी ने




**जबलपुर।** गंगा बाई पटेल उम्र लगभग 65 वर्ष, बहन किरण बाई पटेल के साथ चेरीताल राजीव नगर हनुमान मंदिर के सामने पहले रहती थी, लेकिन जब से मकान बिका है मंदिरों के पास या फुटपाथ पर रहती थी। काफी दिनों से महिला मार्केट बल्देवबाग बस स्टाफ में दोनों बहन रहकर गुजर बसर कर रही थीं। विगत 3 से 4 दिनों की बीमारी के उपरांत गंगा बाई पटेल का देहांत हो गया, जिसकी जानकारी 3 दिन पहले उसकी बहन ने अपने दूर के रिश्तेदारों को दी, लेकिन न ही कोई देखने आया न ही कोई पूछने आया। लाश की बदबू के कारण राहगीरों ने सूचना थाना लार्डगंज को दी, तो लार्डगंज पुलिस ने गरीब नवाज कमेटी को जानकारी दी, जिसके बाद बहन किरण पटेल के कहने के अनुसार महिला का अंतिम संस्कार रानीताल मुक्ति धाम में गरीब नवाज कमेटी द्वारा कराया गया। कमेटी के हाजी नईम, मो. अल्ताफ, मो. जफर, रियाज अली, मो. ईशान, बच्चू नानकानी ने अंतिम संस्कार में सहयोग प्रदान किया।

# सर्वत्र भले की अरदास के साथ शहीदी सप्ताह संपन्न

जबलपुर।

पंजाब एजुकेशन सोसायटी के सहसचिव दमनीत सिंह प्रिंस भसीन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वीर बाल दिवस के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ किया गया है। साहिब श्री गुरु गोबिंदसिंह महाराज के चारों साहिबजादों एवं माता गुजरी के शहीदी दिवस को समर्पित आज पंत के महान ज्ञानी विचारकों ने आह्वान किया था कि जो पूर्वान्ह 11 बजे जो जिस स्थान पर होगा, वहां पर एक साथ एकत्रित होकर सिमरन, पाठ कर सर्वत्र भले की अरदास कर शहीदी पर्व मनायेगा। इसी तारतम्य में खालसा हायर सेकण्डरी स्कूल एवं पब्लिक स्कूल रांझी एवं निरभव निरवैर सेवक जत्थे द्वारा पूर्वान्ह 11 बजे से हजूरी रागी जत्था भाई सतनाम सिंह एवं साथियों द्वारा पाठ एवं सिमरन कराया गया तथा सर्वत्र भले की अरदास कर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें खालसा स्कूल के प्रथम सचिव सरदार गुरदीप सिंह नाग, दिलीप सिंह सचदेव, स्त्री सत्संग की जसबीर कौर नंदा एवं पंजाब एजुकेशन सोसायटी रांझी के अध्यक्ष कमलजीत सिंह टीटू जग्गी, सचिव अमरजीत सिंह अलग, सहसचिव दमनीत सिंह प्रिंस भसीन, कुलवंत सिंह जॉली, तरनदीप सिंह नंदा, हरदीप सिंह, काके रील सहित शाला प्राचार्य शशि रजक, पंजाबी एक्टीविटी इंचार्ज जसबीर कौर आहूजा एवं स्कूल का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।






# बरगी के नवनियुक्त विधायक ठाकुर नीरज सिंह लोधी का किया स्वागत

**जबलपुर।** सरपंच संगठन जनपद पंचायत जबलपुर (बरगी) जनपद पंचायत शहपुरा के संयुक्त रूप से बरगी विधान सभा के नवनियुक्त विधायक ठाकुर नीरज सिंह लोधी का स्वागत समारोह का आयोजन होटल विरासत में किया गया। जिसमें बरगी विधान सभा के दोनों ब्लाकों के सरपंचगणों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में सगठन के संरक्षक शिव पटेल, संरक्षक सदस्य संदीप शुक्ला, आशीष पटेल कृष्ण कुमार पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि रहे

# शक्तिभवन में नववर्ष अभिनंदन समारोह 1 को

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के संयोजन में 1 जनवरी को प्रातः 10.00 बजे बिजली कंपनियों के मुख्यालय शक्तिभवन के ब्लॉक नंबर 14-15 के समक्ष प्रांगण में नववर्ष अभनिंदन समारोह का आयोजन किया गया है। पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता ने जबलपुर मुख्यालय स्थित समस्त कंपनियों के अभियंताओं व कार्मिकों से इस अवसर पर उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## पावर मैनेजमेंट कंपनी के अजय कुमार खराटे आज होंगे सेवानिवृत्त

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के अधीक्षण अभयिंता सिविल कार्यालय में कार्यरत अजय कुमार खराटे 37 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 29 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# नर्मदा स्कूल एक्सीलेंस का शालेय वार्षिकोत्सव प्रारंभ

जबलपुर।

नर्मदा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, अग्रेजीं माध्यम स्कूल, ग्राम मनकेड़ी का वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भैया लाल पालीवाल (ग्राम हिनोतिया वरिष्ठ समाज सेवी) ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को एक अच्छा इंसान बनने की बात पर जोर दिया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती चित्रा देवी माहेश्वरी, नवनीत माहेश्वरी, सुनीति माहेश्वरी, विभव माहेश्वरी ने मुख्य अतिथि सुखराम पटेल (पूर्व महाकौशल विकास प्राधिकरण सदस्य जबलपर), विशिष्ट अतिथि सूर्यकान्त शर्मा (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) एवं शरद दीक्षित (वरिष्ठ पत्रकार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय पत्रकार कल्याण संघ तथा सदस्य म.प्र. टूरिज्म बोर्ड) का पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।




# खरीदी केंद्र के बाहर खड़े 22 ट्रैक्टरों की बैटरियां चोरी

**मझगवां थाना क्षेत्र के ढ़करवाह वेयरहाउस का मामला**

**फनवानी।** ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड बढ़ने के साथ ही चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। चोरों को पकड़ना तो दूर उनका सुराग तक नहीं लग पा रही। ताजा मामला मझगवां थाना क्षेत्र के ढकरवाह गांव का है। जहां चोरों ने वेयरहाउस के बाहर खड़े 22 ट्रैक्टरों की बैटरियां चोरी कर ले गए। चोरी की है वारदात बुधवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है। चोरी गई 22 बैट्रींयों की कीमत करीब दो लाख से ऊपर बताई जा रही है। ट्रैक्टर से बैटरियां चोरी होने की घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। चोरी की घटना की खबर लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो जरूर, लेकिन खानापूर्ति कर वापस लौट गई। पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक ढ़करवाह स्थित बैस वेयरहाउस में प्राथमिक कृषि एवं साख सहकारी समिति फनवानी की धान की खरीदी हो रही हो रही है। किसान ट्रैक्टर में अपनी धन लोड कर खरीदी केंद्र लेकर आए थे। वेयरहाउस में स्टाकिंग का काम चलने के कारण किसानों ने अपने ट्रैक्टर रोड के किनारे खड़े कर दिए। बुधवार की दरमियानी रात चोरों ने 22 ट्रैक्टरों की बैटरी चोरी कर ले गए।




# घटिया निर्माण के चलते बदहाल हो गई सड़क



## मकुरा के पड़रिया जाने वाले मार्ग का मामला

**फनवानी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क जिम्मेदारों की अनदेखी से बदहाल हो गई है ग्रामवासियों की माने तो घटिया निर्माण के चलते सड़क कम समय मे ही दुर्दशा का शिकार हो गई है 2019 मे बनी 41,60 लाख की लागत से बनी यह सड़क बनने के कुछ समय बाद ही जगह जगह धँस गई गई थी जिससे ग्रमीणों को आने जाने मे बड़ी परेसानियों का सामना करना पड़ता है कुछ जगहों पर सड़क के सोल्डर गायब हो गये है जिससे वाहनों के हादसे का डर बना रहता है ग्रामवासियों ने विभागीय अधिकारियों से इस ओर शीघ्र ही ध्यान दिये जाने की माँग की है।




**श्रीमती कमला बाई सोनी-** साठिया कुआं सराफा निवासी श्री प्रेमचंद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई सोनी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जस्सी बाई खत्री-** नई बस्ती नं. 1 गोहलपुर निवासी श्री गुरमुखदास खत्री की धर्मपत्नी श्रीमती जस्सी बाई खत्री (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रेशम चक्रवर्ती-** भानतलैया राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री कंधी लाल चक्रवर्ती के पुत्र श्री रेशम चक्रवर्ती (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुन्नालाल तिवारी-** न्यू ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री मुन्नालाल तिवारी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री रामशरण कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई कोरी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिव कुमार तिवारी-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री दशरथ तिवारी के पुत्र श्री शिव कुमार तिवारी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फुन्सा बाई-** ट्यूट लाइन जीसीएफ निवासी श्री मूलचंद की धर्मपत्नी श्रीमती फुन्सा बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बीरबल चौधरी-** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री बीरबल चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा सोनी-** सूजी मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री पुरुषोत्तम लाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा सोनी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गणेश प्रसाद समुंद्रे-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री गणेश प्रसाद समुंद्रे (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अंगद प्रसाद चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री अंगद प्रसाद चौधरी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राधा देवी नामदेव-** आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री राममूर्ति नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती राधा देवी नामदेव (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती देवंती बाई केवट-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री कंधी लाल केवट की धर्मपत्नी श्रीमती देवंती बाई केवट (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रेमचंद्र ऊकास-** विजय नगर निवासी श्री प्रेमचंद्र ऊकास (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कालू चौधरी-** दमोहनाका चेरीताल निवासी श्री राम प्रसाद चौधरी के पुत्र श्री कालू चौधरी (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# महाराज खेत सिह जूदेव की जयंती मनाई



मझौली। हिंदू सम्राट महाराज खेत सिह जूदेव की जयंती पर क्षत्रिय खंगार राजपूताना समाज के द्वारा जयंती मनाई गई। इस मौके पर गजानन माता मंदिर मझौली से विशाल शोभा यात्रा निकली गई जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए भगवान श्री विष्णु बाराह मंदिर पहुंचे जहां पर पूजा अर्चन करने के उपरांत शोभायात्रा अपने मंदिर स्थल पहुंची पूजन अर्चन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया एवं उनके जीवन परिचय पर उद्बोधन श्री श्री 1008 सिया बल्लभ दास जी महाराज के द्वारा दिया गया।

## खबर संक्षेप

### बाटा को मिला 60.56 करोड़ का कर संबंधी नोटिस



**कोलकाता।** जूता-चप्पल बनाने वाली कंपनी बाटा इंडिया को चेन्नई के अन्ना सलाई असेसमेंट सर्कल के राज्य कर अधिकारी से 60.56 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि नोटिस 2018-19 वित्त वर्ष के लिए अंतिम ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गए कई मुद्दों से संबंधित है।

### जोमैटो को मिला 401 करोड़ का जीएसटी देनदारी नोटिस




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन खाद्य सामग्री डिलीवरी करने वाली कंपनी जोमैटो लिमिटेड को डिलीवरी शुल्क को लेकर 401.7 करोड़ रुपये की जीएसटी देनदारी का कारण बताओ नोटिस मिला है। जानकारी में दावा किया कि वह राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है, क्योंकि डिलीवरी साझेदारों की ओर से डिलीवरी शुल्क लिया जाता है।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा पर 56 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड पर अपने दोपहिया कारोबार के संबंध में जीएसटी से पहले की व्यवस्था में उपलब्ध इनपुट सेवा वितरक क्रेडिट को गलत तरीके से जीएसटी-तंत्र में आगे बढ़ाने के लिए 56 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। इस कारोबार को एमटी-डब्ल्यूएल से अलग कर एमएंडएम में विलय कर दिया गया था।

### आईसीआईसीआई बैंक को मिली मांग नोटिस



**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक को कर अधिकारियों से जीएसटी के कथित कम भुगतान के लिए 26.8 करोड़ रुपये का 'मांग नोटिस' मिला है।आईसीआईसीआई बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसे 2.43 करोड़ रुपये के जुर्माने के साथ 24.37 करोड़ रुपये का जीएसटी (माल एवं सेवा कर) 'मांग नोटिस' 27 दिसंबर को मिला।

### फर्स्टक्राई ने आईपीओ के लिए जमा कराए दस्तावेज

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स मंच फर्स्टक्राई की मूल कंपनी ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड ने आईपीओ के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष बृहस्पतिवार को दस्तावेज दाखिल किए।भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के समक्ष दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ में 1,816 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे।

### रुपया 17 पैसे की बढ़त के साथ 83.17 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख और घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बीच रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे की बढ़त के साथ 83.17 (अस्थायी) पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी कोषों के प्रवाह और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी भारतीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.33 पर खुला और बाद में इसने 83.16 से 83.34 के बीच कारोबार किया।

# आईपीएल में स्टार्क को जितने में खरीदा, तेंदुलकर ने एक ही आईपीओ से कमा डाले

एजेंसी ⏭ मुंबई

शेयर बाजार में गुरुवार को आजाद इंजीनियरिंग का आईपीओ लिस्ट हुआ है। आईपीओ की 37 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ लिस्टिंग हुई है। आईपीओ लिस्ट होने से निवेशकों को तो फायदा हुआ ही है। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा चांदी क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की हुई है।

- कंपनी का शेयर 37 फीसदी प्रीमियम के साथ बाजार में हुआ सूचीबद्ध

तेंदुलकर ने मार्च के महीने में आजाद इंजीनियरिंग में 5 करोड़ रुपए का निवेश किया था। आज हैदराबाद स्थित आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों की लिस्टिंग के बाद उन्हें 531 प्रतिशत का जबरदस्त रिटर्न मिला है। इसके बाद उन्होंने एक ही दिन में 26.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।

## आजाद इंजीनियरिंग की गुरुवार को हुई धमाकेदार लिस्टिंग

### इन खिलाड़ियों की भी हुई चांदी

आजाद इंजीनियरिंग के आईपीओ ने केवल तेंदुलकर ही नहीं बल्कि दूसरे खिलाड़ियों पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और वीवीएस लक्ष्मण को भी मालदार किया है। इन तीनों ने भी कंपनी में नविश कर रखा था। इन तीनों ने ही कंपनी में एक-एक करोड़ का नविश किया था। लेकिन 'मास्टर ब्लास्टर' ने जिस कीमत पर कंपनी का शेयर खरीदा था। इन तीनों ने उससे दोगुनी कीमत पर इक्विटी खरीदी। उनके अधिग्रहण की औसत लागत 228.17 रुपए प्रति शेयर है। ये अब 215% के रिटर्न के साथ 3.15 करोड़ रुपए हो गए हैं।

**आईपीओ की लिस्टिंगः** आजाद इंजीनियरिंग का शेयर इश्यू प्राइस से 37 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ लिस्ट हुआ। शेयर का इश्यू प्राइस 524 रुपए था। बीएसई पर शेयर ने इश्यू प्राइस से 35.49 प्रतिशत बढ़कर 710 रुपए पर शुरुआत की। बाद में यह 38.83 प्रतिशत बढ़कर 727.50 रुपए पर पहुंच गए। एनएसई पर शेयर 37.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 720 रुपए पर लिस्टेड हुए। कंपनी का मार्केट कैप शुरुआती कारोबार में 4,219.19 करोड़ रुपए रहा।



### मार्च 2023 को किया था 5 करोड़ का निवेश

एक रिपोर्ट के अनुसार निवेश पर 26.5 करोड़ रुपए फायदे के साथ तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को पीछे छोड़ दिया है। उनके निवेश की कुल कीमत बढ़कर 31.5 करोड़ रुपए हो गई है। मिशेल को दिसंबर की शुरुआत में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके साथ ही वह आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे। तेंदुलकर ने आजाद इंजीनियरिंग में 6 मार्च 2023 को करीब 5 करोड़ रुपए की इक्विटी खरीदी थी।

### आईपीओ का प्राइस बैंड 524 रुपए था

आईपीओ से पहले स्टॉक स्पिलटि और बोनस इश्यू के बाद तेंदुलकर के पास कंपनी के 438,210 शेयर थे। उनकी अधिग्रहण की औसत लागत महज 114.1 रुपए प्रति शेयर है। 740 करोड़ रुपए के आईपीओ में तेंदुलकर की तरफ से हिस्सेदारी नहीं बेचने का फैसला किया गया था। इसके बाद आज कंपनी का आईपीओ एनएसई पर 720 रुपए के मूल्य पर लिस्टेड हुआ। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 524 रुपए तय कयिा गया था। गुरुवार को यह शेयर 37.4% के प्रीमियर के साथ लिस्ट हुआ। इसके साथ ही 5 करोड़ रुपए के निवेश का मूल्य बढ़कर 31.5 करोड़ रुपए हो गया।

## आरबीआई गवर्नर दास ने जताई केंद्रीय बैंक की प्रतिबद्धता

# देश तेज आर्थिक वृद्धि हासिल करने के रास्ते पर, जोखिम से निपटने आरबीआई तैयार

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत वृद्धि की बढ़ती संभावनाओं के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक देश की अर्थव्यवस्था के समक्ष किसी भी जोखिम से निपटने के लिए तत्काल और निर्णायक कार्रवाई करने को प्रतिबद्ध है। दास ने आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) के 28वें अंक की भूमिका में लिखा है कि टिकाऊ और भरोसेमंद स्तर पर मूल्य स्थिरता हासिल करना, मध्यम अवधि में कर्ज के स्तर पर स्थिरता सुनिश्चित करना, वित्तीय क्षेत्र को और मजबूत करना, विकास के नए अवसर पैदा करना तथा समावेशी और हरित वृद्धि को बढ़ावा देना नीतियों के स्तर पर प्रमुख प्राथमिकता बनी हुई है।


### वैश्विक अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों का सामना कर रही

रिपोर्ट वित्तीय स्थिरता के मार्चे पर जोखिम और भारतीय वित्तीय प्रणाली की मजबूती को लेकर वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाती है। दास ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रही है। इनके बीच भारतीय अर्थव्यवस्था एक मजबूत वित्तीय प्रणाली के साथ वृहद आर्थिक मोर्चे पर मजबूती दिखा रही है।

## जरूरतमंदों के लिए कोष होगा उपलब्ध

*यह अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों के लिए कोष की उपलब्धता से समझौता किए बिना वित्तीय स्थिरता बनाए रखने की उसकी प्रतिबद्धता को बताता है। उन्होंने कहा, "भारत वृद्धि की बढ़ती संभावनाओं के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है... वृद्धि में तेज उछाल, मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद, मजबूत घरेलू मांग और सार्वजनिक नीतियों के स्तर पर सूझबूझ का नतीजा है।'*

- आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में लिखी भूमिका
- टिकाऊ और भरोसेमंद स्तर पर मूल्य स्थिरता हासिल करना होगा उद्देश्य
- विकास के नए अवसर पैदा करने पर दिया जाएगा दौर




### मजबूत वृद्धि को दिया जा रहा बढ़ावा

मजबूत वित्तीय प्रणाली वृद्धि को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा, "हम किसी भी जोखिम को बढ़ने से रोकने के लिए तत्काल और निर्णायक कार्रवाई करने को लेकर सतर्क और प्रतिबद्ध हैं। आरबीआई गवर्नर ने यह भी कहा कि खुदरा कर्ज के कुछ खंडों के प्रति बैंकों के 'उत्साह' को रोकने के लिए केंद्रीय बैंक ने हाल में कदम उठाये है।

### साइबर जोखिम की चुनौतियों से निपटा जाएगा

दास ने कहा कि निश्चित रूप से देश वैश्विक स्तर पर संकट और तकनीकी बदलावों से उत्पन्न स्थिति, साइबर जोखिम और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में आरबीआई का प्रयास वित्तीय प्रणाली को मजबूत करना, जिम्मेदार नवोन्मेष को बढ़ावा देना और समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने पर बना हुआ है।

### वित्तीय स्थिरता बनाए रखी जाएगी

गवर्नर ने कहा कि रिजर्व बैंक और अन्य वित्तीय नियामक वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने तथा एक ऐसी वित्तीय प्रणाली को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं जो झटकों से निपटने में सक्षम हो और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने वाली हो।"

# शेयर बाजार में तेजी जारी, नई ऊंचाई पर पहुंचे सेंसेक्स, निफ्टी

एजेंसी ⏭ मुंबई



- सेंसेक्स 372 व निफ्टी 124 अंक उछाले
- ऊर्जा, धातु व एफएमसीजी शेयरों में रही तेजी

स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में बृहस्पतिवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 372 अंक चढ़कर दूसरे दिन भी नए शिखर पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल के दाम में गिरावट तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच ऊर्जा, धातु और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के शेयरों में तेज लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 371.95 अंक यानी 0.52 प्रतिशत उछलकर अब तक के उच्चतम स्तर 72,410.38 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 123.95 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 21,778.70 अंक पर बंद हुआ।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़


सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 2.81 प्रतिशत की बढ़त रही। एनटीपीसी, पावर ग्रिड, नेस्ले, टाटा मोटर्स, आईटीसी, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और एशियन पेंट्स शामिल हैं।

# वित्तीय प्रणाली के लिहाज से तीन बैंक महत्वपूर्ण










एजेंसी ⏭ मुंबई

- एसबीआई, एचडीएफसी व आईसीआईसीआई
- ये इतने बड़े बैंक है कि डूब नहीं सकते

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि एसबीआई, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक घरेलू स्तर पर वित्तीय प्रणाली के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंक बने हुए हैं। देश में वित्तीय प्रणाली के स्तर पर ये इतने बड़े बैंक हैं कि ये 'डूब' नहीं हो सकते। रिजर्व बैंक को अगस्त, 2015 से हर साल इसी महीने में वित्तीय प्रणाली के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंकों के नामों की जानकारी देने की जरूरत होती है।

नियमों के अनुसार, ऐसे संस्थानों को प्रणाली के स्तर पर महत्व (एसआईएस) के आधार पर चार श्रेणी में रखा जा सकता है।केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि जहां आईसीआईसीआई बैंक पिछले साल की तरह ही श्रेणी आधारित संरचना में बना हुआ है, वहीं एसबीआई और एचडीएफसी बैंक उच्च श्रेणी में चले गए हैं। एसबीआई श्रेणी (बकेट) तीन से श्रेणी चार में स्थानांतरित हो गया और एचडीएफसी बैंक श्रेणी एक से श्रेणी दो में स्थानांतरित हो गया। इसका मतलब है कि बैंकों को जोखिम भारांश परिसंपत्तियों (आरडब्ल्यूए) के प्रतिशत के रूप में अतिरिक्त सामान्य इक्विटी शेयर पूंजी (टियर 1) को पूरा करना होगा।

### एसबीआई के लिए अधिभार 0.8 फीसदी होगा

घरेलू स्तर पर व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंक (डी-एसआईबी) को लेकर एक अप्रैल, 2025 से एसबीआई के लिए अधिभार 0.8 प्रतिशत होगा। वहीं एचडीएफसी बैंक के लिए 0.4 प्रतिशत होगा। आरबीआई ने कहा कि इसीलिए 31 मार्च, 2025 तक एसबीआई और एचडीएफसी बैंक के लिये डी-एसआईबी अधिभार क्रमशः 0.6 प्रतिशत और 0.20 प्रतिशत होगा।

## सुजलॉन समूह को मिला अप्रावा एनर्जी से ठेका



**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन समूह को अप्रावा एनर्जी से 300 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, सुजलॉन कर्नाटक में ग्राहक की साइट पर हाइब्रिड लैटिस ट्यूबलर टावर और 100 पवन टरबाइन जेनरेटर स्थापित करेगी।


बयान में कहा गया, सुजलॉन समूह को अप्रावा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के लिए 300 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना विकसित करने का ठेका मिला है। सुजलॉन समूह के वाइस चेयरमैन गिरीश तांती ने एक बयान में कहा कि कंपनी पहले भी अप्रावा के साथ काम कर चुकी है और एक बार उसके साथ जुड़कर खुश हैं। अप्रावा एनर्जी के प्रबंध निदेशक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा, 'हम सुजलॉन के साथ निरंतर साझेदारी की उम्मीद करते हैं। उनकी विशेषज्ञता, समृद्ध अनुभव और सर्वोत्तम श्रेणी के स्वदेशी समाधानों से फायदा मिलेगा।'

# कंपनियों ने इस साल क्यूआईपी से जुटाए 50,200 करोड़

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संस्थागत निवेशकों को शेयर जारी करके धन जुटाने की योजना 2023 में आसमान छू गई। कंपनियों ने इस साल क्यूआईपी से 50,218 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो पिछले साल की तुलना में छह गुना है। यह निवेशकों के बीच सकारात्मक दृष्टिकोण का संकेत है। इस साल पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के अलावा, शेयरों के राइट्स इश्यू और ओएफएस के माध्यम से धन जुटाने में भी सालाना आधार पर वृद्धि हुई है।बाजार विशेषज्ञों ने क्यूआईपी से धन जुटाने में वृद्धि का प्राथमिक कारण बाजार और निवेशकों की भावनाओं को बताया। उन्होंने कहा कि जबतक बाजार में सकारात्मक माहौल रहता है और निवेशक रिटर्न प्राप्त करना जारी रखते हैं तबतक सूचीबद्ध कंपनियां क्यूआईपी के माध्यम से धन जुटाने का विकल्प चुनती हैं क्योंकि इस माध्यम से धन तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित होती है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के अनुसार, कंपनियों ने 2023 में क्यूआईपी के जरिये 50,218 करोड़ रुपये जुटाए, जो पिछले साल जुटाए गए 8,196 करोड़ रुपये से कई गुना ज्यादा है।

- संस्थागत निवेशकों से धन जुटाने की योजना आसमान छू गई



### यूनियन बैंक ने जुटाए 5000 करोड़ रुपए

*इसके बाद, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने लगभग 5,000 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ इंडिया ने 4,500 करोड़ रुपये जुटाए।*

## लार्सन एंड टुब्रो को पश्चिम एशिया में मिले बड़े ठेके...






**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को पश्चिम एशिया में बिजली और वितरण क्षेत्र के लिए बड़े ठेके मिले हैं। कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया ठेके एलएंडटी कंस्ट्रक्शन के बिजली पारेषण तथा वितरण व्यवसाय को मिले हैं। एलएंडटी के वर्गीकरण के अनुसार, 2,500 करोड़ रुपये से 5,000 करोड़ रुपये तक के ठेकों को 'बड़े ठेके' की श्रेणी में रखा जाता है। लार्सन एंड टुब्रो 23 अरब अमेरिकी डॉलर की भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है।

# दुनिया के शीर्ष 10 समूहों में आना चाहती है रिलायंस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी का कहना है कि उनकी अगुवाई वाला रिलायंस समूह कभी भी (अपनी उपलब्धियों से) 'आत्मसंतुष्ट' नहीं होगा और यह दुनिया के शीर्ष 10 व्यापारिक समूहों का हिस्सा बनेगा।

- समूह कभी आत्मसंतुष्ट नहीं होगा : मुकेश अंबानी

समूह ने कुछ ही वर्षों में दुनिया के सबसे बड़े तेल रिफाइनिंग परिसर से लेकर देश के सबसे बड़े मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर तक का कारोबार खड़ा किया है।रिलायंस अब डिजिटल डेटा मंच और कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी अपनाने में वैश्विक कंपनियों के बीच अपनी जगह मजबूत करने का लक्ष्य बना रही है। अंबानी ने कहा, 'आज कारोबार के लिए घरेलू और वैश्विक माहौल बहुत तेजी से बदल रहा है। आत्मसंतुष्टि के लिए कोई जगह ही नहीं है। उन्होंने कहा कि रिलायंस को निरंतर नवोन्मेष और नई खोज के जरिये बाजार में बदलाव के लिए जाना जाता है। मुंबई में एक छोटी कपड़ा विनिर्माण इकाई से शुरुआत करते हुए रिलायंस ने 'बैकवर्ड एकीकरण' किया - और यह पेट्रोरसायन (जो वस्त्रों के लिए फीडस्टॉक प्रदान करता है) क्षेत्र में उतरी और देश में इसकी सबसे बड़ी उत्पादक बन गई। इसके बाद इसने अपने समय में देश की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी स्थापित की।

## अब 31 दिसंबर नहीं होगी नॉमिनी बताने की आखिरी तारीख

# म्युचुअल फंड और डीमैट अकाउंट वालों को मिली बड़ी राहत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने म्युचुअल फंड और डीमैट अकाउंट में नॉमिनेशन की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। फिलहाल नॉमिनी बताने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर थी। अब लोगों को इस काम को पूरा करने के लिए छह महीने का समय और दे दिया गया है। अब नॉमिनी बताने की आखिरी तारीख 30 जून, 2024 कर दी गई है। सेबी के नियमों के मुताबिक, 30 जून, 2024 तक म्युचुअल फंड और डीमैट अकाउंट चलाने वाले निवेशकों को या तो नॉमिनेशन फाइल करना होगा या फिर वो नॉमिनी न बताने का विकल्प भी चुन सकते हैं। अभी तक इस काम के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया गया था। मगर, बड़ी संख्या में लोग अभी तक नॉमिनी नहीं भर पाए थे। इसलिए बाजार नियामक सेबी ने इस डेडलाइन को 6 महीना और खिसका दिया है।

- नॉमिनेशन को पूरा करने सेबी ने लोगों को छह माह का और समय दिए

### सितंबर अंत तक लगभग 25 लाख लोग नहीं कर पाए थे नॉमिनेशन

रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) कैम्स (सीएएमएस) के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर अंत तक लगभग 25 लाख पैन कार्ड धारक नॉमिनी अपडेट नहीं कर पाए थे। अभी दिसंबर का डाटा प्राप्त नहीं हो पाया है। नॉमिनी बताने की प्रक्रिया को आवश्यक करने से निवेशक मृत्यु के बाद होने वाले विवादों पर रोकथाम लग जाएगी. साथ ही उसके अकाउंट को ट्रांसफर या बंद करना भी बहुत आसान हो जाएगा।




### पहले 30 सितंबर फिर 31 दिसंबर हुई थी तारीख

अंतिम तिथि बढ़ाने का फैसला पहली बार नहीं हुआ है। कुछ महीनों पहले तक अंतिम तिथि 30 सितंबर थी। मगर, सेबी ने इसे बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दिया था। उस समय तक काफी निवेशक नॉमिनी फाइल करने के काम को पूरा नहीं कर पाए थे।

*सेबी ने जारी किया सर्कुलर : सेबी ने 27 दिसंबर को एक सर्कुलर जारी कर इस निर्णय की जानकारी दी। इसके तहत नॉमिनी न बताने वालों को एक शपथ पत्र देना होगा। इसमें सेबी ने कहा कि शेयर मार्केट में निवेश करने वालों और अन्य लोगों से मिले सुझावों को ध्यान में रखते हुए अंतिम तिथि बढ़ाने का फैसला लिया गया है।*

*डेडलाइन नहीं बढ़ती तो मुश्किल में फंस जाते निवेशक : यदि डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाती तो निवेशकों को अपने म्युचुअल फंड पोर्टफोलिओ और डीमैट अकाउंट चलाने में दिक्कत आ जाती। इन पोर्टफोलियो और अकाउंट से पैसा भी नहीं निकल पाता।*

# सोना 450 रुपए चढ़ा, चांदी भी मजबूत




**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 450 रुपये की तेजी के साथ 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। यह कम से कम दूसरी बार है जब सोने की कीमतें चार दिसंबर के 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गई हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 400 रुपये चढ़कर 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। चांदी 79,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना मजबूती के साथ 2,080 डॉलर प्रति औंस हो गया। चांदी भी तेजी के साथ 24.31 डॉलर प्रति औंस हो गई।

चिंतन

# कांग्रेस को अपने अतीत से सबक लेने की जरूरत

आज कांग्रेस ने जब अपना 139वां स्थापना दिवस मनाया है, वह अपने इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। आजादी के आंदोलन से लेकर स्वतंत्र भारत के निर्माण में सरकार के रूप में योगदान तक कांग्रेस का शानदार अतीत रहा है। कांग्रेस ने राष्ट्र को एक से बढ़कर एक नेता दिए, भारत को एक राष्ट्र के रूप में सिंचित व समृद्ध किया, धर्मनिरपेक्ष भारत की अवधारणा को मजबूत किया, राजनीति में शांति, सहअस्तित्व व समावेशी मूल्यों को स्थापित किया। आज भारत जहां है, जैसा है, विश्व में उसकी जो भी पहचान है, जितनी बड़ी भी आर्थिक व सामरिक शक्ति है, उसमें कांग्रेस के योगदान को कमतर करके नहीं आंका जा सकता है। लेकिन 1885 से अपनी 138 वर्ष की राजनीतिक यात्रा में आज वर्ष 2023 के आखिरी दिनों में कांग्रेस जिस मोड़ पर खड़ी है, दो दशक से पहले तक के किसी भी कांग्रेस नेता ने इसकी कल्पना तक नहीं की होगी। आज की कांग्रेस अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। नीतिगत रूप से, वैचारिक रूप से, नेतृत्व के रूप से व राजनीतिक ताकत के रूप से देखें तो कांग्रेस की कहीं भी दमदार उपस्थिति नहीं है। अभी अभी तीन राज्यों में करारी हार मिली है। पिछले 32 चुनावों से राहुल गांधी की छत्रछाया में कांग्रेस हारती आ रही है। आज कांग्रेस के पास न देशव्यापी संगठन है, न सर्वमान्य राष्ट्रीय नेता है, न उसके पास राष्ट्रीय एजेंडा है, न नीति है, न रीति है, न वह यूपीए को संभाल सकी। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन जरूर बनाया है, तो वह भी कई वैचारिक व सांगठनिक संकटों से गुजर रहा है। आज की कांग्रेस सबसे अधिक दिग्भ्रमित प्रतीत हो रही है। कांग्रेस इस दुविधा में है कि वह गांधी परिवार के साथ आगे बढ़े या मल्लिकार्जुन ख्ररगे जैसे वफादार के साथ। राहुल गांधी की हरकतों से कांग्रेस की प्रतिष्ठा और धूमिल ही हो रही है। स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने नागपुर से रैली की है, जिसमें उसने वैचारिक रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक को ललकारने की चेष्टा की है। कांग्रेस के अघोषित सर्वेसर्वा राहुल गांधी ने संघ के मुख्यालय नागपुर में रैली कर अपनी पार्टी की वैचारिकता को रखने की कोशिश की है कि कांग्रेस संघ के विचारों के खिलाफ है। शायद कांग्रेस भूल रही है कि एक संगठन के रूप में संघ भारत में वटवृक्ष बन चुका है और भारत, भारतीयता व राष्ट्रवाद का प्रतीक बन चुका है। भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण में संघ के सतत योगदान के लिए राष्ट्र हमेशा उसका कृतज्ञ रहेगा। भारतीय संस्कृति, भारतीय पहचान, भारतीय ज्ञान व भारतीय विरासत के प्रति गर्वबोध कराने में संघ ने हमेशा उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। कांग्रेस संघ की वैचारिक आलोचना कर सकती है, लेकिन उसे याद रखना होगा कि नेहरू से लेकर इंदिरा तक ने संकट के समय संघ के योगदान के महत्व को समझा था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्थापना दिवस पर कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम किया है जो संसदीय लोकतंत्र और समानता पर आधारित हो। आज के भारत में लोकतंत्र संविधान के अनुरूप कार्य कर रहा है। कांग्रेस सत्ता में नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं कि देश में लोकतंत्र नहीं है, मौलिक अधिकार नहीं है या समानता व स्वतंत्रता के अधिकार नहीं हैं। 21वीं सदी के आकांक्षी भारत में अगर कांग्रेस के नेता राहुल गांधीं जाति जनगणना जैसे दकियानूस मुद्दों की वकालत करते हैं, तो युवाओं का भरोसा कांग्रेस के प्रति कैसे जगेगा? कांग्रेस को अपने खट्टे मीठे अतीत से सबक लेकर पार्टी की खोई प्रतिष्ठा को स्थापित करनी होगी।

नव वर्ष
उमेश चतुर्वेदी



# सोशल मीडिया संसार में बेहतरी की उम्मीद

वर्ष 2010-11 में दुनिया ने दो क्रांतियां देखीं..पहली रही अरब स्प्रिंग के नाम से विख्यात अपेक्षाकृत रूढ़िवादी इस्लामी देशों में हुआ बदलाव...और दूसरी रही, भारत में सिविल सोसायटी का सफल आंदोलन.. दोनों की बुनियाद में सबसे बड़ा योगदान रहा सोशल मीडिया का.. सार्थक सामाजिक हस्तक्षेप की दिशा में सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर उम्मीदों के पहाड़ खड़े हो गए.. मान लिया गया कि दुनिया में गरीबी, अशिक्षा, कुरीति आदि के अंधेरे को खत्म करने में सोशल मीडिया कारगर हथियार होगा सोशल मीडिया पर भरोसा इतना बढ़ा कि उसके जरिए दुनिया में उन अंधेरे कोनों में लोकतंत्र की रोशनी नजर आने लगी, जहां अभी तक लोकतंत्र नहीं पहुंच पाया है। अगर कहीं पहुंचा भी है तो वह पुराने घरों की दीवारों के उपरी कोने में स्थित छोटे रोशनदान की माफिक। सोशल मीडिया से ऐसी उम्मीद बेमानी भी नहीं थी..सोशल मीडिया ने ऐसा किया भी.. लेकिन अब हालात बदल गए है.. उसकी चुनौती बढ़ती जा रही है..सोशल मीडिया का विकास दैत्याकार अंदाज में हो रहा है। सहज-सुलभ तकनीकी विस्तार के चलते उस तक सबकी पहुंच है। इसने सूचनाओं को पहले की तुलना में कहीं ज्यादा लोकतांत्रिक बनाया है। इस विस्तार के साथ ही एक कमी भी नजर आ रही है। इसे कमी नहीं, खतरा कहना ज्यादा उचित होगा..इसे इस्तेमाल करने वाली शख्सियतों की ठोस जवाबदारी ना होने की वजह से यह जहर के माफिक खतरनाक होता जा रहा है।



आने वाले साल 2024 में सोशल मीडिया समाज और सरकार के लिए बड़ी चुनौतियों की वजह बनेगा...उसमें सबसे बड़ी चुनौती है..डीपफेक की समस्या..इसे हाल ही में स्पेन के एक छोटे शहर अल्मेंद्रलेजो में भी महसूस किया गया..जब पता चला कि वहां की दर्जनों स्कूली छात्राओं के नग्न फोटो स्कूली ग्रुप के फोन में प्रसारित हो गए। जांच में पता चला कि ये फोटो एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए 'कपड़ा उतारने वाले ऐप' के जरिए बनाए गए थे। हाल ही में अपने देश में भी दक्षिण भारत की मशहूर अदाकारा रश्मिका मंदाना के अश्लील फोटो डीपफेक तकनीक के जरिए तैयार करके प्रसारित किए गए। पुलिस अभी इसकी जांच कर रही है..लेकिन माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अगर इस तकनीक के इस्तेमाल के लिए कड़े कानून और ठोस दिशानिर्देश नहीं बनाए गए तो यह समाज के लिए चुनौती बनकर उभरेगा जिसकी वजह से कानून और व्यवस्था की समस्या खड़ी हो सकती है।

सोशल मीडिया के मोर्चे पर दूसरी चुनौती रहेगी उसकी घटती साख। द अटलांटिक में छपे एक लेख के अनुसार, सोशल मीडिया की साख घटेगी। जिसकी वजह से इसके पारंपरिक रूपों मे गिरावट आएगी। सोशल मीडिया का प्लेटफॉर्म एक्स, जिसे अतीत में ट्वीटर नाम से जाना जाता था, में अराजकता और बढ़ेगी। क्योंकि उसका अल्गोरिद्म अराजकता को ही बढ़ावा देता है। इसका असर दूसरे सोशल मीडिया मंचों पर भी दिख रहा है।

चूंकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की जरूरत सामाजिकता को बढ़ावा देने की है। लेकिन अब तक उपलब्ध माध्यमों में सामाजिकता सीमित हुई है और अराजकता बढ़ी है। पश्चिमी देशों में हुए शोधों से पता चल रहा है कि अब स्थितियां बदल रही हैं। इसलिए सार्थक संवाद वाले नए प्लेटफॉर्म भी विकसित हो सकते हैं। अराजकता के बाद अब प्रमाणिकता की ओर दुनिया ज्यादा गहरी निगाह लगाए बैठी है। इसलिए अब सोशल मीडिया मंचों पर प्रमाणिक जानकारियों की जरूरत बढ़ेगी। छोटे वीडियो इन दिनों बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। हालांकि उनके विस्तार में अब तक अश्लीलता और अर्धनग्नता को बड़ा कारक माना गया है। अब इसकी ओर रूझान घट रहा है। अब लोग कुछ बेहतर चाह रहे हैं। इसलिए ऐसे वीडियों जो शॉर्ट हों, लेकिन उनके जरिए कुछ सार्थक संदेश मिल रहे हों, आने वाले दिनों में उनकी मांग बढ़ेगी। जानकारों का मानना है कि साल 2024 में सोशल मीडिया पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और सामाजिक रूप से जिम्मेदार उपभोक्ताओं में बढ़ोत्तरी दिखेगी। पर्यावरण के प्रति जागरूक और सामाजिक रूप से जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की बढ़त को जानकार प्रमाणिकता की ही बढ़त के रूप में देखते हैं। कह सकते हैं कि कुछ मोर्चे पर सोशल मीडिया अच्छा करेगा तो कुछ मोर्चे पर खराब करेगा। वर्तमान में दुनिया भर में 4.95 अरब लोग सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



राम मंदिर
प्रो. नीलम महाजन सिंह

22 जनवरी को राम मंदिर का भव्य उद्घाटन होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। इसे स्वतंत्र भारत में मील का पत्थर माना जा रहा है, जैसे इतिहास करवट ले रहा हो। लंबे समय तक अयोध्या एक उपेक्षित कस्बे के रूप में ही रहा, जहां राम जन्मभूमि विवादों में रही। आधुनिक शहर की तर्ज पर अयोध्या को विकसित किया जा रहा है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, सड़कों और चौक-चौराहों को भव्य बनाने के साथ ही 'राम की पैड़ी' को भी नये तरह से सजाया संवारा गया है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्रथम चरण के पूरा होने के साथ ही हिंदू धर्म के भावों को व्यावहारिकता प्राप्त होगी। राम मंदिर के नाम पर देश में राजनीतिक बंटवारा नहीं होना चाहिये। राम सबके हैं।

# स्वतंत्र भारत में मील का पत्थर

अयोध्या अभी चर्चा में है। 22 जनवरी को राम मंदिर का भव्य उद्घाटन होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। इसे स्वतंत्र भारत में मील का पत्थर माना जा रहा है, जैसे इतिहास करवट ले रहा हो। राम जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लाइव प्रसारित किया जाएगा। अयोध्या के इतिहास में, 9 नवंबर 2019 को देश की सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर पर हिन्दुओं के दावे को स्वीकार करते हुए उसे हिन्दूओं के पक्ष को देने वाले फैसले के दूरगामी परिणाम हैं। इसीलिए चार साल बाद जब अयोध्या में राम जन्म भूमि पर रामलला का भव्य मंदिर आकार ले रहा है तब इसके उद्घाटन में अनेक गणमान्य व्यक्तियों को विश्व भर से आमंत्रित किया जा रहा है। बाबरी मस्जिद विवाद के बाद हुए, राजनीतिक कशमाकश अब इतिहास में लुप्त हो गए हैं। जहां एक और राम रथ यात्रा के दौरान, लाल कृष्ण आडवाणी, राम की तीर कमान लिये हुए, अनेक राज्यों का दौरा कर रहे थे, तो उसी समय नरेंद मोदी, भाजपा जनरल सेक्रेटरी थे, व उन्होंन ही रथयात्रा की पूर्ण तैयारी और संचालन किया था। हालांकि राजीव गांधी सरकार के गृह मंत्री, मरहूम अरुण नेहरू ने मंदिर के ताले खुलवाने का कार्य किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कैबिनेट की बैठक में, अन्य निर्णयों के साथ एक महत्वपूर्ण निर्णय; 'अयोध्या तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद' के गठन का किया है। इस 'तीर्थक्षेत्र विकास परिषद' के गठन के साथ न केवल अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न हुआ है, बल्कि पूरे अयोध्या परिक्षेत्र को एक तीर्थक्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस मौके पर नरेंद मोदी ने कहा, 'अयोध्या नगरी एक नये युग की ओर जा रही है। पूरी दुनिया आज रामनगरी की ओर आकर्षित हो रही है'। ऐसा माना जाता है कि 1525 में राम जन्मभूमि मंदिर को बाबर के सेनापति 'मीर बांकी' ने ध्वस्त करवाया था। बाबरी मस्जिद के तीन गुंबद थे जिसके बाहरी हिस्से में एक चबूतरे में श्रीराम के बाल स्वरूप की पूजा होती थी। इसे 'राम चबूतरा' कहते थे। 1949 में बाबरी मस्जिद के मुख्य गुंबद के ठीक नीचे, वही मूर्ति निकली जो सदियों से राम चबूतरे पर विराजमान थी। यह कहना उचित होगा कि जहाँ एक ओर, मुस्लिम समुदाय हज करने, पवित्र स्थान मक्का मदिना जाते हैं, ईसाई समुदाय के लिए, रोम में वैटिकन सिटी है, सिख समुदाय के लिए, अमृतसर का स्वर्ण मंदिर है, उसी प्रकार हिन्दुओं के लिए, राम भगवान का अयोध्या में राम मंदिर, महत्वपूर्ण तीर्थ स्थान होगा।

यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया थी। जहां अटल बिहारी वाजपेयी तो बाबरी मस्जिद ध्वस्त होने पर, निराश और व्याकुल हुए, वहीं दूर से, लाल कृष्ण आडवाणी, उमा भारती, अशोक सिंघल व अनेक कारसेवक खुशी से नाच रहे थे। अब अयोध्या में राम मंदिर के लिए हुए आंदोलन का नेतृत्व करने वाले, बीजेपी नेता लालकृष्ण आडवाणी, 97 वर्ष और मुरली मनोहर जोशी, 91 वर्ष के हो गए हैं। राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए, राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव, चंपत राय ने



मीडिया से कहा, 'दोनों नेता परिवार के बड़े हैं, परन्तु उनकी उम्र को देखते हुए, उनसे समारोह में न आने के लिए कहा गया है, जिसे दोनों ने स्वीकार भी कर लिया है'। क्योंकि राम मंदिर के उद्घाटन को अत्यंत भव्य स्तर पर किया जा रहा है; ये स्वाभाविक भी है कि, आडवाणी व जोशी के स्वास्थ्य के कारण उनकी देखरेख करना प्रशासन के लिए मुश्किल होगा। वे बाद में भी अयोध्या जा सकते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि जब से अयोध्या में 'रामलला टेंट से बाहर' आये हैं वहां जानेवाले दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ी है।


लंबे समय तक अयोध्या एक उपेक्षित कस्बे के रूप में ही रहा, जहां राम जन्मभूमि विवादों में रही। वैसे भी अयोध्या कोई बड़ा शहर नहीं बल्कि फैज़ाबाद का एक कस्बा है। भारत के अन्य तीर्थक्षेत्रों जैसी इसकी महत्ता ज़रूर है, लेकिन आर्थिक रूप से यह एक विपन्न शहर था। अभी पुलिस प्रशासन की भारी मौजूदगी के कारण लोगों का अयोध्या जाना लगभग बंद है। सिर्फ आसपास के स्थानीय लोग ही हनुमानगढ़ी जाते हैं। जहां तीर्थयात्री आयें तो वहां संपन्नता आयेगी ! 2017 तक कमोबेश यही स्थिति बनी रही। उत्तर प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद कुछ हुआ या न हुआ, मगर एक नगर के रूप में अयोध्या का वनवास खत्म हो गया। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने, जिनके दादागुरु महंत दिग्विजय नाथ ने ही 1949 में बाबरी मस्जिद के भीतर रामलला विराजमान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अयोध्या का राम जन्मभूमि मंदिर मात्र राजनीतिक या धार्मिक आस्था का ही विषय नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में प्रदेश सरकार की ओर से हर प्रकार की मांग को पूरा किया गया है; बल्कि अयोध्या के विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। अयोध्या में दीपावली से एक दिन पहले 'भव्य दीपोत्सव' की शुरुआत अयोध्या का प्रमुख आकर्षण बन गया है। घरेलू हों या वैश्विक पर्यटक, अब बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश आते हैं। इसका कारण यहां के धार्मिक स्थल हैं जिसमें काशी, प्रयाग, मथुरा व वृन्दावन आनेवाले पर्यटक हैं। इसके अलावा आगरा का ताजमहल भी पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र है। अब 'राम की पैड़ी' व उन मंदिरों का रंग रोगन कराया गया जिन पर दशकों से बदरंग होने की उदासी छायी हुई थी। कोरिया की महारानी, 'किम जुंग शुक' भी बतौर अतिथि यहां आ चुकी हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि उस राजघराने की पहली महारानी अयोध्या की राजकुमारी थीं। इस समय अयोध्या में 3,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अयोध्या कैण्ट (पूर्व फैज़ाबाद) से लता मंगेशकर चौक तक के रामपथ की साज-सज्जा की जा रही है। इसके बाद भक्ति पथ और राम जन्मभूमि पथ को भी न सिर्फ चौड़ा किया गया है बल्कि उन्हें आधुनिक शहर की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, सड़कों और चौक-चौराहों को भव्य बनाने के साथ ही 'राम की पैड़ी' को भी नये तरह से सजाया संवारा गया है। आसपास की 8 झीलों का सुन्दरीकरण, चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का सुन्दरीकरण, सूर्यकुण्ड के सूर्य मंदिर का विकास, गुप्तार घाट के सौंदर्यकरण के साथ ही, अयोध्या के सभी मंदिरों के आसपास यात्री सुविधाओं का विकास शामिल है। नव्य अयोध्या, मंदिर स्थापत्य संग्रहालय, पंच सितारा होटल आदि का विकास, लंबी अवधि में होगा। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्रथम चरण के पूरा होने के साथ ही हिंदू धर्म के भावों को व्यावहारिकता प्राप्त होगी। राम मंदिर के नाम पर राजनीतिक बंटवारा नहीं होना चाहिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य नायक हैं। इतिहासकार राम मंदिर के उद्घाटन को 'एक नए युग का आरंभ' मान रहें हैं। यह सभी के लिए अभिमान हैं।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार, राजनैतिक समीक्षक, सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण व परोपकारक, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।


# जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा। *-श्री श्री रविशंकर*

# मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित
प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी-सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़िया कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारों कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

सटाका




आज की पाती

## साइबर अपराध रोकने के लिए उठाएं सख्त कदम


हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सभी छोटे-बड़े प्राइवेट बैंकों को यह सुझाव दिया है कि सभी साइबर सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएं। इसके लिए सभी बैंकों को 24 गुणा 7 हेल्पलाइन अपने उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवानी चाहिए और सभी फोन नंबर जो हेल्पलाइन के लिए उपलब्ध करवाए जाएं, वो भी हर वक्त दुरुस्त रहें और फ्री रहें। एसबीआई क्रेडिट कार्ड ने अपना हेल्पलाइन नंबर मुफ्त सुविधा से वंचित रखा है। यहां कॉल करने के लिए एक मिनट के लिए लगभग 2 रुपए पड़ते हैं। हमारा देश डिजिटल लेन-देन की ओर कदम तो बढ़ा चुका है, लेकिन कुछ साइबर चोर इसकी राह में ठगी करके बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। देश में दिन-प्रतिदिन साइबर ठगी की खबरें पढ़ने और सुनने को मिल रही हैं।

*- महेंद्र दीवान, राजनांदगांव*

करंट अफेयर

# भारत-रूस संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं : पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि दुनिया में 'वर्तमान उथल-पुथल' के बावजूद रूस के भारत और उसके लोगों के साथ संबंध 'लगातार आगे' बढ़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत में अगले आम चुनाव के बाद भले 'कोई भी राजनीतिक समीकरण' बने लेकिन दोनों देश अपने पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखेंगे। पुतिन ने यह टिप्पणी बुधवार को तब की जब विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने क्रेमलिन में उनसे मुलाकात की। पुतिन ने कहा, ''हमें यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल के बावजूद, एशिया में हमारे पारंपरिक दोस्तों, भारत और भारतीयों के साथ संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं।''




यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्रवाई के बावजूद भारत और रूस के बीच संबंध मजबूत बने हुए हैं। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है और वह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। पुतिन ने कहा, 'हम प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के रुख को जानते हैं और हम यूक्रेन की स्थिति, उनकी चिंताओं और जटिल प्रक्रिया के संबंध के बारे में लगातार बातचीत की है।' रूसी राष्ट्रपति ने कहा, मैंने उन्हें इस संघर्ष की स्थिति के बारे में बार-बार सूचित किया है।

ऑफ बीट

# त्वचा विज्ञान की दृष्टि से टैटू क्या है

तो आप अपनी टैटू वाली त्वचा की देखभाल कैसे करते हैं? यहां आपको सनबर्न, पसीना और रंग फीका पड़ने के बारे में जानने की जरूरत है।



त्वचाविज्ञान की दृष्टि से टैटू क्या है? टैटू की स्याही त्वचा की परत जिसे डर्मिस कहा जाता है, में जमा होती है। इस परत में पसीना और तेल ग्रंथियां, रक्त आपूर्ति, प्रतिरक्षा कोशिकाएं, त्वचा की संरचनाओं का समर्थन करने के लिए कोलेजन और फाइब्रोब्लास्ट होते हैं, जो कोलेजन का उत्पादन करते हैं। फ़ाइब्रोब्लास्ट स्याही के कणों को ग्रहण करते हैं, जैसे कि त्वचा ऊतक में प्रतिरक्षा कोशिकाएं जिन्हें मैक्रोफेज कहा जाता है। स्याही के कण कोलेजन के बंडलों के अंदर भी चिपक जाते हैं। इन तीन तंत्रों के बीच, डर्मिस टैटू स्याही को इतनी अच्छी तरह से पकड़ता है कि उन्हें 5,300 साल पुरानी हिम ममी ओत्ज़ी पर भी देखा जा सकता है। अगर मैं धूप से झुलस गया हूँ तो क्या मैं टैटू बनवा सकता हूँ? नहीं, और कई टैटू बनाने वाले ऐसा नहीं करेंगे। सनबर्न के दौरान, आपकी त्वचा अतिरिक्त प्रतिरक्षा कोशिकाओं और तरल पदार्थ को उन कोशिकाओं को मारने और तोड़ने के लिए सक्रिय करती है जिनमें बहुत अधिक यूवी क्षति होती है। यह प्रदाह टैटू की स्याही के जमाव को प्रभावित कर सकता है।

ट्रेंड

## प्रभावशाली आवाज



2023 को यादगार बनाते हैं। इस वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में प्रभावशाली जी20 का नेतृत्व किया और एक ऐसे भविष्य के लिए मंच तैयार किया जहां भारत वैश्विक दक्षिण की प्रभावशाली आवाज के रूप में उभरेगा।

-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

## युवाओं की पीड़ा



अस्थायी भर्ती के लिए लाई गई अग्निवीर योजना की आड़ में सेना एवं एयरफोर्स की 'स्थायी भर्ती प्रक्रिया' को रद्द कर सरकार ने युवाओं की मेहनत पर पानी फेर दिया। इन छात्रों की पीड़ा शायद मुख्यधारा में जगह न बना सके।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

## राम सेतु की प्राण प्रतिष्ठा



मेरे पिछले ट्वीट के लाखों रीट्वीट में से कई लोगों ने मुझसे भगवान श्री राम द्वारा राम सेतु प्राण प्रतिष्ठा पूजा करने का उल्लेख करने के लिए कहा है। यह कितने लोग जानते हैं?

-सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता

## बहुत शानदार, लाजवाब



अभिनव बिन्द्रा शूटिंग रेंज हॉल में यह मुझे प्रेरित करने के लिए पर्याप्त था जब मैंने अपनी तीसरी कोशिश में बुल्सआई मारा। मुझे ऐसा लग रहा था कि कुछ भी हो सकता है। वहां पूर्वी चंदेला ने मुझे खासकर बहुत प्रभावित किया। वो बहुत शानदार, लाजवाब हैं। जय हो।

-अनुपम खेर, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस स्थापना दिवस पर नागपुर पहुंचे सीजी से 25 हजार कांग्रेसी

**रायपुर।** कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर गुरुवार को नागपुर की राष्ट्रव्यापी रैली में प्रदेश के 25 हजार से अधिक कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए। 28 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 139वें वर्ष में प्रवेश किया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार कांग्रेस स्थापना दिवस पर प्रदेशभर में कार्यक्रम हुए। प्रदेश के सभी जिला, शहर, नगर एवं ब्लॉक मुख्यालय सहित प्रत्येक मतदान केंद्रों में सुबह नौ बजे पार्टी का झंडा फहराया। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में 'है तैयार हम' राष्ट्रीय स्तर की रैली निकाली गई। कांग्रेस की इस रैली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई दिग्गज शामिल हुए।

### ग्रीस से पहुंचे नीस दंपती ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को जाना



**रायपुर।** राजधानी के नालंदा परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में ग्रीस से पहुंचे नीस दंपती ने राज्य निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में करीब से जाना। जनसंपर्क विभाग के संयुक्त संचालक सुरेंद्र ठाकुर ने इन्हें विस्तार से जानकारी दी। ग्रीस से नीस दंपती भारत पर्यटन के लिए आया है। बस्तर की खूबसूरती के बारे में सुनकर दंपती छत्तीसगढ़ प्रवास पर आया है। फिलहाल यह दंपती रायपुर में है। दंपती को बुधवार को अटल तथा छत्तीसगढ़ पर केंद्रित प्रदर्शनी की जानकारी मिली तो वे नालंदा परिसर पहुंचे।

### धान का अवैध परिवहन रोकने सीमा पर होगी वाहनों की जांच

**रायपुर।** प्रदेश में अन्य राज्यों से धान का अवैध परिवहन रोकने के लिए सीमा से सटे इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जाएगी। साथ ही चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की सघन जांच-पड़ताल भी की जाएगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक ने सभी रेंज पुलिस महानिरीक्षकों और अधीक्षकों की वर्चुअल बैठक लेकर राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टरों से आवश्यकतानुसार संयुक्त टीम बनाकर धान के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए कार्रवाई करने के लिए कहा।

## प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन पदाधिकारियों की बैठक में लक्ष्य तय

# लोकसभा चुनाव में हर बूथ जीतने व 51 फीसदी वोट हासिल करने काम करेंगे भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

» मतदाता वंदन, कार्यकर्ता अभिनंदन, मोदी का धन्यवाद, राजनीतिक प्रस्ताव पारित

» कार्यकर्ता नमो एप से जुड़कर 100 डे चैलेंज में 10 लोगों को जोड़ेंगे

भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने बुधवार को तय किया कि विधानसभा चुनाव में 48.62 प्रतिशत वोट शेयर भाजपा को प्राप्त हुआ है, इसे 2024 के लोकसभा चुनाव में 60 प्रतिशत से अधिक पर लेकर जाना है। लोकसभा चुनाव में हर बूथ को जीतने का लक्ष्य लेकर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्य करें। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव और हर बूथ पर जाकर जनता से संपर्क करें। उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाएं। प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश भर के संगठन पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक को केंद्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, सभी जिलों के अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला महामंत्री के साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रदेश एवं जिला टोली के पदाधिकारी प्रभारी व सह प्रभारी मौजूद थे।

बैठक को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश महामंत्री हितानंद, नमो एप के राष्ट्रीय संयोजक कुलजीत चहल ने संबोधित किया।



### कम से कम एक हजार लोगों को पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाएं: बंसल

*लघु कार्य समिति की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बंसल ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना में हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक हजार लोगों को लाभ दिलाएं। इस योजना में 18 वर्ग शामिल किए गए हैं। विधानसभा स्तर पर पार्टी एक समिति बनाएं और वह समिति गांव-गांव जाकर इस योजना के पात्र व्यक्तियों से संपर्क कर पोर्टल पर उनका नामांकन कराएं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस योजना के लिए 13 हजार करोड़ का बजट रखा है।*



### संगठन की ताकत से जीता विधानसभा चुनाव: शर्मा

*प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह के कुशल रणनीति तथा संगठन की ताकत से विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल हुई है। लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटों को जीतकर प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे, उनके हाथ मजबूत करेंगे।*

### बूथ स्तर से लेकर प्रदेश पदाधिकारी तक नमो एप में विकसित भारत एंबसेडर बनेंगे कार्यकर्ता

*पदाधिकारियों ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता नमो एप से जुड़ें। बूथ स्तर से लेकर प्रदेश पदाधिकारी तक नमो एप में विकसित भारत एंबसेडर बनें और 100 डेज चैलेंच लें। हर कार्यकर्ता नमो एप से कम से कम दस ऐसे व्यक्तियों को जोड़ें।*

### अजा, अजजा का भाजपा को साथ

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बंसल ने कहा कि मप्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के बीच भी भाजपा ने 2018 से बेहतर प्रदर्शन किया है।

### जनता को बताएं संकल्प-पत्र के हर वादे को पूरा करेगी सरकार: सीएम डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जो संकल्प-पत्र जारी किया है, उसके हर वादे को पूरा किया जाएगा। पांच वर्ष के लिए सरकार बनी है, पांच वर्ष के अंदर सभी वादे पूरे कर लिए जाएंगे, यह बात भाजपा के कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर बताएं। सरकार जनवरी से रजिस्ट्री के बाद अपने आप नामांतरण की व्यवस्था लागू कर रही है, इससे जनता को नामांतरण के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा और शासन व्यवस्था में और सुचिता आएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को और प्रभावी तरीके से लागू करके हर जिले में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज खोलने के साथ छात्रों के दस्तावेजों के लिए डिजी लॉकर की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान रामलला विराजमान होंगे, इसके लिए राज्य सरकार 21 जनवरी से ही अयोध्या जाने वाले प्रदेशवासियों पर राज्य की सीमाओं पर पुष्पवर्षा कर अभिनंदन करेगी।*

### विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर बैठक में रखा राजनीतिक प्रस्ताव

*मप्र विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर बैठक में एक राजनीतिक प्रस्ताव रखा। इसमें प्रदेश महामंत्री शरदेंदु तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, मध्यप्रदेश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, सुशासन, विकास, गरीब कल्याण के कार्य, महिला, युवा, किसान और गरीबों के लिए भाजपा की कल्याणकारी नीतियां, सभी वर्गों का भाजपा के प्रति विश्वास ही है जो मप्र की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को अब तक का सबसे सर्वाधिक मत देकर प्रचंड बहुमत से जिताया है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद और कोटि-कोटि आभार। साथ ही मप्र की जनता जनार्दन का वंदन और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हैं। प्रस्ताव का समर्थन प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक चिंतामणि मालवीय, प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल और विधायक मनीषा सिंह ने किया।*

## राजस्व विभाग के मैदानी अमले की जवाबदेही तय

# कार्ययोजना बनाकर होगा समस्याओं का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आम जनता के राजस्व से जुड़े कार्यों जैसे नामांतरण, बंटवारा, मालिकाना हक आदि का निराकरण करने के लिए मैदानी अमले की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएं। कार्ययोजना बनाकर राजस्व प्रकरणों को हल करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय कक्ष में एक बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजस्व प्रशासन में सूचना प्रौद्योगिकी के अधिकतम प्रयोग के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में साइबर तहसील व्यवस्था, संपदा पोर्टल के उपयोग, राजस्व विभाग में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल और राजस्व समस्याओं के स्थल पर निराकरण के संबंध में चर्चा हुई। प्रमुख सचिव राजस्व ने विभाग में किए गए नवाचारों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मप्र में राजस्व सुधारों के लिए की गई प्रशंसा से भी अवगत कराया।

### सीएम डॉ. मोहन ने दिए दिशा-निर्देश

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पारदर्शिता से कार्यों का संपादन हो। प्रशासन में आईटी का अधिकतम प्रयोग किया जाए। शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याएं हल करें। ऑन-द-स्पॉट समाधान की कार्रवाई हो। पटवारी अपने मुख्यालय ग्राम पंचायत में रात्रि विश्राम करें। राजस्व कर्मचारियों की जवाबदेही तय करें। विभागीय स्तर पर दिखाई देने वाली कमियां दूर करें। नागरिक परेशान न हों, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करें। लंबित कार्यों की सतत समीक्षा करें। अभियान संचालित कर समस्याओं का निराकरण करें। जहां आवश्यक हो, पुलिस बल का सहयोग लेकर नागरिकों की राजस्व दिक्कतें हल करें।

## पूर्व मंत्री रुद्र गुरु के बंगले के कंप्यूटर रूम में लगी आग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री रुद्र गुरु के रायपुर के गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंगले में आग लग गई। खबरों के अनुसार पूर्व मंत्री के बंगले के कंप्यूटर रूम में आग लगी है। बताया जा रहा है कि आग लगने से आलमारी में रखे सारे दस्तावेज जलकर खाक हो गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

वहीं साथ में गंज थाना की टीम भी मौके पर पहुंची। अभी आग लगने की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री का बंगला गुरुवार को खाली किया जा रहा था।

## मप्र के अगले मुख्य सचिव को लेकर एक बार फिर से अनुराग जैन को लेकर चर्चाएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के मुख्य सचिव को लेकर एक बार फिर से चर्चाएं शुरू हो गई है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अफसर अनुराग जैन को मप्र के मुख्य सचिव की दौड़ में आगे माना जा रहा हैं। अभी वे केंद्र में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में सचिव के पद पर पदस्थ हैं। एक खबर यह भी है कि उन्हें केंद्र में ही कैबिनेट सेक्रेटरी बनाया जा सकता है।



### बुधवार को कार्यक्रम में भोपाल आए अनुराग

*हालांकि अनुराग जैन सक्रियता से मप्र आने की संभावना बढ़ गई है। बुधवार को जब वे एक कार्यक्रम में भोपाल पहुंचें तो संभावना जताई जाने लगी कि जैन की मप्र में वापसी होने वाली है। हालांकि अभी यह सिर्फ कयास माना जा रहा है। यह भी चर्चा है कि उनकी यह यात्रा इसी मकसद से जुड़ी हुई हो सकती है। वे नेशनल हाईवे पर एक कार्य का निरीक्षण करने भी गए थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वे भोपाल में प्रमुख लोगों से मिल सकते हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जब दिल्ली यात्रा पर थे, तो अनुराग जैन की मुलाकात उनसे हुई थी। तभी से कयास लग रहे हैं कि वे मध्यप्रदेश के अगले मुख्य सचिव हो सकते हैं।*

## किरण देव की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक में हुई चर्चा

# लोकसभा चुनाव की तैयारी: प्रदेश संगठन में महामंत्रियों व कुछ जिलाध्यक्ष बदले जाएंगे

### छत्तीसगढ़ में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं को दी जीत की बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भारतीय जनता पार्टी अब लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की अध्यक्षता में गुरुवार को रायपुर में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हुए।

बैठक में सबसे पहले प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कार्यकर्ताओं को जीत का श्रेय देते हुए बधाई दी। इसके बाद प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी सहित सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी गण का धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय पदाधिकारी गण की बैठक का जिक्र करते हुए प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बताया कि आप सब की ओर से प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं को बधाई दी।



### लोकसभा के लिए दिया मार्गदर्शन

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को भी उनके अध्यक्ष के कार्यकाल में शानदार प्रयासों के लिए बधाई दी। मीडिया टीम और प्रवक्ता गण को भी बधाई दी। लोकसभा चुनाव के लिए मार्गदर्शन दिया।

**बन सकती है नई कार्यकारिणी**

इधर, किरण देव के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद संगठन में बदलाव की चर्चा तेज हो गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। इसमें महामंत्रियों के अलावा कुछ जिला अध्यक्ष भी बदले जा सकते हैं।

### '296 करोड़ वाला व्यक्ति 12 लाख रुपए छोड़ दे तो कौन सी बड़ी बात है'

**भोपाल।** पूर्व सीएम उमा भारती ने विधायक और मंत्री चेतन्य काश्यप को नसीहत दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मंत्री चेतन काश्यप ने अपनी संपत्ति 296 करोड़ घोषित की हैं। वो अपना विधायक का वेतन नहीं लेते जो साल का करीब 12 लाख रुपए होता है। उमा भारती ने लिखा कि 296 करोड़ रुपए वाला व्यक्ति अगर सरकार के 12 छोड़ देता है तो इसमें कौन सी बड़ी बात हैं। उन्होंने आगे लिखा कि चेतन्य कश्यप सरकार को वेतन वापस करने के बजाए यह राशि अभावग्रस्त लड़कियों की शिक्षा पर खर्च करें।



## लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

# प्रकोष्ठों की बैठक में बोले पटवारी- लोकसभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाएं, अभी भी हमारे सामने संघर्ष है

» पीसीसी अध्यक्ष बनने के बाद 5 विभागों और 50 प्रकोष्ठ अध्यक्षों के साथ बैठक कर चुके पटवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस के लगभग 15 विभागों और 50 प्रकोष्ठों के अध्यक्षों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। बैठक के बाद पटवारी ने अध्यक्षों के साथ वन-टू-वन चर्चा की।

पटवारी ने कहा कि आप सभी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य करें। लोकसभा चुनाव हमारे सामने हैं हम सभी को मिलकर काम करना है।

### विभाग प्रकोष्ठ की संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका

बैठक में विभागों और प्रकोष्ठों के प्रभारी जेपी धनोपिया ने कहा कि मप्र कांग्रेस के सभी विभाग और प्रकोष्ठ तन्मयता के साथ काम कर रहे हैं। पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा ने कहा कि नए प्रदेश अध्यक्ष बनने से नौजवानों में अद्भुत ऊर्जा, जोश और उमंग का संचार हुआ है, निश्चित ही संगठन को मजबूती मिलेगी। संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने कहा कि मप्र कांग्रेस कमेटी में कार्यरत विभाग और प्रकोष्ठ की संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## विभागों के लिए भाजपा में लगाई जा रही बोलियां: बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल के गठन के बाद विभागों का बंटवारा नहीं होने के मामले में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मलाईदार विभागों के लिए भाजपा में जूतम-पैजार हो रहा है। इसलिए विभागों का बंटवारा नहीं हो पा रहा है। भाजपा ने इस आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी ही पार्टी के भीतर मचे घमासान को नहीं रोक पा रही है। कांग्रेस को यह रास नहीं आ रहा है कि बिना विभागों के बंटवारे के भी कोई सरकार एक राय होकर जनता की सेवा का संकल्प लेकर कैसे आगे बढ़ रही है।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा में अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसलिए मंत्रिमंडल के विभागों का बंटवारा नहीं हो पा रहा है। विभागों के लिए बोलियां लगाई जा रही है। अब तो ये भी तय किया गया है संगठन का एक व्यक्ति मंत्री के साथ रखा जाएगा। रही बात निःशुल्क राशन की तो कांग्रेस की सरकार में भी प्रदेशवासियों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा था।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में हार के बाद कांग्रेस में फेरबदल तय

# जिलाध्यक्षों पर गिर सकती है गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा चुनाव में बड़ी हार के बाद कांग्रेस में संगठन स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों पर फेरबदल की तैयारियां चल रही है। राजधानी में दो दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद कई महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन सुझावों पर 28 दिसंबर के बाद निर्णय लिया जाएगा। नागपुर में कांग्रेस की महारैली के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई महत्वपूर्ण पदों पर भी नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है।

सबसे पहले उन जिलों को सामने रखा जाएगा, जहां विधानसभा में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। इसमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सहित 15 से अधिक जिले हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद जिलाध्यक्षों की भूमिका पर सवाल उठ चुके हैं। प्रदेशाध्यक्ष को बदलने की संभावना कम है। विधानसभा चुनाव के चार महीने पहले ही दीपक बैज को कमान सौंपी गई थी। इससे पहले मोहन मरकाम प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष थे।

## एसआई कैंडिडेट्स ने रायपुर में निकाला कैंडल मार्च

# 6 साल से अटका रिजल्ट, नियुक्ति आदेश देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर में एसआई भर्ती परीक्षा के चयनीत कैंडिडेट्स ने अंबेडकर चौक से सुभाष स्टेडियम तक कैंडल मार्च किया। अभ्यर्थी इंटरव्यू रिजल्ट जारी कर नियुक्ति आदेश देने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि 6 साल से 1300 कैंडिडेट्स का रिजल्ट अटका हुआ है।

प्रदर्शन के दौरान भूतपूर्व सैनिक भीखम साहू और करण राज बघेल ने कहा कि हम प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से आए हैं। हम चाहते हैं कि सरकार जल्द से जल्द परिणाम घोषित करें। कैंडिडेट्स ने एसआई भर्ती रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर बीते रविवार को बिलासपुर से रायपुर तक पैदल तिरंगा यात्रा की थी। यात्रा में वे 120 किलोमीटर पैदल चलकर करीब 200 कैंडिडेट्स रायपुर पहुंचे। प्रतियोगियों ने बताया कि प्रदेश भर के 1300 उम्मीदवार चयनित हो चुके हैं, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया।




**975 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी**

उन्होंने बताया कि पिछले 6 साल से एसआई भर्ती प्रक्रिया अटकी हुई है। 2018 में एसआई, प्लाटून कमांडर सहित 975 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। कई चरणों में भर्ती के लिए एग्जाम लिए गए, जिसमें शारीरिक दक्षता परीक्षा, एंट्रेस एग्जाम और मुख्य परीक्षा मई 2023 में आयोजित की गई। इसके बाद सितंबर में साक्षात्कार के बाद चयन सूची जारी की गई थी, लेकिन नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया गया।

### जारी नहीं किया नियुक्ति आदेश

नियुक्ति आदेश जारी नहीं होने से परेशान होकर चयनित उम्मीदवारों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें बताया था कि भर्ती की सभी प्रक्रिया पूरी हो गई है और मेरिट लिस्ट भी जारी कर दी गई है। नियुक्ति और पोस्टिंग आदेश जारी करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री, राज्यपाल सहित नेताओं से मुलाकात की थी, जिसके बाद भी नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया गया। अभ्यर्थियों की तरफ से उनके वकील ने अर्जेंट हियरिंग के लिए आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य शासन को चुनाव आयोग से अनुमति लेकर नियुक्ति आदेश जारी किया था। बता दें कि, नियुक्ति आदेश जारी होने से पहले ही प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो गई थी, जिसके कारण आदेश जारी नहीं किया गया था।



## ‘फाइटर’ का नया पोस्टर रिलीज, 25 जनवरी को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म ‘फाइटर’ का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style



# रेखा

## मुझे तो मार-मारकर एक्ट्रेस बनाया गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस रेखा उन अदाकाराओं में से हैं जिनकी खुद की जिंदगी पर एक फिल्म तक बनाई जा सकती है। शुरू से लेकर आज तक ना जाने कितने ही उतार चढ़ाव देखे हैं रेखा ने अपनी जिंदगी में। वहीं सिमी ग्रेवाल के चैट शो में जब रेखा पहुंचीं तो उन्होंने बताया कि उन्हें एक्टिंग से बिल्कुल लगाव नहीं था और वो कभी एक्ट्रेस भी नहीं बनना चाहती थीं।

वो कभी एक्टिंग की दुनिया में आना ही नहीं चाहती थीं बल्कि उन्हें तो मार-मारकर एक्ट्रेस बनाया गया। रेखा की मां साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस थीं लिहाजा वो चाहती थीं कि उनकी बेटी भी एक्टिंग की दुनिया में नाम कमाए। बेहद छोटी उम्र में ही रेखा से उनकी मां ने एक्टिंग करवाना शुरू कर दिया था। शुरुआत में वो साउथ की फिल्मों में ही दिखीं लेकिन 13 साल की उम्र में उन्होंने अपनी मां के साथ मुंबई का रुख किया ताकि वो हिंदी फिल्मों में काम कर सकें। ये इच्छा भी उनकी मां की ही थी ना कि रेखा की। रेखा की पहली हिंदी फिल्म थी सावन भादों थी जिसमे वो नवीन निश्चल के अपोजिट नजर आई थीं। इस फिल्म के लिए उन्हें काफी सराहा गया था। वहीं फिल्म रिलीज होने के बाद रेखा और नवीन निश्चल का नाम एक दूसरे के साथ खूब जुड़ा। कहा जाता है कि शूटिंग के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई थीं। एक्ट्रेस रेखा ने ये भी रिवील किया कि उनका पूरा बचपन खिलौनों की बजाय सेट पर काम करते हुए बीता जो उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं था। लिहाजा वो शूटिंग से ब्रेक लेने का बहाना बनाया करती थीं कभी बुखार तो कभी कुछ कहकर वो सेट से कई-कई घंटों के लिए गायब हो जाया करती थीं।

## हॉलीवुड मसाला



## पैरासाइट फेम एक्टर नहीं रहे

**लॉस एंजिलस।** साउथ कोरिया के जाने माने एक्टर ली सुन क्युन ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। खबरों के अनुसार, अभिनेता का शव उनकी कार में मिला जिसके बाद पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। पुलिस को इस बात का शक है कि अभिनेता ने सुसाइड की है। आपको बता दें कि ली ने ऑस्कर विनिंग ‘पैरासाइट’ फिल्म में मुख्य रोल निभाया था। इनके इस रोल को लोगों ने काफी पसंद किया था। इसके अलावा इन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में फिल्म ‘साइको ड्रामा’ से की थी।



## भारत में छुट्टियां मनाने आईं पॉप सिंगर लीपा, पहुंचीं राजस्थान

**मुंबई।** भारत आईं पॉप सिंगर दुआ लीपा इन दिनों राजस्थान की सैर पर हैं। दुआ राजस्थान की सड़कों पर आराम से घूमते हुए स्पॉट हुईं। इस मशहूर पॉप सिंगर ने राजस्थान से कई फोटोज शेयर की हैं.।जिसमें वो कभी कैमरे के सामने सेल्फी लेती नजर आईं तो कभी वहां की फेमस जगहों पर फोटोज क्लिक करवाती दिखीं। दुआ ने इन तस्वीरों को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। फोटोज को शेयर कर कैप्शन में लिखा- ‘मेरी तरफ से आप सभी को हैप्पी हॉलीडे। आप सभी को ढेर सारा प्यार, गुड हेल्थ और ढेर सारी खुशियां अगले साल के लिए सेंड कर रही हूं। राजस्थान में पर्यटकों की भारी भीड़ की वजह स्थानीय लोग इस सेलिब्रिटी से अनजान हैं और वे उन्हें पहचानने नहीं पा। हालांकि पॉप सिंगर राजस्थान में कहां पर गई हैं इस बात की जानकारी नहीं है।



## रणबीर को मारे थे 20-25 थप्पड़...

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म ‘एनिमल’ को रिलीज हुए एक महीना होने वाला है। फिल्म के एक दृश्य में रश्मिका मंदाना रणबीर को जोरदार थप्पड़ मारती हैं। जानिए, इस दृश्य में कैमरे के पीछे क्या हुआ था। फिल्म के एक दृश्य में करवाचौथ के मौके पर गीतांजली (रश्मिका) रणविजय (रणबीर) को खूब-खरी खोटी सुनाती है। इस दृश्य में रश्मिका के अभिनय की खूब तारीफ हुई जिसमें वे रणबीर को थप्पड़ मारती हैं। एक इंटरव्यू में वांगा के भाई प्रणय ने बताया कि शूटिंग के दौरान रणबीर ने रश्मिका से कहा था यह अच्छे से शूट हो, इसके लिए वह उन्हें चाहे जितनी बार मार सकती हैं। अच्छे शॉट के लिए रश्मिका ने रणबीर को 20-25 थप्पड़ भी मारे थे। रणबीर इस दृश्य की भावनाओं को अच्छे से दिखाना चाहते थे।




## ‘मेरी क्रिसमस’ एक बार फिर बड़े पर्दे पर

**मुंबई।** ‘टाइगर 3’ की ग्रैंड सक्सेस एंजॉय कर रही कैटरीना कैफ जल्द ही ‘मेरी क्रिसमस’ से एक बार फिर बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली हैं। इस फिल्म में कैटरीना पहली बार साउथ एक्टर विजय सेतुपति संग स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं इन सबके बीच मेकर्स ने ‘मेरी क्रिसमस’ का टाइटल ट्रैक सॉन्ग का ऑडियो क्लिप रिलीज कर दिया। मेकर्स ने कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की तस्वीरों के साथ ऑडियो क्लिप रिलीज किया है। इसे शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, परफेक्ट केरी क्रिसमस 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ‘मेरी क्रिसमस’ को दो भाषाओं में शूट किया गया बता दें कि ‘मेरी क्रिसमस’ का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

## टीवी मसाला



## 3 जनवरी को होगा नए टीवी शो मेरा बलम थानेदार का प्रीमियम

**मुंबई।** नया टीवी सीरियल मेरा बलम थानेदार 3 जनवरी से प्रसारित होगा। नए टीवी शो में विपरीत विचारधारा वाले दो व्यक्तियों की इस अनूठी प्रेम कहानी के साथ विविध विषयों को पेश किया जाएगा। शो में शगुन पांडे और श्रुति चौधरी क्रमशः वीर प्रताप सिंह और बुलबुल राजावत की भूमिका में हैं। इसमें एक जोड़े की प्रेम कहानी को दर्शाया गया है, जिनकी शादी एक झूठ पर आधारित है, जिसके कारण उनके रिश्ते की नींव ढह सकती है। शशि सुमीत प्रोडक्शंस की ओर से निर्मित, ‘मेरा बलम थानेदार’ का प्रीमियर 3 जनवरी को होगा और हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:30 बजे प्रसारित होगा। शो को राजस्थान की सुरम्य पृष्ठभूमि पर सेट किया गया है। ‘मेरा बलम थानेदार’ सीरियल बुलबुल और वीर के जीवन को दर्शाता है, जो दिन और रात की तरह अलग-अलग हैं, लेकिन उनकी नियति आपस में जुड़ी हुई है। वीरप्रताप सिंह की भूमिका निभाने पर अपने विचार साझा करते हुए, शगुन पांडे कहते हैं, मैं किसी भी तरह के धोखे के खिलाफ मजबूती से खड़े होने वाले, एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए रोमांचित हूं। मैं इस तरह की भूमिका का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा था।

## आयशा के लिए मुनव्वर ने छोड़ा अपनी दोस्त का साथ

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के घर में हर दिन कुछ ना कुछ नया होता रहता है। रिश्ते मिनटों में बदल जाते हैं। वहीं जब से मुनव्वर की गर्लफ्रेंड आयशा बिग बॉस के घर में आई है तब से सब कुछ बदल गया है। मुनव्वर अपने पुराने दोस्तों से लड़ने लगे हैं। वहीं बीते दिन देखा गया कि कैसे मुनव्वर एक छोटी सी बात पर मनारा का डांटने लगते हैं। वीकेंड के वार के बाद से ही मुनव्वर पूरे तरीके से बदले- बदले नजर आ रहे हैं। वहीं विक्की जैन और अंकिता लोखंडे के बीच इन दिनों जमकर लड़ाई हो रही हैं। एक वायरल वीडियो में दिख रहा था कि विक्की- अकिता को मारने की कोशिश करते हैं। वहीं इस पर अंकिता और विक्की दोनों यही कहते हैं कि वह केवल बेड से उतर रहे थे। वहीं बीते दिन अंकिता कहती हैं कि तुझे सबकी दिक्कत दिखती है लेकिन क्या तुझे पता भी है कि मेरे साथ क्या दिक्कत है।




## फिर से जलवा दिखाने आ रहा टीपू ...

**मुंबई।** राजकुमार राव की वेब सीरीज ‘गन्स एंड गुलाब्स’ के दूसरे सीजन का ऐलान हो गया है। दूसरे सीजन का ऐलान करते हुए एक वीडियो भी शेयर किया है। इस सीजन का पहला पार्ट इसी साल 18 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुआ था। जो इस साल की सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली वेब सीरीज में एक है। ‘गन्स एंड गुलाब्स’ का दूसरा सीजन जल्द ही ओटीटी पर दस्तक देने वाला है. इसका ऐलान करते हुए वेब सीरीज के मेन हीरो राजकुमार राव ने लिखा- ‘आपका इतना प्यार पाना, टीपू के लिए प्रेम पत्र से कम नहीं था। टीपू का जलवा देखना मत भूलना। गन्स एंड गुलाब्स सीजन 2, जल्द आ रहा है नेटफ्लिक्स पर। इस वेब सीरीज की कहानी की बात करें तो ये 1990 दशक के गुलाब गंज के नाम के शहर के इर्द गिर्द घूमती है। फिल्म में नब्बे के गानों का खूब तड़का लगाया गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म ‘स्त्री 2’ को लेकर सुर्खियों में है। कुछ दिनों पहले इस फिल्म की शूटिंग की खबरें आई थी। वहीं इस साल की बात करें तो ‘भीड़’ फिल्म रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया था राजकुमार राव की जिंदगी ‘गैंग्स ऑफ वासेपुर’ फिल्म ने बदल दी। इस फिल्म में एक्टर का रोल भले ही छोटा था लेकिन उनके करियर को बूस्ट कर दिया।




## ‘अगर पहनूंगा तो असली जेवर, नहीं तो...’अड़ गए राजकुमार
## रोक दी शूटिंग, अटक गई थीं मेकर्स की सांसें, फिर...

**मुंबई।** अक्खड़ मिजाज, मुंहफट और बेबाक अंदाज, चाल-ढाल में शेरों जैसा रौब, धमाकेदार आवास, मदमस्त अंदाज और सख्त मिजाज वाले एक्टर राजकुमार का एक दौर था। इनके फेमस डॉयलॉग्स आज भी लोगों की जुबान पर हैं। वह पुलिस की नौकरी छोड़कर बॉलीवुड में आए थे, यहां भी उनका रौब कुछ ऐसा ही रहता था। इंडस्ट्री में राजकुमार साहब अपने तीखे तेवर और विवादित बोल के लिए जाने जाते थे। 1968 में उन्होंने असली जेवर पहनने की जिद में फिल्म की शूटिंग बीच में ही रोक दी, जिसके बाद तो डायरेक्टर के पसीने छूट गए थे।



***नीलकमल फिल्म में रही ये कास्ट :*** ये फिल्मों का वो दौर था, जब कम बजट में डायरेक्टर को फिल्म पूरी करके समय पर रिलीज करनी होती थी। 1968 में वहीदा रेहमान, राजकुमार, मनोज कुमार, मेहमूद, बलराज साहनी, ललिता पवार जैसे दिग्गजों से सजी एक फिल्म रिलीज हुई, जिसका नाम था नीलकमल। फिल्म को डायरेक्टर राम माहेश्वरी ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में राजकुमार का किरदार एक ‘मूर्तिकार’ का था, इसके अलावा राज कुमार को इसमें कुछ गहने भी पहनने थे।

***नकली जेवर देखकर भड़क गए राजकुमार :*** जब फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई तो राज कुमार अपने लिए आए नकली आभूषणों को देखकर गुस्सा से लाल हो गए। सेट पर उन्हें गुस्से में देख साथी कलाकार और क्रू परेशान हो गई। गुस्से से लाल राजकुमार डायरेक्टर के पास पहुंचे और गुस्से में बोले- ‘अगर पहनूंगा तो असली जेवर, नहीं तो शूटिंग नहीं करूंगा। ये सुनकर डायरेक्टर के हाथ पैर फूल गए।

### कई दिनों तक रुकी रही शूटिंग

काफी समझाने के बाद भी राज कुमार अपनी जिद पर अड़े रहे। डायरेक्टर राम माहेश्वरी घबराकर नील कमल के प्रोड्यूसर पन्ना लाल माहेश्वरी के पास पहुंचे और उन्होंने राज साहब की जिद को उनके सामने रख दी। कई दिनों तक शूटिंग रुकी रही, जिसकी वजह से फिल्म के मेकर्स का नुकसान होता रहा।

### आखिर में मंगवाना ही पड़े असली सोने के गहने

डायरेक्टर व प्रोड्यूसर दोनों के पास कोई दूसरा रास्ता भी नहीं था, क्योंकि फिल्म की कुछ शूटिंग हो चुकी थी। आखिरकार प्रोड्यूसर ने किसी तरह जुगाड़ करके असली गहनों का इंतजाम किया। उसके बाद ही राजकुमार ने फिल्म का पहला शॉट दिया। वो राज कुमार ही थे, जो ठान लेते थे वही करते भी थे।

## एक्शन फिल्मों के शौकीन हैं तो देख डालिए

# ओटीटी पर हॉलीवुड की हिंदी में डब 2023 की ये बड़ी एक्शन फिल्में

*मुंबई। एक्शन फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए साल 2023 बेहद खास रहा, क्योंकि इस साल हॉलीवुड की 5 बड़ी एक्शन फ्रेंचाइजी की फिल्में रिलीज हुईं। इन फिल्मों की खास बात ये है कि इनमें से हर फिल्म हिंदी में डब की गई है। इससे पहले कि साल 2023 विदाई ले इन फिल्मों को अपनी वॉचलिस्ट में जरूर जोड़ लीजिए। ये फिल्में आपकी बॉडी की एड्रेनल ग्लैंड को एड्रेनालाईन हार्मोन रिलीज करने पर मजबूर कर देंगी। चलिए एक नजर डालते हैं इस साल की इन 5 बेहतरीन एक्शन फिल्मों पर।*




### जॉन विक-4

ये कहानी उस जॉन विक की है जो आम दुनिया के बीच ही पनपी एक अलग जरायम की दुनिया का सबसे खूंखार इंसान है। हमेशा शांत दिखने वाला जॉन ने छोटी-छोटी दिखने वाली बातों के लिए हजारों लोगों को खत्म कर दिया है। इस फिल्म में भी आप जॉन को ऐसा ही करते देख पाएंगे। 24 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देख सकते हैं।

### फास्ट एक्स




डोमिनिक (विन डीजल) की पूरी फैमिली इस साल थिएटर में 19 मई को फिर से लौटी फास्ट एंड फ्यूरियस सीरीज के 10वें पार्ट ‘फास्ट एक्स’ के साथ। फिल्म का पहला पार्ट साल 2001 में आया था। तब से आने वाले अगले हर पार्ट में फिल्म अपनी ही पुरानी फिल्म के एक्शन से एक कदम आगे निकल जाती। बैकग्राउंड में बजते गानों के साथ फिल्म के कार चेज सीन बांधकर रखते हैं। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देख सकते हैं।

### एक्सट्रैक्शन-2




थॉर फेम एक्टर क्रिस हेम्सवर्थ की एक्सट्रैक्शन 2 इस साल 9 जून को रिलीज हुई। 3 साल बाद लौटी एक्सट्रैक्शन की टीम का ठिकाना बदल चुका है। अब वो बांग्लादेश से निकलकर यूरोप पहुंच चुकी है। इस बार भी इस टीम को एक फैमिली को बचाने का काम मिलता है। फिल्म के एक्शन एकदम रॉ रखे गए हैं, जो देखने लायक हैं और डराते हैं। अगर आपके पास नेटफ्लिक्स का सब्सक्रिप्शन है, तो आपको ये फिल्म यहां देखने को मिल जाएगी।

### द इक्वलाइजर-3




इस सीरीज की पुरानी फिल्मों की तरह ही इसमें भी फिल्म के लीड डेंजेल वॉशिंगटन शांत चेहरे के साथ ‘कूल’ एक्शन करते दिखे हैं। फिल्म का लीड शांत दिखता है लेकिन उसके अंदर एक कोल्ड ब्लडेड कातिल छुपा है जो किसी के साथ बुरा होते देखते ही जग जाता है। उनका ये रूप देखकर आपके रोंगटे जरूर खड़े हो जाएंगे। ये फिल्म आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### मिशन इंपॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट 1

मिशन इंपॉसिबल सीरीज की ये फिल्म इसी साल 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देखा जा सकता है। फिल्म में टॉम क्रूज को वो हर इंपॉसिबल स्टंट करते हुए देखे जा सकते हैं जिनके लिए उनकी ये फ्रेंचाइजी दर्शकों की मनपसंद फिल्म बनी हुई है। सांस थाम देने वाले एक्शन से भरपूर इस फिल्म ने इंडिया में 100 करोड़ से ज्यादा कमाई की है।



106वां भारतीय आर्थिक संघ सम्मेलन कीट में उद्घाटित

# निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में तकनीकी दिग्गजों की हो बढ़ोतरी : डॉ. मोंटेक सिंह अहलुवालिया

भुवनेश्वर।

इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन (आईईए) सम्मेलन का 106वां संस्करण महत्त्वपूर्ण आर्थिक पहलुओं, प्रौद्योगिकी और नीति-निर्माण के उभरते परिदृश्य पर प्रकाश के साथ शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और भारत के योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. मोंटेक सिंह अहलुवालिया ने प्रतिस्पर्धी हितों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र की ताकत, बदलती सरकारों के बावजूद नीतिगत निरंतरता सुनिश्चित करने को रेखांकित किया। उन्होंने निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को प्रभावित करने में तकनीकी दिग्गजों की बढ़ोतरी पर जोर देते हुए, विकसित हो रही प्रौद्योगिकी के प्रभाव पर प्रकाश डाला। डॉ. अहलुवालिया ने प्रौद्योगिकी आधारित प्रगति के साथ आवश्यक आसन्न संरचनात्मक परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने नवाचार को बाधित किए बिना नई प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के लिए एक संतुलित नीति दृष्टिकोण की वकालत की और कमजोर आबादी की नौकरियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्त्व पर जोर दिया। उन्होंने अर्थशास्त्रियों से इन चुनौतियों पर विचार करने का आग्रह किया और भारतीय आर्थिक संघ के भीतर विविध दृष्टिकोणों को प्रोत्साहित किया।

कीट-कीस के संस्थापक और इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. अच्युत सामंत ने कीट में सम्मेलन की मेजबानी के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने संस्थान के वित्तीय प्रबंधन पर प्रकाश डाला और कीट-कीस की शुरुआत को याद किया।




इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. विश्वजीत चटर्जी ने वृहद स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था की एक विस्तृत तस्वीर पेश की। अन्य वक्ताओं में सम्मेलन के एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. तपन कुमार शांडिल्य, मुख्य संयोजक डॉ. अनिल कुमार ठाकुर, आईईए के उपाध्यक्ष डॉ. ए. जोथी मुरुगन, आईईए के उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र अवस्ती सहित अन्य शामिल थे। इस अवसर पर जाने-माने अर्थशास्त्री प्रो. वेदगिरि शनमुगसुंदरम को आर्किटेक्ट ऑफ आईईए पुरस्कार से सम्मानित किया गया और बेस्ट कंट्रोलर का पुरस्कार बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. संजय कुमार को दिया गया। ज्ञानचंद अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार टी एम भागलपुर विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पोस्ट-डॉक्टरल शोधकर्ता पंकज कुमार को दिया गया। इस अवसर पर डॉ. अहलुवालिया ने कीट-कीस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत के योगदान के सम्मान में 'शिक्षा, सशक्तिकरण और ज्ञानोदय के लिए सामुदायिक निर्माता' नामक एक विशेष पुस्तक का विमोचन किया।

## चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा जापान का अंतरिक्ष यान

**टोकियो।** जापान की ओर से चांद को लेकर चलाए जा रहे मिशन में एक बड़ी कामयाबी मिली है। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा की ओर से विकसित किया गया चंद्रमा लैंडर 'मून स्नाइपर' ने क्रिसमस के दिन चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया। यह एक मील का पत्थर है जो पहली बार चंद्रमा की सतह पर एक रोबोटिक एक्सप्लोरर को उतारने के लक्ष्य के करीब लाता है। अपने वर्तमान पथ के हिसाब से लगभग 6 घंटे 40 मिनट में यह चंद्रमा का एक चक्कर पूरा कर रहा है। अगले कुछ हफ्तों में यह लैंडर धीरे-धीरे कक्षा के अंदर जाएगा। जनवरी में यह अंतरिक्ष यान एक ऐतिहासिक टचडाउन प्रयास करेगा। सफल होने पर जापान चंद्रमा पर पहुंचने वाला पांचवां और 21वीं सदी में उतरने वाला तीसरा देश बन जाएगा। 21वीं सदी में चंद्रमा पर भारत और चीन ही जा सके हैं। जापान का रोबोटिक एक्सप्लोरर एक पिनपॉइंट लैंडिंग की कोशिश करेगा, जिसका लक्ष्य सटीकता के साथ सॉफ्ट लैंडिंग करना होगा। चांद पर उतरने के बाद यह चंद्रमा की चट्टानों के बारे में डेटा इकट्ठा करेगा। यह डेटा वैज्ञानिकों को चंद्रमा के गठन को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकता है।



## पूर्व तट रेलवे में लगाया गया नाबार्ड द्वारा प्रवर्तित किसानों और कारीगरों के उत्पादों का स्टॉल

**भुबनेश्वर।** भुबनेश्वर एवं खोरधारोड रेलवे स्टेशनों पर 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल' अब राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा प्रवर्तित किसानों और कारीगरों के उत्पादों के साथ प्रदर्शित किए गए हैं। इन उत्पादों में हरियाणा, हस्तशिल्प और उपभोग्य उत्पाद जैसे घोड़ा चना, हरा चना, काला चना, शहद आदि शामिल है। भारत सरकार द्वारा स्थानीय कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों /हथकरण बुनकरों, आदिवासियों आदि की आजीविका और कल्याण को बढ़ाने के उद्देश्य से 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल' अवधारणा की घोषणा की गई थी। रेलवे स्टेशन इस उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक विपणन चैनल के रूप में कार्य करेगा। इस पहल से नाबार्ड ने अपने किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), ऑफ फार्स उत्तादक संगठनों (ओएफपीओ) और स्वयं सहायक समूहों को निर्मित 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल' (ओएसओपी) स्टालों के माध्यम से भुवनेश्वर और खोरधारोड रेलवे स्टेशनों पर अपने उत्पादों को बेचने के लिए प्रोत्साहित किया। रेलवे स्टेशनों पर 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल' स्टॉल प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लाभान्वित कारीगरों और शिल्पकारों के लिए एक मंच के रूप में कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना विश्वकर्मा समुदाय से संबंधित कारीगरों और शिल्पकारों का समर्थन और विकास करने के लिए भारत सरकार द्वारा एक पहल है। वर्तमान में खोरधारोड मंडल में 2 रेलवे स्टेशनों अर्थात भुवनेश्वर, पुरी, खोरधारोड, बालूगांव, छतरापुर, ब्रह्म, पलासा, कटक, जाजपुर-केंऊझर रोड, भद्रक, अनुगुल और ढेंकनाल रेलवे स्टेशनों पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद'' (ओएसओपी) स्टॉल हैं, जो स्थानीय कारीगरों के उत्पादों को प्रदर्शित करते हैं।

**रेलवे स्टेशन स्थानीय विशिष्ट उत्पादों को बढ़ावा देने विपणन चैनल के रूप में कार्य करेगा**

# चांद पर लगातार बिजली सप्लाई के लिए 'मिनी न्यूक्लियर पावर प्लांट'

### फेमस कार कंपनी रोल्स रॉयस बना रही है इसे

एजेंसी ▶▶| लंदन

चंद्रमा पर अगले दो दशक में इंसान पहुंच जाएगा। देश अपने-अपने बेस बनाएंगे। सवाल ये उठता है कि बिना बिजली के रोशनी कैसे आएगी। न तो चांद पर पानी है। न ही हवा, न तो हाइड्रोपावर प्लांट लग सकते हैं। न ही पनबिजली की कोई व्यवस्था, कुछ बुद्धिमान लोग जवाब देंगे सोलर पावर की लेकिन अगर आप अंधेरे वाले हिस्से में है तब क्या?

उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट में हाल ही में एक स्पेस कॉन्फ्रेंस हुआ जिसमें दुनिया की सबसे लग्जरी कार बनाने वाली कंपनी रोल्स रॉयस ने मिनी परमाणु संयंत्र का मॉडल प्रदर्शित किया। यह 120 इंच लंबा मिनी न्यूक्लियर रिएक्टर है। इस संयंत्र के जरिए चांद पर बनने वाली इंसानी बस्ती को लगातार बिजली सप्लाई होती रहेगी। यूके स्पेस एजेंसी के चीफ एग्जीक्यूटिव पॉल बेट ने कहा कि रोल्स रॉयस का यह इनोवेशन शानदार है। इसकी वजह से चांद पर इंसानी मौजूदगी को स्थाई सुविधा मिलेगी। रोल्स रॉयस को इंग्लैंड की स्पेस एजेंसी ने करीब 30.62 करोड़ रुपए की फंडिंग की थी, ताकि इस मिनी न्यूक्लियर पावर प्लांट को बनाया जा सके. इससे फ्यूचर का लूनर आउटपोस्ट बनेगा।



#### 120 इंच लंबा और 40 इंच चौड़ा रिएक्टर

इस कॉन्फ्रेंस में रोल्स-रॉयस ने अपने मिनी-रिएक्टर का प्रोटोटाइप दिखाया है। रोल्स रॉयस के इंजीनियर और साइंटिस्ट फिलहाल यह पता कर रहे हैं कि वो कैसे न्यूक्लियर फिशन रिएक्टर से निकलने वाली गर्मी से कैसे ऊर्जा हासिल की जाए। यह छोटा रिएक्टर 40 इंच चौड़ा और 120 इंच लंबा है। फिलहाल इससे बिजली पैदा नहीं हो रही है। अगर सबकुछ सही रहा तो कम से कम छह साल में इस रिएक्टर से बिजली पैदा होने लगेगी। इसे बनाने में अभी करोड़ों रुपए लगेंगे। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस मिनी न्यूक्लियर रिएक्टर में होने वाले फिशन रिएक्शन से बिजली पैदा की जाएगी। ये ठीक वैसी ही तकनीक पर बनी है, जैसे कि दुनियाभर में परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगे हैं। बस ये छोटा वर्जन है।

#### रॉयस का दावा

रोल्स रॉयस का दावा है कि वह 2030 तक यह मिनी न्यूक्लियर रिएक्टर तैयार कर लेगा, जो बिजली पैदा कर सके. साथ ही चांद की इंसानी पोस्ट पर रहने वाले एस्ट्रोनॉट्स के लिए पर्याप्त वेंटिलेशन हो सके। साथ ही जरूरत पड़ने पर हीटिंग सिस्टम को सही से चला सके. इसके लिए जरूरी है कि लगातार बिजली की सप्लाई चाहिए। जो किसी परमाणु संयंत्र से ही मिलेगी।

#### पर्याप्त ऊर्जा नहीं दे पाएगी सूरज की रोशनी



सूरज की रोशनी चांद पर हमेशा एक ही हिस्से में पड़ती है। दूसरे हिस्से में अंधेरा रहता है। इसलिए सूरज की रोशनी सेकेंडरी ऑप्शन यानी वैकल्पिक व्यवस्था हो सकती है। लेकिन लगातार बिजली सप्लाई के लिए स्थाई व्यवस्था होनी जरूरी है। इन परमाणु संयंत्रों को चांद के ध्रुवीय इलाकों में ऐसी जगह लगाया जाएगा, जहां से बिजली पैदा होती रहे।

ड्रोन करेगा राह आसान

## दुर्गम इलाकों में अब कैंसर मरीजों तक पहुंचेगा उपचार

**आईसीएमआर को परीक्षण में कामयाबी**




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कैंसर का इलाज देश के दुर्गम स्थानों तक पहुंचाने के लिए भारतीय शोधकर्ताओं को बड़ी कामयाबी मिली है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बायोप्सी जांच के लिए रोगी का सैंपल ड्रोन के जरिये बड़े अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाने में सफलता हासिल की है। अब आईसीएमआर जल्द ही राज्यों के साथ दिशा निर्देश साझा करेगा ताकि आखिरी छोर के कैंसर मरीजों का इलाज आसान हो सके। जानकारी के अनुसार, आईसीएमआर ने ड्रोन का इस्तेमाल करके टीके और दवाइयां पहुंचाने की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए 'आई-ड्रोन' प्रोजेक्ट शुरू किया। आईसीएमआर ने टीएसएडब्ल्यू ड्रोन्स कंपनी के साथ मिलकर तेलंगाना और कर्नाटक में बायोप्सी अध्ययन पूरा किया है।

#### नमूना नहीं हुआ खराब, जांच का समय भी घटा

आईसीएमआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुमित अग्रवाल ने बताया कि तेलंगाना और कर्नाटक के आदिवासी क्षेत्रों से रोगी के नमूना लेकर ड्रोन के जरिए 40 से 50 किलोमीटर दूर एक अस्पताल भेजा गया और यहां जांच के बाद रोगी की रिपोर्ट वापस ड्रोन के जरिए गांव तक पहुंची। इस पूरी अवधि को सड़क मार्ग के जरिए कवर करने में कम से कम छह से सात घंटे का समय लगता है, लेकिन ड्रोन ने महज 20 मिनट में सैंपल अस्पताल तक पहुंचाया। प्रयोगशाला परीक्षण में नमूने की मात्रा या गुणवत्ता पर कोई प्रभाव नहीं देखा गया।

## राशिफल

**मेष** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर

**वृष** मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक

**मिथुन** मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते

**सिंह** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर** जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

# साल 2023 में पूरे देश ने खोए 204 बाघ, महाराष्ट्र-एमपी में सबसे ज्यादा

### यह खुलासा किया है वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन सोसाइटी ऑफ इंडिया ने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में इस साल यानी 2023 में 204 बाघों की मौत हुई। मौत की वजह अलग-अलग है। कहीं प्राकृतिक तो कहीं शिकार। कहीं आपसी संघर्ष तो हादसों का शिकार होने से। यह खुलासा किया है वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन सोसाइटी ऑफ इंडिया (डब्लूपीएसआई) ने। इस साल सबसे ज्यादा बाघों की मौत महाराष्ट्र में हुई है। यहां पर 52 बाघ मरे हैं। ये आंकड़ें 1 जनवरी 2023 से लेकर 25 फरवरी 2023 तक के हैं। इसी दौरान मध्यप्रदेश में 45 बाघ मारे गए। जबकि सबसे ज्यादा बाघ यहीं पाए जाते हैं। तीसरे नंबर पर उत्तराखंड है। यहां पर 26 बाघों की मौत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक मध्यप्रदेश के बाद सबसे ज्यादा बाघ कर्नाटक में पाए जाते हैं। वहां भी 13 मौतें दर्ज हैं। तमिलनाडु और केरल में 15-15 बाघों की मौत हुई। असम और राजस्थान में 10-10 मौतें दर्ज हुई हैं। उत्तर प्रदेश में 7 बाघ मारे गए। बिहार-छत्तीसगढ़ में 3-3, जबकि ओडिशा और आंध्र प्रदेश में 2-2 बाघों की मौत हुई। तेलंगाना में 2023 में एक बाघ मारा गया।



#### 46 बाघ आपस में लड़कर मर गए


बाघों के मरने की अलग-अलग वजहें भी हैं। सबका शिकार नहीं हुआ है। प्राकृतिक कारणों से 79 बाघ मारे गए हैं। अवैध शिकार से 55, आपसी संघर्ष में 46 और बचाव या इलाज के दौरान 14 बाघ मारे गए हैं। सड़क और ट्रेन हादसों की वजह से सात बाघों की मौत हुई है। दो बाघ जंगल की अन्य प्रजातियों से संघर्ष में मारे गए हैं। जबकि एक को वन विभाग या पुलिस ने गोली मारी. या ग्रामीणों ने मार डाला। 9 अप्रैल, 2023 को जारी अखिल भारतीय बाघ अनुमान (2022) के मुताबिक 2018 में भारत में 2967 बाघ थे। जो 2022 में बढ़कर 3167 हो गई थी। भारतीय बाघ अनुमान की रिपोर्ट पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा मैसूर में 'प्रोजेक्ट टाइगर' के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जारी की गई थी। उसी दिन इंटरनेशनल बिग कैट्स अलायंस भी शुरू किया गया था।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ की सिक्योरिटी कंपनी को रायपुर, दुर्ग, हेतु सुरक्षागार्ड 40 M/F सुपरवाइजर 10 पद वेतन 10,000/- से 15000/- फ्री आवास कैंटीन सुविधा संपर्क यश सिक्योरिटी सर्विसेस कुशालपुर चौक रायपुर छत्तीसगढ़ 8982225333, 8839618641, 8815170599, 9770196262 (रायपुर /31 /दिस.23)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5378



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5377 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5388

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5387 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## खबर संक्षेप



### स्टार ओपनर मंधाना पहले वनडे से आउट

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला क्रिकेट टीम वनडे सीरीज का पहला मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेली। इस मैच में टॉस के समय टीम इंडिया के लिए एक बुरी खबर सामने आई। टीम की स्टार ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना तबियत ठीक न होने के चलते पहले वनडे की प्लेइंग-11 में शामिल नहीं हो सकीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस के समय इस बात की जानकारी दी कि तबियत ठीक न होने की वजह से स्मृति मंधाना इस मैच में नहीं खेल रही हैं।


### हैदराबाद में फॉर्मूला ई रेस को लेकर चिंता



**नई दिल्ली।** फॉर्मूला ई ने हैदराबाद में दस फरवरी को होने वाली रेस को लेकर ताजा चिंता जताते हुए कहा है कि तेलंगाना में नई सरकार से मिली ताजा सूचना के बाद इसका आयोजन मुश्किल लग रहा है। देश में पहली इलेक्ट्रिक रेस इस साल फरवरी में हुई और तत्कालीन आई टी मंत्री केटी रामाराव की इसके आयोजन में अहम भूमिका रही। केटीआर की बीआरएस पार्टी हालांकि दिसंबर में चुनाव हार गई और अब वहां कांग्रेस की सरकार है।

### इंदौर में सबसे सस्ता टिकट 743 रुपए का

**इंदौर।** इंदौर में भारत और अफगानिस्तान के बीच आगामी 14 जनवरी को खेले जाने वाले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के निचले ईस्ट स्टैंड के सबसे सस्ते टिकट के लिए



दर्शकों को 743 रुपए खर्च करने होंगे, जबकि पहली मंजिल स्थित साउथ पवेलियन के सबसे महंगे टिकट के लिए 5,947 रुपए देने होंगे। मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन के एक अधिकारी ने टिकट दरों की घोषणा के बाद गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भारत-अफगानिस्तान टी-20 मैच के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री 30 दिसंबर को सुबह छह बजे से शुरू होगी।

### क्रिकेट छोड़ राजनीति की पिच पर उतरे रायुडू

**नई दिल्ली।** भारत के लिए कॅरियर में 61 मैच खेलने वाले क्रिकेटर अंबाती रायडू राजनीति की पिच पर उतर गए हैं। वह गुरुवार को आंध्र प्रदेश की सत्तारुढ़ वाईएसआरसीपी पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगनमोहन रेड्डी की मौजूदगी में पार्टी जॉइन की। वह विजयवाड़ा में मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे और बाद में उनके फोटो-वीडियो सामने आए जिसमें वह पार्टी का पटका पहने हुए थे।

# ईपीएल : सिटी ने एवर्टन को हराया, वोल्व्स-चेल्सी और यूनाइटेड को भी मिली जीत

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड की फुटबॉल लीग प्रीमियर लीग का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। बुधवार रात को कई बेहतरीन मैच खेले गए। इनमें मैनचेस्टर सिटी, वोल्व्स, चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जीत दर्ज की।

ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर के बेहद खराब प्रदर्शन के बीच तीन मिनट और तीन सेकेंड में तीन गोल की मदद से वोल्व्स ने प्रीमियर लीग में रिकॉर्ड जीत दर्ज की, जबकि चेल्सी ने पेनल्टी मिलने के बाद अहम जीत दर्ज की। मैनचेस्टर सिटी ने विवादास्पद पेनल्टी के बाद एवर्टन को हरा दिया।

### चेल्सी ने 'वार' ड्रामा के बाद जीता मैच

चेल्सी और क्रिस्टल पैलेस के बीच खेले गए मुकाबले में जमकर ड्रामा देखने को मिला। वीडियो एसिस्टेंट रेफरी के एक फैसले की वजह से चेल्सी के फैंस गुस्सा गए थे, लेकिन उसके कुछ मिनट बाद ही मिले पेनल्टी पर गोल ने फैंस को चीयर करने का मौका दे दिया। नोनी मदुएके ने 89वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर चेल्सी को 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत की बदौलत मॉरिशियो पोचेटिनो की चेल्सी के लिए 2023 के अंत में सकारात्मक नतीजे आए। इससे पहले मिखायलो मुद्रिक ने 13वें मिनट में गोल कर चेल्सी को 1-0 से आगे कर दिया था। इसके बाद क्रिस्टल पैलेस की ओर से माइकल ओलिसे ने 45+1वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।



### फुस्स हुए ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर्स

वोल्व्स ने ब्रेंटफोर्ड पर 4-1 की एकतरफा जीत हासिल की। वोल्व्स के लिए गोल का खाता 13वें मिनट में ही खुल गया, जब मारियो लेमिना ने बेहतरीन गोल दागा। इसके 12 सेकंड बाद ही ह्वांग ही चान ने गोल दाग स्कोर 2-0 कर दिया। ब्रेंटफोर्ड ने वापसी की कोशिश की और 16वें मिनट में योएन विसा ने गोल किया। हालांकि, इसके बाद ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर्स का खराब खेल शुरू हुआ, जिसे वह जल्द से जल्द भूलना चाहेंगे। 28वें मिनट में ह्वांग ने एक और गोल दागा। वहीं, 79वें मिनट में जीनरिसनर बेलेगार्डे ने गोल दाग अपनी टीम को 4-1 से जीत दिलाई।

### यूनाइटेड की विला पर नाटकीय जीत

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एस्टन विला पर 3-2 से नाटकीय जीत दर्ज की। 26 मिनट में ही यूनाइटेड दो गोल से पिछड़ गया। इस प्रदर्शन पर मैनेजर एरिक टेन हैग की टीम की उसके समर्थकों ने ही हूटिंग शुरू कर दी, लेकिन दूसरे हाफ में यूनाइटेड ने अपने खेल से समर्थकों को जश्न मनाने पर मजबूर कर दिया। जॉन मैक्गिन ने 21वें और लिएंडर डेंडोंकर ने 26वें मिनट में गोल कर विला को 2-0 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में यूनाइटेड एकदम से बदली टीम नजर आई। 59वें मिनट अलजांद्रो गरनाचो ने गोल किया। 71वें मिनट में उन्होंने एक और गोलकर 2-2 की बराबरी दिला दी। मैच समाप्ति से आठ मिनट पहले रासमुस हाजलुंद ने गोलकर यूनाइटेड को 3-2 से बढ़त दिला दी।

### सिटी ने एवर्टन को 3-1 से हराया

मैनचेस्टर सिटी की टीम को जीत दर्ज करने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एवर्टन को 3-1 से शिकस्त दी। पेप गार्डियोला की टीम को 29वें मिनट में झटका लगा, जब एवर्टन के जैक हैरिसन ने 29वें मिनट में गोल दागा। हाफ टाइम तक एवर्टन की टीम 1-0 से आगे चल रही थी। दूसरे हाफ में सिटी के फिल फोडेन ने गोल दाग स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 64वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी मिला और उस पर जूलियन अल्वारेज ने गोल दाग स्कोर 2-1 कर दिया। मैच के आखिरी कुछ मिनट में सिल्वा ने गोल दाग अपनी टीम को 3-1 से जीत दिलाई।

## टेस्ट : दूसरी पारी में 131 रन ही बना सकी टीम इंडिया


# एल्गर का यलगार, अफ्रीका ने भारत को पारी और 32 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

भारतीय टीम को बॉक्सिंग डे टेस्ट में करारी हार का सामना करना पड़ा। पहली पारी में भारत 245 रन और दूसरी पारी में 131 रन सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 408 रन बनाए थे। इस तरह उसे पारी और 32 रन से जीत मिली।

एल्गर का संघर्ष देखकर हर कोई यह मान रहा था कि साउथ अफ्रीका को भी मुश्किल होगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अपनी रिटायरमेंट सीरीज खेल रहे दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर ने बल्ले से यलगार मचाया। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली और बेजोड़ शतक जड़ा। 36 साल के एल्गर ने कमाल की बैटिंग की है और 185 रन बनाकर आउट हुए। एल्गर ने साबित किया वह टेस्ट कॅरियर की आखिरी सीरीज जरूर खेल रहे हैं, लेकिन उनके अंदर क्रिकेट अभी काफी बाकी है।

सेंचुरियन ताबड़तोड़ शतक के बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि वह इस श्रृंखला में बड़े आत्मविश्वास के साथ आए हैं, जिससे उन्हें और मदद मिली है। केएल राहुल के शतक के बाद एल्गर ने भारत के गन-गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ मजबूती से खड़े होकर मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाए।




### जीत की ओर बढ़ी अफ्रीकी टीम

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में समाचार लिखे जाने तक सात विकेट पर 105 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। पहली पारी के आधार पर 163 रन की बढ़त बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका से भारत अब 53 रन पीछे है और उसे पारी की हार सता रही है। विराट कोहली 60 और जसप्रीत बुमराह शून्य रन बनाकर खेल रहे थे। भारत ने दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा (00), यशस्वी जायसवाल (05) और शुभमन गिल (26) के विकेट गंवा दिए।

### कागिसो रबाडा ने भारत के खिलाफ झटका 50वां



इस टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीकी पेसर कागिसो रबाडा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने पहली पारी में अपनी शानदार गेंदबाजी से भारत के बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया। फिर दूसरी पारी में भी रोहित शर्मा (0) को आउट कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में भारत के खिलाफ 50 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह इस मेगा रिकॉर्ड को दर्ज करने वाले 5वें प्रोटियाज गेंदबाज बन गए हैं।



### जेमिमा शतक से चूकी पूजा का अर्धशतक

**मुंबई।** भारत ने जेमिमा रोड्रिग्स की 82 रन की शानदार पारी और पूजा वस्त्राकर के तेज तर्रार नाबाद 62 रन की बदौलत आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की महिला एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में आठ विकेट पर 282 रन का स्कोर खड़ा किया जो इस प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ उसका सर्वोच्च वनडे स्कोर भी है। भारत का वनडे में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर चार विकेट पर 281 रन था जो उसने 2017 में डर्बी में बनाया था। भारत की शीर्ष क्रम की कोई भी बल्लेबाज अपनी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकीं लेकिन जेमिमा ने गर्मी और उमस से जूझते हुए 2023 में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और इस साल चार वनडे में अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका पहला पचासा भी है। दायें हाथ की इस बल्लेबाज ने 77 गेंद में सात चौकों की मदद से वनडे में अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी बनाया।

## आस्ट्रेलिया ने बनाई 241 रन की बढ़त, स्मिथ-मार्श ने जोड़े 153 रन



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न


आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी के पहले चार विकेट सिर्फ 16 रन पर गंवा दिए। इसके बाद स्टीव स्मिथ और मिचेल मार्श के बीच 153 रन की साझेदारी की मदद से मेजबान ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन 241 रन की अहम बढ़त बना ली।

तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मार्श 96 और स्मिथ 50 रन बनाकर खेल रहे थे। आस्ट्रेलिया ने छह विकेट 187 रन पर गंवा दिए थे। इससे पहले कप्तान पैट कमिंस ने टेस्ट क्रिकेट में दसवीं बार पारी के पांच विकेट लेकर आस्ट्रेलिया को पहली पारी में 54 रन की बढ़त दिलाई। आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 318 रन के जवाब में पाकिस्तान ने पहली पारी में 264 रन बनाए थे। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने पहली पारी में 52 रन अतिरिक्त दिए थे। स्पिनर नाथन लियोन ने 73 रन देकर चार विकेट चटकाए। पाकिस्तान ने हालांकि पारी के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए उस्मान ख्वाजा (0) और मार्नस लाबुशेन (पांच) के विकेट लिए।

लंच के समय तक उसके पास 60 रन की बढ़त थी। पाकिस्तान के लिए दोनों विकेट तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने लिए और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने कैच लपका। इसके बाद मार्श और स्मिथ ने पारी को संभाला।

## वॉर्नर ने पूरी की नन्हे फैन की मुराद

**मेलबर्न।** धाकड़ ओपनर डेविड वॉर्नर ने जिस मैदान से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था, उसी मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में अपनी आखिरी पारी खेल ली है। वह थोड़ा भावुक थे, जब पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 6 रन बनाकर पवेलियन लौट रहे थे। जब डेविड वॉर्नर गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के ड्रेसिंग



रूम में लौट रहे थे तो स्टेडियम में मौजूद फैंस ने खड़े होकर तालियां बजाते हुए उनका अभिवादन किया। जब वॉर्नर पवेलियन लौट रहे थे तो एक नन्हे फैन ने हाथ में चार्ट ले रखा था, जिस पर लिखा था - इतनी यादों के लिए शुक्रिया डेवी वॉर्नर, 31! क्या मुझे आपके ग्लव्स मिल सकते हैं? वॉर्नर ने ये देखते ही अपने दोनों ग्लव्स फैंस को पकड़ा दिए, जिन्हें पाकर वो दो बच्चे काफी खुश हुए।

### थर्ड अंपायर के लिफ्ट में फंसने से रोका गया मैच

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच के दौरान एक अजीब घटना घट गई। इस टेस्ट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को लंच के बाद का खेल कुछ देर के लिए रोका गया। थर्ड अंपायर के लिफ्ट में फंसने की वजह से इस मैच को कुछ देर के लिए रोका गया। जैसे ही इस घटना का वीडियो वायरल हुआ तो फैंस अपने रिएक्शंस देने से खुद को नहीं रोक पाए थे।

# आसियान क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगा ओडिशा एफसी



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

इंडियन सुपर लीग टीम ओडिशा एफसी एएफसी कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल में आसियान क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगी जिसका नाम अभी तय नहीं है। एएफसी कप का ड्रॉ गुरुवार को डाला गया। ओडिशा एफसी एएफसी कप दक्षिण क्षेत्र का विजेता रहा। उसने इसी महीने ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में बांग्लादेश के बसुंधरा किंग्स को हराया।

आसियान क्षेत्र का चैंपियन बनने की दौड़ में चार टीम हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया का सेंट्रल कोस्ट मरीनर्स एफसी, कंबोडिया का पुहनोम पेन क्राउन एफसी, ऑस्ट्रेलिया का मैकआर्थर एफसी और मलेशिया का सबाह एफसी शामिल है। आसियान क्षेत्र का फाइनल 22 फरवरी को होगा और इसका विजेता ओडिशा एफसी से अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल में भिड़ेगा जो दो चरण का मुकाबला होगा। पहला चरण छह या सात मार्च को आसियान क्षेत्र के चैंपियन की मेजबानी में होगा जबकि दूसरा चरण 13 या 14 मार्च को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में होगा।

### पूर्व भारतीय डिफेंडर मजूमदार नहीं रहे

*नई दिल्ली। पूर्व भारतीय डिफेंडर प्रबीर मजूमदार का गुरुवार को संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। मजूमदार उस भारतीय टीम के सदस्य थे जिसने 1974 एशियाई खेलों में हिस्सा लिया था। 1960 और 1970 के दशक के स्टाइलिश डिफेंडर मजूमदार ने घरेलू सर्किट में ईस्ट बंगाल और ईस्टर्न रेलवे का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने संतोष ट्राफी में भी बंगाल का प्रतिनिधित्व किया था। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, 'प्रबीर दा अपने समय के सबसे भरोसेमंद और सम्मानित डिफेंडरों में से एक थे। दुख की इस घड़ी में मैं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।'*



# निलंबन को अदालत में चुनौती देंगे : संजय



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने गुरुवार को कहा कि खेल मंत्रालय ने कुश्ती की राष्ट्रीय संस्था को निलंबित करते समय उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और वे सरकार के इस फैसले को अदालत में चुनौती देंगे।

संजय ने हालांकि कहा कि सरकार डब्लूएफआई का पक्ष सुने बिना उनकी स्वायत्त और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संस्था को निलंबित नहीं कर सकती। संजय ने कहा, 'हमने लोकतांत्रिक तरीके से डब्लूएफआई के चुनाव जीते। जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश निर्वाचन अधिकारी थे, इसमें भारतीय ओलंपिक संघ और यूनाईटेड विश्व कुश्ती के भी पर्यवेक्षक थे। चुनावों में 22 राज्य इकाईयों ने हिस्सा लिया था, 47 वोट मिले थे जिसमें से मुझे 40 मिले थे। इसके बावजूद अगर हमें निलंबित कर दिया जाता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संस्था को अपना पक्ष रखने का मौका ही नहीं दिया गया जो न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है जबकि भारतीय संविधान के अंतर्गत हर कोई इसका हकदार होता है।'


**पश्चिम मध्य रेल**

(ई–निविदा सूचना संख्या DYCE-C-I-BPL -04-2023 दिनांक 22.12.2023)

ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता – I / निर्माण / पश्चिम मध्य रेल / भोपाल, निम्नलिखित कार्यों के लिए आमंत्रित करता है (एकल लिफाफा पद्धति) **निविदा संख्या– DYCE-C-I-BPL-04-2023 कार्य का नाम–** इटारसी नॉर्थ – साउथ ग्रेड सेपरेटर / फ्लाईओवर प्रोजेक्ट के संबंध में विविध शेष कार्य जैसे तटबंध, आईबीएच की एप्रोच रोड, टूल रूम, मटेरियल रूम, साइड ड्रेन अदि के सुरक्षा कार्य, **निविदा का अनुमानित मूल्य रू.** – 630.30 लाख, **बयाना राशि (रू.)** – 465200.00, **ई–निविदा बंद होने की तिथि** –16.01.2024 को 15:00 बजे, **समापन अवधि– 10 (दस) माह मानसून एवं फसल सहित,** ई–निविदा संबंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं उप मुख्य अभियंता– I / निर्माण / पश्चिम मध्य रेल / भोपाल के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है, ई–निविदा के अतिरिक्त अन्य कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। यदि निविदा संबंधी कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता हैं तो वह केवल वेबसाईट पर ही उपलब्ध रहेगा।

**उप मुख्य अभियंता– I / निर्माण**
**पश्चिम मध्य रेल, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'–निविदा सूचना, संख्या: EPS/55/2023)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाए आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तलिखित / डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण / विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| Sr No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1 | 81236168 | FLASHER LIGHT | 12 Nos. |
| 2 | 61231119A | T-Max Inserts Sandvik Part No. 175 32 30 | 1590 Nos. |
| 3 | 38233365 | ATL Twist Shaft (BLC) | 1940 Nos. |
| 4 | 38233004 | 1/2" (12.7 mm) Dia bull lock bolt pin | 103940Nos. |
| 5 | 60231301 | BEE 3 star & above rated Submersible pump motor | 25 Nos. |
| 6 | 81235754 | Manufacture and supply of Pre-stressed Mono block Concrete Sleeper | 6 Set. |
| 7 | 8123WCR TP-41 | Manufacture and Supply of Glass filled Nylon-66 Insulating Line | 75840 Set. |
| 8 | 8123WCR TP-39 | Manufacture and supply of GFN Liner 52 Kg | 139044Nos. |
| 9 | 80231038 | Inhibited Mineral Insulating Transformer Oil | 20430LTR |
| 10 | 20234082 | Set of kit | 48 Set |
| 11 | 20234157 | Master controlle | 22 Nos. |
| 12 | 80231064 | Engine Oil SAE | 7364LTR |
| 13 | 10231046B | FUEL INJECTION PUMP | 8 Nos. |
| 14 | 80231473 | RETAINER MEDIUM STRENGTH, LOCKLITE | 575 Nos. |
| 15 | 20224582H | Sibcos-M1300 Siemens | 2 Nos. |
| 16 | 34231139 | Supply of Paint chlorinated rubber based suitable | 15000LTR |
| 17 | 30231078 | PROCUREMENT OF COMPENSATING RING | 3213 Nos. |
| 18 | 30231365 | PROCUREMENT OF BULB TYPE SPLIT COTTER | 145368 Nos. |
| 19 | 81235301A | Manufacture and Supply of 1(One) Meter Long Fish Plate | 846 Pairs. |
| 20 | 38232217A | STD. HEX HEAD BOLT M24X70 LONG | 38651Nos. |
| 21 | 20234265A | High Capacity side Buffer assembly | 27 Nos. |
| 22 | 62221094L | BED SHEET MILL MADE WHITE BLEACHED | 72030Nos. |

उपरोक्त सभी निविदा क्र.सं. 1 से 22 तक नियत तिथि: 23.01.2024

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक / पमरे / जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कटनी, जिला कटनी म.प्र.**

ई-मेल- apmckatni@gmail.com दूरभाष नं.-07622-240063

कमांक / मण्डी / स्टोर / 2023-24 / 2017 कटनी, दिनांक 21.12.23

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को इच्छुक वाहन मालिक / ट्रेव्हल एजेन्सियों को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के कार्यालयीन / उडनदस्ता के कार्य एवं संभाग के अन्तर्गत जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, मण्डला, छिन्दवाडा, बालाघाट, सिवनी एवं डिण्डोरी जिले की मण्डी समितियों के निरीक्षण कार्य हेतु रू. 10.00 लाख (एक्सशोरूम प्राईज / बोलेरो) तक का वाहन मुख्यालय पर स्थानीय भ्रमण हेतु ( 1000 कि.मी. प्रतिमाह ) फिक्स्ड मासिक किराये पर एवं मुख्यालय के बाहर प्रति किलोमीटर की दर पर किराये पर लेने हेतु निविदायें दिनॉक 10/01/2024 को सांय 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 26/12/2023 से कार्यालयीलन समय में राशि रू. 200 /- नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदायें दिनॉक 12/01/2024 को दोपहर 12.00 बजे उपस्थित निविदाकार अथवा प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी । निविदा के साथ राशि रू. 25,000 /- की अमानत राशि का एफ.डी.आर. के रूप में जो कि सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति कटनी जिला कटनी म.प्र. के नाम से देय होगा, प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। शेष शर्तो की जानकारी कार्यालय समय में देखी पढी जा सकती है। वाहन का मॉडल 2021 से पुराना एवं कलेक्टर जिला कटनी के द्वारा जारी कलेक्टर दर से अधिक वाहन की मासिक किराया / ईधन व्यय दर स्वीकार्य नहीं किये जावेगें।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति कटनी
जिला - कटनी म.प्र.



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर(म.प्र.)**
**लोककर्म विभाग**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-576 28-12-2023 | संभाग क्र 14 अंतर्गत जय प्रकाश नरायण वार्ड में नेमा जी से जैन मंदिर के सामने तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 4 माह रू. 04.22 लाख | 2000/- 4200/- | 10/01/2024 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
संभाग क्र. 14
नगर निगम जबलपुर



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् सिवनी (म.प्र.)**

क्रमांक / 4634/न.पा.प./2023 सिवनी दिनांक:-26/12/2023

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | प्रस्तावित निर्माण कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2023_UAD _322252 | तिलक वार्ड मे यादव के मकान से पतिराम डहेरया के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 45 दिवस 287112 | 2000 2900 | 15.01.2024 |
| 2 | 2023_UAD _322254 | तिलक वार्ड में (1) लक्की सोनी के मकान से चौरसियाजी के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य (लागत राशि -144043 )(2) नरेन्द्र किराना स्टोर के सामने आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य (लागत राशि - 73020) | 45 दिवस 217063 | 2000 2200 | 15.01.2024 |
| 3 | 2023_UAD _322256 | पृथ्वीराज चौहान वार्ड में बेदी बाबू के मकान से राजेश कुल्हाडे के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य | 30 दिवस 106218 | 1000 2200 | 15.01.2024 |
| 4 | 2023_UAD _322257 | किदवई वार्ड में भूतेश्वर मंदिर से सुनील सोनी के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 60 दिवस 459704 | 2000 4600 | 15.01.2024 |
| 5 | 2023_UAD _322258 | किदवई वार्ड में (1) कृष्णा बाई मानाठाकुर के मकान से रोड तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य ( लागत राशि- 120480) (2) अम्बिका कॉलोनी में शर्मा इलेक्ट्रिक की दुकान के पास पुलिया निर्माण कार्य ( लागत राशि - 59447 ) | 45 दिवस 179927 | 2000 3600 | 15.01.2024 |
| 6 | 2023_UAD _322259 | शास्त्री वार्ड में कंचन विहार कॉलोनी में मनोज आवारी के मकान से चौहान जी के मकान तक सीसी रोड | 60 दिवस 692472 | 2000 7000 | 15.01.2024 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा,पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।
निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें देखने वेबसाईट पर देखें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सिवनी




## नेशनल डाटाबेस ऑफ आर्म लाइसेंस साइट के जरिए प्रक्रिया जल्द शुरू होगी

# हथियार लाइसेंस का आवेदन भी होगा ऑनलाइन

जबलपुर।

हथियार लाइसेंस के लिए आवेदन भी जल्द अब आनलाइन होगा। भारत सरकार की नेशनल डाटाबेस आफ आर्म लाइसेंस साइट के जरिए ही पूरी प्रक्रिया होगी जिससे हर प्रगति को मानीटर किया जा सकेगा। वहीं आवेदक को चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी,आनलाइन ही वह अपना स्टेटस देख सकेगा। आनलाइन आवेदन के साथ ही एक प्रति आफलाइन भी ली जाएगी जिससे रिकार्ड मेंटेन किया जा सके। ग्वालियर में जल्द इसको लेकर प्रक्रिया की जाएगी। वहीं यहां विधानसभा चुनाव के कारण इस बार हथियार लाइसेंस रिन्युअल का लोड इतना बढ़ गया है कि नए आवेदन लेना मुश्किल हो गया है। जिन्होंने चुनाव से पहले रिन्युअल के लिए आवेदन कर दिया था उन्हें कोई पेनाल्टी नहीं देना होगी। इसके अलावा नए आवेदनों की फाइलें कलेक्ट्रेट व एसपी आफिस में पेंडिंग पड़ीं हैं जिनका निराकरण होना है।



बता दें कि ग्वालियर चंबल अंचल की तरह अब प्रदेशभर में लोगों में हथियार का शौकबढ़ रहा है। यही कारण है कि लाइसेंसी हथियारों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। अब भोपाल में ही 12 महीनों नए लाइसेंस बनवाने के लिए कलेक्ट्रेट की आर्म शाखा में भीड़ रहती है। वर्तमान समय में हथियार लाइसेंस रिन्युअल के लिए लोग सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं। विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लग गई और नवंबर-दिसंबर में हर साल रिन्युअल की प्रक्रिया होती है तो इस बार आचार संहिता में दो माह का समय चला गया। दो माह का समय आचार संहिता में जाने के कारण रिन्युअल का काम ठप हो गया और चुनाव में स्टाफ लगा दिया गया। अब चुनाव खत्म होने के बाद रिन्युअल का लोड बढ़ गया और दो से तीन हजार आवेदन तो रिन्युअल के आ गए हैं जिनका काम जारी है। इसके अलावा इतने ही आवेदन अभी और हैं।

### नए आवेदनों की हो रही जांच

विधानसभा चुनाव से पहले नए आवेदनों की भीड़ लगी थी जो अभी भी लंबित है। कोई आवेदन एसपी स्तर पर है तो कोई एसडीएम स्तर पर है। इसके साथ ही ऐसे आवेदनों का ढेर है जिनकी पुलिस रिपोर्ट को छह माह से ज्यादा का समय हो चुका है। इन आवेदनों को दोबारा पुलिस रिपोर्ट के लिए भेजा जा रहा है।

### गृह विभाग के नए आदेश का भी होगा पालन

गृह विभाग का नया आदेश भी आ चुका है जिसमें लिखा है कि जो आवेदन गृह विभाग से आदेश होकर जारी हो चुके हैं अगर उनमें छह माह से ज्यादा का समय हो गया है तो पुलिस रिपोर्ट दोबारा ली जाएगी। इसके अलावा ऐसे आवेदन जिलों से न भेजे जाएं जिनकी पुलिस रिपोर्ट पुरानी हो चुकी है।



# शहर बर्फीली हवाओं की गिरफ्त में

**न्यूनतम तापमान 09 डिग्री पर स्थिर**

**जबलपुर**। जम्मू काश्मीर और हिमाचल में हो रही बर्फबारी का असर जबलपुर में महसूस किया जा रहा है। बर्फीली हवायें यहां कड़ाके की ठंड का अहसास करा रही हैं। तापमान में हर रोज गिरावट दर्ज हो रही है। आनेवाले दिनों में तापमान और नीचे आने की संभावना है। उत्तरी हवाओं ने समूचे शहर को अपनी गिरफ्त में ले रखा है। नये साल के पहले हफ्ते में पश्चिमी विक्षोभ बनने के असार दिखाई दे रहे हैं। जिससे बारिश की संभावना भी बनेगी। पिछले तीन दिनों से शहर बर्फीली हवाओं की गिरफ्त में है, जैसे-जैसे रात गहराती है। कोहरा भी पड़ने लगता है। ठण्ड की वजह से सड़कें जल्दी सूनी हो जाती हैं। मार्केट में व्यापारी प्रतिष्ठान बंद कर घरों को चले जाते हैं। ठंड की वजह से सुबह और शाम का व्यापार चल रहा है। शाम ढलने के बाद व्यापार भी ठप्प हो जाता है। शीतलहर की वजह से सुबह की पाली में स्कूल जाने वाले बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं सुरक्षा संस्थानों में काम करने वालों को भी कड़ाके की ठंड का सामना करते हुये फैक्ट्री जाना पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री पर रहा, जो सामान्य से 1 डिग्री कम था। हवा में नमी प्रातकाल 84 प्रतिशत और सायंकाल 56 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.51 बजे और सूर्यास्त शाम 5.34 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे कम 5.8 डिग्री तापमान आवरी (अशोकनगर) में दर्ज किया गया। उत्तरी हवायें 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है।

**2009 में आया था भारत**

# पोलीपाथर में पकड़ा गया बांग्लादेशी युवक

जबलपुर।



गौरीघाट पुलिस ने पोलीपाथर में छुपकर रह रहे बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया है। युवक से पूछताछ की जा रही है। युवक 2009 से यहां रह रहा था। आरोपी के मिलने के बाद पुलिस उस वक्त हतप्रभ रह गई, जब उसके पास जबलपुर से मिला पेनकार्ड और अधारकार्ड मिला। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बांग्लादेश के जासोर में रहने वाला युवक रपन विश्वास 2009 में भारत आया। इसके बाद वह 2012 में जबलपुर के पोलीपाथर क्षेत्र में मकान लेकर रहने लगाण जबलपुर में रहते हुए रपन विश्वास ने आधारकार्ड व पेन कार्ड तक बनवा लिया। करीब 11 साल से जबलपुर में रह रहे रपन विश्वास के बारे में क्षेत्र के लोगों तक कोई जानकारी नहीं थी। इस बीच जब पुलिस को रपन विश्वास के बारे में जानकारी लगी तो उक्त घर पर दबिश देकर रपन को हिरासत में ले लिया। पुलिस को पूछताछ में रपन ने बताया कि वह वीजा लेकर भारत आया था। इसके बाद वह कई शहरों में घूमा और 2012 में जबलपुर में रहने लगा।

सूत्रों की माने तो जबलपुर के विभिन्न क्षेत्रों में और भी बांग्लादेशी युवक लम्बे समय से रह रहे है, वे यहां पर कामकाज कर रहे है। यहां तक कि कुछ तो परिवार सहित रहने लगे है।



# महाकौशल एक्सप्रेस बदले मार्ग से चलेगी

**जबलपुर**। आगरा मंडल के पलवल- मथुरा खण्ड पर यार्ड रिमाडलिंग को पूरा करने के लिए मथुरा स्टेशन पर प्री नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटरलॉकिंग एवं पोस्ट नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते महाकौशल एक्सप्रेस और नंदा देवी सुपरफास्ट ट्रेन के निरस्त फेरों को बहाल कर दिया गया है।आगरा मंडल के पलवल-मथुरा खण्ड पर यार्ड रिमाडलिंग को पूरा करने के लिए मथुरा स्टेशन पर प्री नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटरलॉकिंग एवं पोस्ट नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते महाकौशल एक्सप्रेस और नंदा देवी सुपरफास्ट ट्रेन के निरस्त फेरों को बहाल कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 12189/12190 जबलपुर.हजरत निजामुद्दीन .जबलपुर महाकौशल एक्सप्रेस जबलपुर से 25 जनवरी से 4 फरवरी 2024 तक परिवर्तित मार्ग बांसापहाड़.मानिकपुर.प्रयागराज .गोविन्दपुरी जक्शन. टूण्डला .गाजियाबाद होकर हजरत निजामुद्दीन तक एवं हजरत निजामद्दीन से 26 जनवरी से 5 फरवरी 2024 तक परिवर्तित मार्ग गाजियाबाद. टूण्डला. गोविंदपुर जंक्शन.प्रयागराज. मानिकपुर. बांसापहाड़ से होकर गंतव्य को जाएगी।

# नई आबकारी नीति में बदलाव की संभावना

## अहातों को दोबारा शुरू करने के सुझाव नई नीति में

जबलपुर।

मध्य प्रदेश में नई आबकारी नीति तैयार करने की कवायद शुरू हो गई है। नई नीति में इस बार बड़े बदलाव की संभावना कम है, क्योंकि प्रदेश में इस बार भी भाजपा की सरकार बनी है। प्रदेश में अहातों के बंद करने के कारण आबकारी के राजस्व पर असर पड़ा है और कानून व्यवस्था की दृष्टि से भी शिकायतें बढ़ीं हैं।

नई नीति के लिए जो जिलों से सुझाव लिए गए हैं उनमें अहातों को दोबारा शुरू करने के सुझाव भी शामिल हैं, लेकिन इस पर अमल की संभावना न के बराबर ही है। अभी विभाग के मंत्री तय होना और शराब को लेकर नई सरकार का रूख भी सामने आना बाकी है। यही कारण है कि आबकारी विभाग फिलहाल अंदरूनी तौर पर तैयारी कर रहा है। फरवरी के आखिर में नई नीति जारी कर दी जाती है, क्योंकि मार्च में नए टेंडर होते हैं। अहाते बंद होने से प्रदेश में 10 से 20 प्रतिशत सेल में गिरावट आई है।



यहां बता दें कि पिछली बार भाजपा सरकार ने अहातों को बंद कर दिया था, जिससे शराब के सेवन को बढ़ावा न मिले, लेकिन कंपोजिट दुकानों के चलते देसी-विदेशी को एक साथ कर दिया गया, इससे शराब दुकानों की संख्या तो वही रही, लेकिन दुकानों का अनुपात बिगड़ गया।

### मंत्री तय होते ही तेज होगी प्रक्रिया

मध्य प्रदेश में नई सरकार का गठन हो चुका है और कैबिनेट मंत्री व अन्य मंत्रियों को भी शपथ दिलाई जा चुकी है। अब मंत्रियों को विभाग देना शेष है। आबकारी विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले मंत्री तय होते ही नई शराब नीति की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। जिलों के सुझावों को एकजुट कर प्रेजेंटेशन तैयार किया जाएगा।




**लूट से जुड़ा मामला**

# बहन व भांजे के हत्यारे को दोहरी उम्रकैद

**जबलपुर**। अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक सक्सेना की अदालत ने लूट के साथ बहन व भांजे की हत्या के आरोपित जबलपुर निवासी ऋतुराज सिंह का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दोहरी उम्रकैद की सजा सुना दी। साथ ही दो हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। जबकि सह अभियुक्त हेमंत सोनी को दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन की ओर से जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋतुराज सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आठ मार्च, 2016 को फरियादी दीप नारायण जीसीएफ में नौकरी करने सुबह साढ़े आठ बजे निकल गया था। पुत्री तनु स्कूल पढ़ने गई थी। 11 बजे लक्ष्मी भाभी ने फरियाद को सूचना दी कि आपके घर में कोई घटना हो गई है। लिहाजा, फरियादी शीघ्रता से घर पहुंचा। वहां देखा किि भीड़ जमा है। भीतर परकोटे में खून फैला था। बेडरूम में फर्श पर उसकी पत्नी बबीता और पलंब पर पुत्र का शव पड़ा था। दोनों के सिर पर गंभीर चोटें थीं। कमरे का पूरा सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी से मंगलसूत्र, सोने की चेन, कान के झुमके आदि गायब थे। इससे साफ हो गया कि लूट के दौरान हत्या की गई है। घमापुर पुलिस ने अपराध कायम किया। जांच के दौरान पड़ोसी मीरा व राखी जाटव ने बताया कि दो लड़के मोटर साइकिल पर आए थे। हुलिए के अनुसार आरोपित को पकड़ लिया गया। वह मृतका बबीता का मौसी का लड़का था। उसने रिश्तों को तार-तार कर लालच के वशीभूत अपनी बहन व भांजे की हत्या कर दी थी। प्रकरण को जघन्यम श्रेणी में रखकर मृत्युदंड की सजा की मांग की गई। अदातल ने दोहरे उम्रकैद की सजा सुनाई।



## हाई कोर्ट व जिला अदालत के समर वेकेशन एक साथ

**जबलपुर**। हाई कोर्ट की फुल कोर्ट मीटिंग में लिए गए निर्णय के अनुसार हाई कोर्ट व जिला अदालत के समर वेकेशन एक साथ होंगे। यह जानकारी एमपी स्टेट बार कौंसिल के वाइस चेयरमैन व जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में हाई कोर्ट व जिला अदालत के समर वेकेशन साथ-साथ ही होते थे। किंतु इस बार हाई कोर्ट द्वारा जारी कैलेंडर में दोनों जगह के अवकाश अलग-अलग समय में निर्धारित कर दिए गए थे। इसे लेकर आपत्ति जताते हुए मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ को पत्र भेजा गया था। जिसमें साफ किया गया था कि अधिकतर वकील हाई कोर्ट व जिला अदालत में पैरवी करते हैं। ऐसे में यदि एक साथ समर वेकेशन होगा तो छुट्टियों का आनंद लिया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश मलिमठ ने पत्र को गंभीरता से लेकर फुलकोर्ट मीटिंग के जरिए नया आदेश जारी कर दिया।

Advertorial

## जानकारी - (शोध) कहीं आपके पेट के चूर्ण में सनाय तो नहीं?

**कब्ज़ के रोगियों के लिए राहत भरी ख़बर**

**मुंबई:** सनाय एक उत्तेजक पदार्थ है जिसकी शरीर को आदत हो जाती है, जिसके कारण मलाशय को तकलीफ़ एवं कैंसर होने की सम्भावना होती है। इससे कब्ज की तकलीफ़ दीर्घकाल तक हो सकती है। पेट में गैस की समस्या को पेट में वायु बनना या गैस बनना आदि भी बोला जाता है। आजकल अस्वस्थ आहार और सुस्त जीवनशैली के कारण पेट में गैस की समस्या होना आम बात हो गई है। आयुर्वेद के अनुसार, पेट के जितने भी रोग हैं वे सभी शरीर के त्रिदोष के कारण होते हैं। इसलिए वात, पित्त, कफ दोषों को शांत करके पेट के रोग जैसे गैस की समस्या को ठीक किया जा सकता है। पेट में गैस होने पर अनेक तरह की बीमारियां होने की संभावना भी बन जाती है। जब खाना खाते हैं तब पाचनक्रिया के दौरान हाइड्रोजन, कार्बनडाई ऑक्साइड और मिथेन गैस निकलता है जो गैस या एसिडिटी होने का कारण बनता है। जब पाचन सही प्रकार से नहीं होता है तो पेट में बनने वाली अपान वायु तथा प्राण वायु बाहर नहीं निकल पाती है। गैस से होने वाले रोग से बचने के लिए आपको आयुर्वेदिक ख्याल स्वादिष्ट चूर्ण इस्तेमाल करना चाहिए। 21 जड़ी- बूटिओं जैसे - सफ़ेद जीरा, कृष्णा जीरा, अजवाइन, अजमोद, पीपली, सौंठ, लौंग, दालचीनी, धनिए, गजपीपली, कालीमिर्च, अनारदाना, इलाइची, पुदीना, हींग व सौंफ आदि से निर्मित ख्याल स्वादिष्ट चूर्ण पेट सम्बंधित समस्याओं में तुरंत राहत देता है एवं इसकी आदत भी नहीं पड़ती। खाने के बाद एक चम्मच सेवन करे और सभी रोगों से अपने को बचाएँ क्योंकि बुजुर्ग बोल गये हैं की सभी बीमारी की जड़ पेट ही है। और पेट से सम्बंधित किसी भी समस्या के लिए निःशुल्क नम्बर 9329618105, 9878877768 पर परामर्श कर सकते है।




SUPER STOCKIST- MAHAKAUSHAL DISTRIBUTOR- 9200002777, STOCKIST-GURUKRIPA AGENCY-7000129182, NAINA PHARMA-8770589259, PHARMA TRADERS, KATNI- 8889922866, SHEELA MEDICOSE, MANDLA-9981919013, VAINAV MEDICOSE, REWA 7000538746, K. LAL & SONS, SATNA-9425174301

**ख्याल स्वादिष्ट चूर्ण**

•गैस •अफरा •अपचन •बदहजमी

आम जनता के लिए .....

www.khayalhealth.com

Flipkart meesho TATA 1mg JioMart

और मेडिकल स्टोर्स पर भी उपलब्ध

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अंचित महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240